सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,041.45 |
| निफ्टी | 26,042.30 |
| सोना 1,37,914 | चांदी 2,32,100 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 28 दिसंबर 2025 | 13 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 1, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएनबी के साथ 2,434 करोड़ की लोन धोखाधड़ी

**एजेंसी, मुंबई।** नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के बाद अब दो फाइनेंस कंपनियों ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ लोन फ्रॉड किया है। पब्लिक सेक्टर बैंक ने बताया कि श्री ग्रुप की दो कंपनियों श्री इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड और श्री इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर्स ने उसके साथ 2,434 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। पीएनबी ने केंद्रीय रिजर्व बैंक को इसकी जानकारी दी है। शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में बैंक ने बताया कि सीआईआईएल के पूर्व प्रमोटर्स ने 1,240.94 करोड़ रुपए और एसआईएफएल ने 1,193.06 करोड़ रुपए का फ्रॉड किया है। (अनंत ज्ञान)

### जापान में टकराईं 50 से ज्यादा गाड़ियां

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान में बर्फीले मौसम के कारण बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, कोहरे के कारण इलाके में विजिबिलिटी कम थी, जिसके चलते दो ट्रक आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा ब्लॉक हो गया। पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फीली सड़क पर समय रहते ब्रेक नहीं लगा सकीं और देखते ही देखते 50 से ज्यादा गाड़ियां आपस में भिड़ गए। टक्कर के बाद गाड़ियों में आग लग गई। हादसा गुन्मा प्रान्त के मिनाकामी कस्बे में कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। इसमें 77 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए। (अनंत ज्ञान)

### खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ दोबारा मारपीट

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं। इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में हमला

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। यहां मशहूर रॉक सिंगर जेम्स (नागर बाउल) का कॉन्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे। आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कॉन्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- न डायरेक्टर सुनता है और न ही लेबर विभाग कुछ करता -पेज 2
- आईजीएमसी शिमला में इलाज के लिए भटकते रहे मरीज -पेज 3
- डॉक्टर हड़ताल पर; ओपीडी बंद और मरीज परेशान -पेज 6
- प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप: जयराम ठाकुर -पेज 9
- नाहन मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने जारी रखी सेवाएं, मरीजों को राहत -पेज 12

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ाईं

## डॉक्टरों की हड़ताल का दिखा असर, डॉ. निरुला के टर्मिनेशन आदेश रद्द करने पर अड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला के सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. राघव निरुला के टर्मिनेशन के विरोध में प्रदेशभर के रेजिडेंट डॉक्टर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है और मरीजों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई अस्पतालों में रूटीन सेवाएं प्रभावित हुई हैं, जबकि नियमित ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं। आईजीएमसी शिमला में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन (आरडीए) के बैनर तले डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया और न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी की।

संगठन का कहना है कि मारपीट के एक मामले में डॉ. राघव निरुला का पक्ष सुने बिना ही सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सेवा से हटा दिया गया, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। आरडीए के अध्यक्ष डॉ. सोहेल शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन मांग करती है कि डॉ. राघव की टर्मिनेशन तत्काल रद्द की जाए और अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाएं। हड़ताल के चलते आईजीएमसी सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि आपातकालीन सेवाएं जारी हैं और इमरजेंसी में ऑपरेशन किए जा रहे हैं। आईजीएमसी शिमला में कुछ असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं, जिससे आंशिक रूप से सेवाएं चल रही हैं। वहीं, रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल को हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन और स्टेट एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज टीचर्स का भी समर्थन मिल गया है। डॉक्टरों की मांग है कि आईजीएमसी परिसर में भीड़ द्वारा डराने-धमकाने और तथाकथित ट्रायल की गंभीर घटना के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।



आईजीएमसी शिमला में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे डॉक्टर्स।

**इलाज करवाने आए मरीज हुए परेशान**

### सरकार बोली-बाधित नहीं होनी चाहिए स्वास्थ्य सेवाएं

**रेजिडेंट** डॉक्टरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से राज्य सरकार ने मरीजों की देखभाल प्रभावित न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाए हैं। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) ने सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों के लिए कड़े मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी किए हैं। सरकार ने साफ कर दिया है कि हड़ताल के बावजूद जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी हालत में बाधित नहीं होंगी और लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएमईआर की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह 24 घंटे और सातों दिन जारी रहेंगी। इमरजेंसी में तैनात जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट और फैकल्टी सदस्य हर समय उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा ओपीडी सेवाएं भी नियमित रूप से चलेंगी और इनडोर मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी कड़ी कार्रवाई**

# केंद्र ने हिमाचल को दी 602 करोड़ रुपए की आपदा राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्र सरकार ने आपदा से उबरने और पुनर्वास कार्यों के लिए हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ रुपए की सहायता राशि जारी की है। यह राशि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए दिया गया है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया कि हिमाचल में 2023 की मानसून में आपदाओं बाढ़, बादल फटना और भूस्खलन से हुए नुकसान की भरपाई और पुनर्निर्माण के लिए केंद्रीय सहायता की पहली किस्त दी गई है।

केंद्र ने हिमाचल के लिए कुल 1504.80 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर कर रखी है। इसमें से अब 40% जारी किए गए हैं। आदेश में साफ किया गया है कि अगली किस्त तभी जारी होगी, जब राज्य सरकार पहले से मिली राशि का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग कर लेगी। इसके केंद्र सरकार को यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देने होंगे। गौरतलब है कि 2023 के मानसून में हिमाचल प्रदेश में भारी तबाही हुई थी, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान गई और अरबों रुपए का नुकसान हुआ था। इस साल फिर से ऐसी ही तबाही हुई है। पीएम मोदी ने खुद 9 सितंबर को हिमाचल आकर यह तबाही देखी। इसके बाद 1500 करोड़ रुपए के स्पेशल पैकेज की घोषणा की थी।

**75% खर्च करने पर ही मिलेगी दूसरी किस्त**

### आरबीआई को खाते में राशि डालने के निर्देश




**वित्त** मंत्रालय ने आरबीआई को यह पैसा तुरंत हिमाचल सरकार के खाते में जमा कराने को कहा है, ताकि आपदा प्रभावित इलाकों में सड़क, पुल, जलापूर्ति, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा सके।

# पूर्व आईएएस अमित प्रदेश जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण सदस्य नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश संवर्ग के सेवानिवृत्त एवं 2008 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अमित कश्यप को वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण में तकनीकी सदस्य (राज्य) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रपति की मंजूरी से की गई है। अमित कश्यप को हिमाचल प्रदेश के लिए गठित न्यायाधिकरण की शिमला पीठ में तैनात किया गया है, जहां वे वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित अपीलीय मामलों की सुनवाई में अहम भूमिका निभाएंगे। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति चार वर्षों की अवधि अथवा 67 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी और उन्हें दो लाख पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह निश्चित वेतन मिलेगा। जीएसटी अधिनियम के तहत देशभर में राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण और सभी राज्यों में इसकी राज्य पीठों का गठन किया गया है। इन न्यायाधिकरणों का उद्देश्य कर विवादों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना और कर प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ाना है। शिमला में राज्य पीठ के गठन से हिमाचल प्रदेश के करदाताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अमित कश्यप एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं, जिन्होंने दिसंबर 2023 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्ति ली। अपने लंबे प्रशासनिक करियर में उन्होंने राज्य में कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं।

**प्रशासनिक अनुभव और सेवा भावना के लिए जाने जाते हैं अमित कश्यप**

# न्यू ईयर से पहले हिमाचल में मौसम में बदलाव के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में साल के आखिरी दिनों से ठीक पहले मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। अगले कुछ दिन भले ही आसमान साफ रहे, लेकिन 30 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होते ही पहाड़ी इलाकों में सर्दी अपने पूरे तेवर दिखाने लगेगी। 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। लंबे समय से चला आ रहा सूखा दौर टूटने के संकेत दे रहा है, जिससे खेती-बाड़ी से लेकर पर्यटन तक को राहत की उम्मीद है। वहीं, प्रदेश के 17 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है। सुंदरनगर, भुंतर, सियोबाग और मनाली जैसे क्षेत्रों में पारा जमाव बिंदु के आसपास पहुंच गया है, जबकि कुकुमसेरी व ताबो में तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान में भी तेज गिरावट आई है और कुफरी जैसे पर्यटन स्थलों पर ठंड अचानक बढ़ी है। ठंडी हवाओं और गिरते पारे ने साफ संकेत दे दिए हैं कि हिमाचल में सर्दियों का असली दौर अब शुरू होने वाला है।

**31 दिसंबर से 2 जनवरी तक बर्फबारी व हल्की बारिश होने की उम्मीद**

# समान अवसर मिलने पर पुरुषों के बराबर प्रदर्शन करती हैं महिलाएं : राजनाथ सिंह

## हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर निभा रहीं जिम्मेदारियां

**एजेंसी, वलसाड**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं ने साबित कर दिया है कि जब उन्हें समान अवसर मिलता है, तो वे पुरुषों जितना अच्छा या उससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिम्मेदारियां निभा रही हैं। सेना में भी महिलाएं हर मोर्चे पर आगे रहकर देश की रक्षा कर रही हैं। यह बात उन्होंने गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुर में कही, जहां वह श्रीमद राजचंद्र सर्वमंगल महिला उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे थे। कहा कि जैन संत श्रीमद राजचंद्र की विरासत सदियों तक लोगों का मार्गदर्शन करती रहेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और आध्यात्मिक चिंतन का समय देने में मदद करेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'सेवा' की एला भट्ट और 'श्री महिला गृह उद्योग' की संस्थापक जसवंतीबेन पोपट ने समान अवसर मिलने पर पुरुषों की तरह या उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं ही पूरी तरह इस उत्कृष्टता केंद्र का संचालन करेंगी। यह महिला उद्यमिता को मजबूत करेगा। यह महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का उत्तम उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह परिसर महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहा है। यहां के उत्पाद जब वैश्विक बाजार में जाएंगे, तो यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रोत्साहित करेगा। रक्षामंत्री ने कहा कि श्रीमद् राजचंद्रजी ने मात्र 34 वर्ष की आयु में ही देह त्याग दी, लेकिन अपने अल्प जीवन में ही श्रीमद् राजचंद्रजी ने जो विरासत छोड़ी है, वह सदियों तक हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। (अनंत ज्ञान)



**सेना में भी बहादुरी से कर रही हैं देश की सेवा**

# इंडिगो संकट : जांच पैनल ने 22 दिन बाद सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने शुक्रवार शाम अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर को सौंप दी है। इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसंबर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। उधर, अंग्रेजी न्यूज पेपर हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवंबर में अपने 307 एयरबस-विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था। यह ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत जरूरी 3,684 पायलटों की संख्या से 891 ज्यादा थे। इससे पता चलता है कि क्रू की कमी नहीं, बल्कि शेड्यूलिंग (रोस्टर) में गड़बड़ी की वजह से ही फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। उधर, इंडिगो ने फ्लाइट कैंसिलेशन प्रभावित यात्रियों को 10,000 के ट्रैवल वाउचर जारी करना शुरू कर दिया है। ये वाउचर 12 महीने तक वैध रहेंगे, जो इंडिगो की किसी भी फ्लाइट में इस्तेमाल किए जा सकेंगे। दरअसल, दिसंबर महीने की शुरुआत में इंडिगो की 10 दिनों के भीतर 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई थीं, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंस गए थे। (अनंत ज्ञान)

**केंद्र सरकार ने अभी गोपनीय रखी रिपोर्ट**

**अन्य रिपोर्ट में रोस्टर में गड़बड़ी होने का दावा**

# कांग्रेस शुरू करेगी मनरेगा बचाओ आंदोलन

## कांग्रेस कार्यसमिति ने लिया फैसला, 5 जनवरी से शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मनरेगा समाप्त करने के विरोध में 5 जनवरी से मनरेगा बचाओ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की शनिवार को हुई बैठक में लिया गया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खड़गे ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं, बल्कि अधिकार-आधारित संरचना थी, जिसने देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार दिया। नई वीबी-जी राम जी योजना प्रत्यक्ष अधिकार ढांचे पर प्रहार है और यह राज्यों की संघीय संरचना पर भी आक्रमण है, क्योंकि केंद्र अब राज्यों से धन वापस खींच रहा है। इसका प्रभाव गरीब जनता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात करेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी अध्ययन या सलाह-मशविरा के इसे खत्म कर नया कानून थोप दिया, जैसा कि पहले तीन कृषि कानूनों के मामले में हुआ था। खड़गे ने कहा कि अब ठोस योजना बनाकर देशव्यापी जन आंदोलन खड़ा करना होगा। उन्होंने संगठन सृजन अभियान, आगामी चुनावों की तैयारियों और मतदाता सूची में गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्गों के नाम काटे जाने की आशंका पर भी चिंता जताई। खरगे ने कहा कि लोकतंत्र को ताकतवर बनाने के लिए कांग्रेस पूरी एकता से चुनाव लड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### खड़गे बोले- ईडी व सीबीआई का हो रहा दुरुपयोग



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग, नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं की छवि खराब करने की कोशिश और हाल में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की निंदा भी की। उल्लेखनीय है कि मनरेगा की जगह लाए गए 'विकसित भारतः रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक 2025 संसद के दोनों सदनों में पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब अधिनियम का रूप ले चुका है।

# अनंतनाग में दिखे लश्कर के दो आतंकी, एक पाकिस्तानी

**एजेंसी, अनंतनाग**

अनंतनाग के बाजार में लश्कर के दो आतंकियों का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद डेंगरपोरा और काजीबाग इलाके में सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से एक आतंकी कुलगाम के खेरवन का रहने वाला मो. लतीफ भट है। वीडियो में नजर आए दूसरे आतंकी के पाकिस्तानी कमांडर हंजुल्लाह होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

भारतीय सेना और कश्मीर पुलिस के जवान इलाके में दोनों की तलाश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि आतंकियों को पकड़ने में मदद मिल सके। पिछले दिनों उधमपुर में भी 2 आतंकियों के देखे जाने के बाद जम्मू से कश्मीर तक 80 गांवों में तलाशी ली गई थी। जवानों ने हर घर के दरवाजे खुलवाकर जांच की थी। (अनंत ज्ञान)

### लश्कर से नवंबर में जुड़ा था कुलगाम का लतीफ

**वीडियो** में नजर आया स्थानीय आतंकी मोहम्मद लतीफ कुलगाम के खेरवन का रहने वाला है। इसके बारे में यह दावा किया जा रहा है कि उसने नवंबर में लश्कर के शैडो संगठन कश्मीर रिवोल्यूशन आर्मी ज्वाइन किया था। सुरक्षा बल दोनों आतंकियों की तलाश में 30 घंटे से कर रहे हैं, हालांकि अभी तक उन्हें कोई सफलता नहीं मिली है। वहीं, आतंकियों ने भी अभी तक किसी भी घटना को अंजाम नहीं दिया है। इससे उनकी मौजूदगी का सुराग नहीं मिल पा रहा है। वीडियो 25 दिसंबर का बताया जा रहा है।

# टेक्सास में दो चोरों ने कार से बांधकर उखाड़ा एटीएम

**एजेंसी, टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास में क्रिसमस ईव की सुबह दो नकाबपोश चोरों ने एक कन्विनियंस स्टोर से एटीएम मशीन चुराने की कोशिश की। सुबह करीब साढ़े तीन बजे, दोनों संदिग्ध एक चोरी की हुई काली एसयूवी गाड़ी में 7-इलेवन स्टोर पहुंचे। एक संदिग्ध स्टोर का शीशा तोड़कर अंदर घुसा। उसने अंदर जाकर एटीएम पर मेटल केबल बांधा। चोर मेटल केबल बांधकर बाहर आता है और गाड़ी में बैठे अपने साथी से कार स्टार्ट करने को कहता है। जैसे ही गाड़ी तेजी से आगे बढ़ती है, एटीएम मशीन पूरी दुकान को चीरती हुई बाहर निकल आती है।

गाड़ी के तेजी से आगे बढ़ने के कारण एटीएम से केबल निकल जाती है। चोर फिर से केबल एटीएम से बांधता है और खींचने की कोशिश करता है, लेकिन इसबार एटीएम दूसरी गाड़ी में फंस जाती है। इसके कारण चोर एटीएम नहीं ले जा पाते हैं, जिसे पुलिस ने बाद में बरामद कर लिया। चोरों की गाड़ी भी स्टोर से कुछ दूर लावारिस हालत में मिली। पुलिस का मानना है कि संदिग्ध पैदल ही भाग गए होंगे या किसी अन्य वाहन में बैठकर उसे छोड़कर चले गए होंगे। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन स्टोर को भारी नुकसान पहुंचा। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** सीएम के हाईकमान से निर्णायक बातचीत के संकेत, सत्ता और संगठन में बेहतर तालमेल बनाने की कोशिश

# दिल्ली में सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद हिमाचल की सियासत में हलचल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** दिल्ली के इंदिरा भवन में संपन्न हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक ने न सिर्फ पार्टी की राष्ट्रीय रणनीति को दिशा दी, बल्कि हिमाचल प्रदेश की संगठनात्मक राजनीति में भी नई सरगर्मियों को जन्म दे दिया है।

इस अहम बैठक में शामिल होकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को लेकर यह माना जा रहा है कि अब उनकी अगली भूमिका राज्य संगठन से जुड़े बड़े फैसलों में निर्णायक हो सकती है। सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बनाने की कोशिशें तेज होती दिख रही हैं, जिनका असर जल्द प्रदेश कांग्रेस में नजर आ सकता है। जानकारी के अनुसार दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों, खासकर ग्रामीण रोजगार और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की, जबकि सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी ने इस मंथन को और भी अहम बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने संकेत दिए कि आने वाले समय में जनहित से जुड़े सवालों पर संघर्ष और तेज किया जाएगा।



दिल्ली के इंदिरा भवन में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में भाग लेते सीएम सुक्खू।

### जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर चर्चा होने की संभावना

**सूत्र** बताते हैं कि इस दौरान हिमाचल प्रदेश में जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति पर गहन चर्चा हो सकती है। इस बार नियुक्तियों में प्रदर्शन, सामाजिक संतुलन और संगठन के प्रति निष्ठा जैसे मानकों को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे गुटबाजी से ऊपर उठकर एक मजबूत ढांचा खड़ा किया जा सके।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने मनरेगा से जुड़े बदलावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे गरीबों और ग्रामीण तबकों के रोजगार के अधिकार पर सीधा असर पड़ा है।

### प्रदेश कांग्रेस को नई दिशा मिलने की उम्मीद

**दिल्ली** की इस बैठक को हिमाचल कांग्रेस के लिए एक नए सियासी मोड़ के तौर पर देखा जा रहा है। संगठन में लंबे समय से चली आ रही सुस्ती के बीच अब यह उम्मीद की जा रही है कि हाईकमान और प्रदेश नेतृत्व मिलकर ऐसा रास्ता निकालेंगे, जिससे पार्टी जमीन पर मजबूत हो और जनता से उसका सीधा रिश्ता और गहरा हो सके।

उनके इस बयान को पार्टी के भीतर गंभीरता से लिया गया है और माना जा रहा है कि कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी में है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसंबर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**30 से ज्यादा जिलों में टारगेट बनाए जा रहे**

# हमीरपुर में डॉक्टरों की हड़ताल बेअसर

## मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने सिर्फ एक घंटा की गेट मीटिंग, फिर सुचारु रही सेवाएं

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। आईजीएमसी शिमला में हुए मरीज और डॉक्टर के विवाद के बाद राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में शनिवार को साधारणता मरीजों को ज्यादा परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। दिनभर डॉक्टर्स ओपीडी में बैठे। सुबह के समय उन्होंने करीब 1 घंटे तक गेट मीटिंग की और शिमला में डॉक्टर एवं मरीज के दरमियान हुए घटनाक्रम के समर्थन में खुलकर आने का भी आह्वान किया। इस मौके पर कॉलेज के ज्यादा डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया।

उसके बाद डॉक्टर्स सीधे ओपीडी में गए और वहां पहले से मौजूद मरीजों को उन्होंने देखना शुरू किया। हालांकि शनिवार को सामान्य दिनों के मुकाबले में कम भीड़ थी, लेकिन फिर भी मरीजों के लिए राहत भरी बात यह रही कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में हड़ताल का ज्यादा असर नहीं हुआ। अब डॉक्टर्स सोमवार से मुकम्मल तौर पर हड़ताल पर जाएंगे या फिर कोई हल निकल पाएगा? वह फिलहाल शिमला से डॉक्टर एसोसिएशन के नए निर्देशों की इंतजार में हैं।



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ओपीडी के बाहर खड़े मरीज।

### थोड़ी देर के लिए ओपीडी से दूर रहे डॉक्टर : रजित



'रेजिडेंट डॉक्टर्स संगठन के हमीरपुर के अध्यक्ष रजित कुमार का कहना था कि सुबह गेट मीटिंग की थी और उसे समय थोड़ी देर के लिए डॉक्टर ओपीडी से दूर रहे, लेकिन उसके तुरंत बाद हुए सभी अपनी अपनी ड्यूटी पर पहुंच गए। उनका कहना था कि मरीज उनके लिए सर्वोपरि हैं और मरीज का इलाज किसी भी सूरत में प्रभावित न हो, इसके लिए वह हमेशा से ही प्रयासरत रहे हैं। आज भी उन्होंने इस नीति पर काम किया। उनका यह भी कहना था कि अब क्योंकि कल रविवार है और सोमवार से क्या मुकम्मल तौर पर हड़ताल पर सभी डॉक्टर चले जाएंगे? इस बारे राज्य संगठन के नए निर्देशों का इंतजार रहेगा।

### आपातकालीन सेवाओं में मरीजों का हुआ उपचार

अनंत ज्ञान टीम, हमीरपुर। आईजीएमसी शिमला में घटना के बाद जहां प्रदेश भर में डॉक्टर आपातकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते मरीज को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने एक घंटे गेट की मीटिंग की उसके बाद मरीजों का उपचार किया। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डॉक्टर सोमवार से हड़ताल करेंगे। इस घटना का असर हमीरपुर जिला के सिविल अस्पतालों के साथ-साथ उपमंडल के अस्पतालों में भी आ रहा है। मरीज अस्पताल में उपचार करवाने के लिए आ रहे हैं, लेकिन उन्हें आपातकालीन में ही देखा जा रहा है। सिविल अस्पताल बड़सर, भोरंज, सुजानपुर और नादौन में आपातकालीन में पहुंच रहे मरीजों को चिकित्सा सुविधा मिल रही है। इमरजेंसी में डॉक्टर मरीजों की रूटीन चेकिंग मरहम पट्टी के साथ एक्स-रे लैबटेस्ट रूटीन की तरह हो रहे हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण शिविर आरंभ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी राज कुमार पटियाल की अध्यक्षता में राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला भोरंज में प्राथमिक अध्यापकों के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पटियाल ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले अध्यापकों को सम्मानित करते हुए शिविर का उद्घाटन किया। यह प्रशिक्षण शिविर डाइट हमीरपुर तथा खंड स्त्रोत अधिकारी-सह-खंड प्राथमिक शिक्षक अधिकारी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्राथमिक अध्यापकों को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के शिक्षण से संबंधित नवीन गतिविधियों, रचनात्मक क्रियाकलापों और आधुनिक अध्यापन शैलियों की जानकारी दी जाएगी, ताकि प्रारंभिक कक्षाओं की शिक्षण गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस शिविर का संचालन डाइट हमीरपुर द्वारा प्रशिक्षित अध्यापक रजनीश, विजय कुमार, नरेश, जीवन कुमार व प्रीतमा द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण में बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं अध्यापक उपस्थित रहे।

## जाहू में खुली कांगड़ा सहकारी बैंक की नई शाखा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यापारिक कस्बे जाहू में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की नई शाखा का उद्घाटन विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को किया। उन्होंने कहा कि शाखा खुलने से स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाओं का बेहतर विकल्प और सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन अवसर पर कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, निदेशक मंडल के सदस्य रोशन लाल शर्मा, भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चमन लाल शर्मा काकू, खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस नई शाखा से क्षेत्र में वित्तीय सेवाओं और कृषि संबंधी सहायता को बढ़ावा मिलेगा।

## युवाओं से संकल्प लेने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम भोरंज शशिमाल माचिचदीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने स्वयंसेवियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि युवा समाज में जागरूकता फैलाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। नशा तभी बढ़ता है जब समाज और युवा इसके विरुद्ध आवाज नहीं उठाते। यदि युवा संगठित होकर नशे के खिलाफ खड़े हों तो इसका उन्मूलन संभव है। उन्होंने युवाओं से संकल्प लेने, लक्ष्य पर केंद्रित रहने और निराशा से दूर रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने छात्रों को अनुशासन व सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। शिविर की थीम 'मेरे भारत के लिए युवा' रखी गई है, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक व जागरूकता गतिविधियां होंगी।

## समीरपुर स्कूल के होनहार किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समीरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य बलराज सिंह जसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष राम चंद पठानिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य राकेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं देशभक्ति गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन व मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में शैक्षणिक, खेलकूद व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया शहीदी दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दसवीं पातशाही गुरु गोविंद सिंह में शनिवार को कलगीधर पातशाह गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का शहीदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साहिबजादा बाबा अजीत सिंह, साहिबजादा बाबा जुझार सिंह, साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और साहिबजादा बाबा फतेह सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह ने बताया कि साहिबजादे ऐसे वीर थे जिन्होंने छोटी उम्र में ही धर्म की पूर्णता के लिए खुद को कुर्बान किया। इस अवसर पर प्रातः सुखमणि साहिब का पाठ किया गया, उसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ जिसमें जालंधर-सोलापुर के रागी भूपिंदर सिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। साहिबजादा दिवस पर गुरु के अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगतों ने हिस्सा लिया, माथा टेका और लंगर ग्रहण किया।

## टौणी देवी में पाक-कौशल का शानदार प्रदर्शन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में भारत सरकार की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत क्लस्टर स्तर की कुकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयों में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर और विविधता बढ़ाना तथा स्कूलकुक और हेल्पर्स के पाक-कौशल, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में क्लस्टर की 12 पाठशालाओं के कुक एवं हेल्पर्स ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्थानीय ताज़ी एवं पौष्टिक सामग्री से संतुलित, स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार किए, जिनमें दाल, हरी सब्जियां, मोटे अनाज और पारंपरिक पकवान शामिल थे। व्यंजनों का मूल्यांकन स्वाद, पोषण, स्वच्छता, प्रस्तुति और नवाचार के आधार पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने की और परिषद अध्यक्ष बबली देवी उपस्थित रहीं।

## न्यू ईयर कार्ड मेकिंग स्पर्धा में अनाया फर्स्ट

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली में नववर्ष के अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए न्यू ईयर ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग और कैंडल डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति, कलात्मक अभिव्यक्ति और सृजनात्मक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। न्यू ईयर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा थर्ड से अनाया सेठी ने पहला और दर्श ठाकुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से अयान चौधरी और श्रीनिका, कक्षा पांचवीं से आर्वी और आश्वी धीमान, कक्षा छठी से यशवी शर्मा और रिद्धि, कक्षा सातवीं से श्रुति और अभिनंदन सोनी ने शीर्ष स्थान अर्जित किए। कैंडल डेकोरेशन में तन्मय और शानवी (छठी), आदित्य ठाकुर और नंदिनी (सातवीं), काशवी, अनंत और जाह्नवी (आठवीं) ने पुरस्कार प्राप्त किए। स्कूल प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां प्रतिभा, आत्मविश्वास और सौंदर्यबोध को निखारती हैं।

## अंकित बने सोशल मीडिया के सह संयोजक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले अंकित चंदेल को भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश का सोशल मीडिया सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। अंकित चंदेल इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आरलेकर के मीडिया असिस्टेंट रह चुके हैं और लंबे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे तन-मन-धन से निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## यशवीर जम्वाल व रमेश शर्मा को मिली जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने हमीरपुर जिला शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक पद की जिम्मेदारी यशवीर जम्वाल और सह-संयोजक पद की जिम्मेदारी राजेश कंवर को सौंपी है। नाल्टी क्षेत्र से रमेश शर्मा को पंचायत राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। यशवीर जम्वाल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे शिक्षक वर्ग को पार्टी की विचारधारा से जोड़ते हुए अपनी जिम्मेदारी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उनका परिवार भी भाजपा से जुड़ा रहा है, और उनके पिता ने शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्ति के बाद ग्राम पंचायत धनेड़ में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शेर सिंह जिला संयोजक, मलकीयत सह संयोजक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा द्वारा जिला हमीरपुर का पर्यटन प्रकोष्ठ बनाया गया है। जिसमें शेर सिंह ठाकुर को जिला संयोजक व मलकीयत पठानिया को सह संयोजक नियुक्त किया है। इन दोनों की नियुक्ति से संगठन को मजबूती और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। शेर सिंह ठाकुर काफी समय से पार्टी और सामाजिक कार्यों से जुड़े हुये हैं। मलकीयत पठानिया ने 39 वर्षों से पर्यटन निगम में सेवाऐं देकर प्रबंधक के पद से रिटायर हुए हैं। इस के साथ वह पर्यटन निगम में भारतीय मजदूर संघ से संबंधित यूनियन में 5 बार प्रधान व अन्य पदों पर रहे। इस समय पठानिया सामाजिक कार्यों व विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड हमीरपुर में धर्म प्रचार प्रमुख हैं। पठानिया ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इस नियुक्ति के लिए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रो प्रेम कुमार धूमल, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चमन कपूर का धन्यवाद किया है।

## नादौन टिल्लू जंगल में हिरण की हत्या सींग ले गए शिकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के पास स्थित टिल्लू जंगल में अवैध तस्करों ने एक हिरण को मारकर उसके सींग ले लिए। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैला है। ग्राम सुधार सभा टिल्लू, वन अधिकार समिति और महिला मंडल टिल्लू ने पहले भी विभाग को अवैध शिकार की चेतावनी दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय निवासी दिनेश परमार, मनजीत परमार, सुरती सिंह, मीना देवी और वार्ड सदस्य यशु परमार ने प्रशासन से तस्करों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमित गश्त और निगरानी लागू करने की भी बात कही और चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

जिला वन अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि हिरण की मौत लगभग 20 दिन पहले हुई प्रतीत होती है और मामला पुलिस को शिकायत के माध्यम से सौंपा गया है।

# न डायरेक्टर सुनता, न लेबर विभाग कुछ करता

## एंबुलेंस पायलटों को नहीं मिल रहा 17,640 न्यूनतम वेतन : कश्मीर सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

सीटू के पैनर तले अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे प्रदेश भर के एंबुलेंस ड्राइवरों ने शनिवार को यहां प्रदर्शन किया। गांधी चौक पर रैली भी की और प्रदेश सरकार की नजरअंदाजी को लेकर उसकी खूब आलोचना की। सीटू नेता डॉ कश्मीर सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार की जमकर बखिया उधेड़ी। उनका कहना था कि 8 घंटे की ड्यूटी में 17640 रुपए का न्यूनतम वेतनमान भी इन ड्राइवरों को नहीं दिया जा रहा है जो 100 की स्पीड से एंबुलेंस को चलाकर मरीजों की जान बचाने में 'पायलट' की भूमिका में रहते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ना ही तो विभाग का डायरेक्टर और ना ही लेबर डिपार्मेंट कोई एक्शन लेता है, उनकी सुनता है। हाई स्किल इन वर्कर्स का कोई खैरख्वाह नहीं है। अपनी जान जोखिम में डालकर यह लोग हमेशा मरीजों की सेवा में दिन-रात लगे हुए हैं। मगर सरकार की करनी और कथनी से यह लोग बेहद नाराज हैं। सरकार सुनने को तैयार नहीं है। कारण यह है कि जिस कंपनी के थ्रू इन्हें वेतन मिलता है, वह न्यूनतम भी नहीं है। यही उनकी असल समस्या है।




गांधी चौक हमीरपुर में प्रदर्शन करते हुए एंबुलेंस ड्राइवर्स।

उन्होंने मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री पर भी कई तरह के तंज कैसे और कहा कि उन्हें कुछ याद ही नहीं रहता। जब स्वास्थ्य मंत्री का खुद का स्वास्थ्य ही खराब हो, तो फिर विभाग की हालत कैसे सुधरेगी। प्रदेश की जनता के लिए यह सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्रों को इकट्ठा करके चिटटा-चिट्टा बोलकर क्या होगा इसका तो समय पर ही पता चलेगा। इसके अलावा भी लोगों की समस्याएं हैं और जिन वर्गों के साथ शोषण हो रहा है, उन पर सरकार मौन बैठी हुई है। उसका मौन व्रत कब टूटेगा? कोई पता नहीं। डॉक्टर कश्मीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ऐसे सीएम साबित हो रहे हैं, जो शोषण को लेकर जुबान बंद किए हुए हैं। उन्होंने साफ कहा कि एंबुलेंस ड्राइवर अपने हकों लेकर ही अब दम लेंगे और किसी भी सूरत में पीछे हटने वाले नहीं है। उनका संगठन इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और अपने हकों की लड़ाई के लिए अब जो भी, हो हो कर रहेगा।

# सुमन चुनीं हेल्पिंग उज्ज्वल फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष

## प्रदेश स्तर पर ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार व सहायता प्रदान करेगी फाउंडेशन

अनंत ज्ञान, भोरंज

गत दिवस हेल्पिंग उज्ज्वल फाउंडेशन ट्रस्ट हरिद्वार, उत्तराखंड के हिमाचल प्रांत चुनाव जाहू में संपन्न हुए, जिसमें भोरंज की समाजसेवी सुमन ठाकुर को निर्विरोध फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। सुमन ठाकुर उपमंडल भोरंज के सुधरियांण कस्बे से संबंधित हैं और लंबे समय से सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज सेवा में अपनी खासी पहचान बना चुकी हैं।

निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुमन ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि फाउंडेशन राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत है और इसका मुख्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है। यह फाउंडेशन असहाय लोगों को रोजगार, ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर और गरीब बेटियों की पढ़ाई व शादी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। अब फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश में भी ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। सुमन ठाकुर के पिछले उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल कुमार ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।



सुमन ठाकुर को हेल्पिंग उज्ज्वल फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने के बाद उपस्थित महिलाओं ने बधाई दी।

उनके नेतृत्व में अब तक लगभग 50 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को घर की हल्दी, बेसन, आचार, घी, सिलाई-बुनाई और स्वच्छ बल्ब निर्माण जैसी गतिविधियों में संलग्न किया गया है। सुमन ठाकुर प्रदेश स्तर पर विभिन्न जिलों में किशोरियों और महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर जागरूक करने का कार्य भी कर रही हैं। उन्होंने कहा

### सुमन ठाकुर ने मिशन की सफलता में सहभागिता का महत्व बताया

कि कोई भी मिशन बिना सहभागिता के सफल नहीं होता और ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार अपनाकर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उपमंडल भोरंज के जाहू में सम्पन्न चुनाव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 100 महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने फाउंडेशन व सुमन ठाकुर का आभार प्रकट किया।

## कनेरड़ स्कूल के विकास के लिए 5.5 लाख स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय कनेरड़ के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। विधायक का विद्यालय में गरमजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती को नमन और दीप प्रज्वलित कर हुई। विद्यालय प्रशासन ने विधायक को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्या और हेडमास्टर ने लंबित मांग—एक नया कमरा और सुरक्षा दीवार—के बारे में जानकारी दी। विधायक ने बताया कि इन कार्यों के लिए कुल 5.5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें 2.5 लाख रुपये कमरे हेतु और 3 लाख रुपये सुरक्षा दीवार हेतु हैं। उन्होंने बच्चों को 11,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि और वार्षिक पुरस्कार वितरित किए।

## मोदी सरकार ने सदा रखा हिमाचल के हितों का ध्यानः अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के लिए 601.92 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता, आपदा के बाद राहत एवं पुनर्निर्माण के लिए मंजूर किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट किया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदा ही हिमाचल को अपना दूसरा घर माना है और हिमाचल के हितों का विशेष ध्यान रखा है। केंद्र की मोदी सरकार ने फिर एक बार संवेदनशीलता दिखाते हुए आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत देवभूमि हिमाचल को 601.92 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने का अभिनंदनीय कार्य किया है। प्राकृतिक आपदाओं बाढ़, बादल फटने व भूस्खलन से हुए नुकसान की भरपाई और पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल की यह सहायता देवभूमि के जख्मों पर मरहम समान है। हिमाचल प्रदेश की इस बड़ी सहायता व सहृदयता के लिए में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार प्रकट करता हूं।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर हुआ अंतिम संस्कार

अनंत ज्ञान, भोरंज

ग्राम पंचायत चंबोह के चूहाग गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जिस पर गुस्साए मायका पक्ष के लोगों ने पहले मेडिकल कॉलेज गेट पर उसके बाद हथली खडड पुल पर चक्का जाम किया था जिसे पुलिस की मदद से खुलवाया गया। मृतका के मायके पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच तथा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े हुए थे, वहीं ससुराल पक्ष की ओर से कोई शव को लेने नहीं आया। शुक्रवार देर शाम तक प्रशासन और पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने के बाद तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर मायका पक्ष के लोग शव को लेकर देर रात चूहाग गांव पहुंचे। इस दौरान मृतका के मायके पक्ष के लोग भी साथ मौजूद रहे। गांव पहुंचने पर मृतका के सास, ससुर और देवर मौके से फरार थे जिससे मायके पक्ष में भारी रोष देखने को मिला। स्थिति तनावपूर्ण होने की आशंका को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएसपी लालमन की अगुवाई में पुलिस प्रशासन रात से ही गांव में तैनात रहा। पुलिस बल द्वारा पूरे क्षेत्र पर नजर रखी गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।




रात भर गांव में तैनात रही पुलिस, पुलिस की निगरानी में हुआ अंतिम संस्कार।

पुलिस प्रशासन की निगरानी में शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया, जहां विधि-विधान से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतका की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव में माहौल तनावपूर्ण जरूर है, लेकिन स्थिति पूरी तरह शांत और नियंत्रण में बनी हुई है।

# चौगान में अवैध फड़ीवालों का सामान किया जब्त, जुर्माना देने के बाद मिलेगा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

नगर परिषद सुजानपुर ने ऐतिहासिक चौगान में अवैध रूप से लगाई जा रही फड़ियों का सामान जब्त कर लिया है। दुकानदारों को पहले भी बार-बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन उनका उल्लंघन लगातार जारी रहा। चौगान में बिना अनुमति फड़ी सजाने से स्थानीय दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा था और चौगान की सुंदरता भी बिगड़ रही थी।

महाराजा संसार चंद की नगरी सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान की लाइट और सफाई व्यवस्था पर प्रशासन ने लाखों रुपए खर्च किए हैं। इसके बावजूद दुकानदारों ने नियमों की अवहेलना करते हुए छुट्टी के दिनों में भी फड़ी लगा दी।

शनिवार को सेंट्री इंस्पेक्टर आर्यन मिन्हास ने नगर परिषद की टीम के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध फड़ी का सामान जब्त किया। उन्होंने बताया कि दुकानदार को चेतावनी देने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ। अब जब्त किया गया सामान केवल जुर्माना भरने के बाद ही लौटाया जाएगा। इस कदम से चौगान की सुरक्षा और ऐतिहासिक सौंदर्य बनाए रखने की दिशा में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।



## हमीरपुर शहर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 28 दिसंबर को लाइनों और ट्रांसफार्मरों की आवश्यक मरम्मत के चलते उपायुक्त कार्यालय, गांधी चौक, वार्ड नंबर-2, वार्ड नंबर-7 और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## अणु व हीरानगर में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 28 दिसंबर को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते अणु और हीरानगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर कुछ घंटों के लिए बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि डिग्री कालेज परिसर और इसके आस-पास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जबकि, हीरानगर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पावर कट रहेगा।

## रंगस मार्केट में आज बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, रंगस।** 11केवी रैल फीडर पोलस खड़े करने के कार्य के चलते विद्युत उपमंडल रंगस के तहत आने वाले कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति 28 दिसंबर को बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए एसडीओ संदीप सांगल ने बताया कि इस दिन रंगस मार्केट, दाहल, हार, रैल, डब्बर, लच्छरुहीं, गरयाली, टिकरु, सपड़ोह, लाहड़, घनियारा व मनसोली आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक बाधित रहेगी। सांगल ने बताया कि अगर इस दिन मौसम खराब रहा, तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बाइक और कार में भीषण टक्कर, एक घायल

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के धनेटा नादौन सड़क पर ग्वालपत्थर के पास बाइक और सेंट्रो कार के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार रिशव कुमार (गांव बेला, नादौन) गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे धनेटा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के लिए रैफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना उस मोड़ के पास हुई जहां सड़क के किनारे वाहन अक्सर खड़े रहते हैं और दूसरी ओर सब्जी की दुकान होने के कारण हादसे आम हो गए हैं। कुछ दिन पहले भी इसी जगह दो अल्टो गाड़ियों की टक्कर हुई थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस स्थान पर विशेष सावधानी बरतने की मांग की।

## बाल मेले में कन्या विद्यालय नादौन का परचम

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला स्तरीय बाल मेले की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। समूह नृत्य में नवमी कक्षा की जीविका शर्मा, इनाक्षी, नव्या, वंशिका, स्वीटी और प्रीति कौंडल ने मनमोहक पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर की एकल गान प्रतियोगिता में शिवांगी मेहरा और शनाया ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि एकांकी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ ने विजेता छात्राओं का जोरदार स्वागत किया।

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोह मन

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशाला हथोल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कैप्टन पिरथी चंद ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें अभिभावकों और अतिथियों ने सराहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज कुमार बंसल ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और मुख्य अतिथि व विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बच्चों को शिक्षा, डिजिटल ज्ञान के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में वार्षिक समारोह दीप प्रज्वलन के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा शर्मा ने शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा, डिजिटल ज्ञान और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सामाजिक संदेश के साथ सभी का मन मोह लिया। प्रबंध निदेशक, अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह की सफलता पर खुशी जताई।

## राजेश बने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के पहचान विशेष स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार, दैनिक जीवन कौशल और थेरेपी से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विद्यालय और अभिभावकों के सहयोग को और मजबूत करने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। डॉ. राजेश भारद्वाज को अध्यक्ष, शिवानी ठाकुर को सचिव तथा सुशील कुमार, कंचन कुमारी, प्रवीण कुमारी, प्रवीण वर्मा और संदीप ठाकुर को सदस्य बनाया गया। अध्यापकों में रवि कुमार और मंजु कपूर को भी समिति में शामिल किया गया। समिति का उद्देश्य विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक, चिकित्सकीय और सहायक गतिविधियों में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। संस्था की अध्यक्षा चेतना शर्मा ने बताया कि यह पहली बार विशेष स्कूल में गठित एसएमसी है, जिसका लक्ष्य बच्चों और स्कूल के समग्र विकास में योगदान देना है।

## वार्षिक समारोह में पधारने का दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक सुजानपुर राजेंद्र राणा पंजाब के मुकेरियां होशियारपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम हिम मित्र मंडल और डोगरा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें इलाके के हजारों लोगों ने भाग लिया। राजेंद्र राणा ने हिमाचली संस्कृति, लोक परंपराओं और धरोहर के संरक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुकेरियां में 30 हजार से अधिक हिमाचली मूल के लोग निवास करते हैं, जिनके पूर्वजों ने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में योगदान दिया। उन्होंने समाजसेवी कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए 21,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की और आगामी 15 जनवरी को सुजानपुर में आयोजित सेना दिवस व वार्षिक समारोह में पधारने का निमंत्रण दिया।

## बड़सर में ओवरहेड टैंक बनकर भी बेकार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहड़र के अंबोहा उपरला और अम्बोहा निचला गांवों में पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए अक्टूबर 2023 में ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया। लेकिन दो साल बीतने के बावजूद टैंक में पानी का कोई कनेक्शन नहीं दिया गया, जिससे यह जनता के लिए बेकार साबित हो गया है। कांग्रेस नेता और जिला महासचिव पवन कालिया ने जल शक्ति विभाग की उदासीनता और लापरवाही पर कड़ा सवाल उठाया। गांववासियों ने कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दर्ज करवाईं, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जल शक्ति विभाग के एसडीओ नवीन कुमार ने कहा कि बोरवेल से पानी की सप्लाई होनी थी, लेकिन लोगों ने डायरेक्ट कनेक्शन ले रखे हैं, इसलिए टैंक में पानी नहीं जाता। विभाग ने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो गांववासियों ने आंदोलनात्मक कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चायल कोटी कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू



डिग्री कॉलेज चायल कोटी में एनएसएस के विशेष शिविर में उपस्थित प्राचार्या एवं स्वयंसेवक।

**आत्मा सिंह अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें 25 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। प्राचार्या ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें समाज सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति से जोड़ता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशील मेहता ने बताया कि इस वर्ष टिप्पर गांव को गोद लिया गया है, जहां स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान, श्रमदान, योग, जागरूकता कार्यक्रम और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियां संचालित करेंगे। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भावना को मजबूत करना है।

### डॉ. अर्चना मजूमदार ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार ने शनिवार को लोक भवन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महिलाओं के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा तथा सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। राज्यपाल ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस दिशा में राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### मनरेगा से छेड़छाड़ पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन जल्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के नाम और स्वरूप से छेड़छाड़ कर उसके मूल उद्देश्य को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ नाम बदलने का मुद्दा नहीं, बल्कि ग्रामीण रोजगार, मजदूरों के अधिकार और संविधान में निहित सामाजिक न्याय की भावना पर सीधा हमला है। विनय कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इस विषय पर गंभीर चिंता जताई गई। उन्होंने घोषणा की कि हिमाचल प्रदेश में इस फैसले के खिलाफ संगठनात्मक, जनआंदोलनात्मक और वैधानिक स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता हर पंचायत में जाकर कानून की खामियों को उजागर करेंगे और मनरेगा की उपलब्धियों की जानकारी देकर जनता को भ्रमित करने वाले प्रचार का भंडाफोड़ करेंगे।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में रामपुर बुशहर कॉलेज प्रथम

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में रामपुर बुशहर महाविद्यालय के छात्रों रोनी राणा और कशिश नेगी ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। नाहन महाविद्यालय में हुई इस प्रतियोगिता में करीब 70 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, लेकिन दोनों प्रतिभागियों ने सशक्त तर्क, प्रभावशाली प्रस्तुति और आत्मविश्वास के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया। इस जीत के साथ रोनी राणा और कशिश नेगी अब 6 से 10 जनवरी 2026 तक चितकारा यूनिवर्सिटी, राजपुरा (पंजाब) में होने वाले 39वें नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस महोत्सव में वाद-विवाद के साथ नृत्य, संगीत और साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी होंगी, जिनमें राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। छात्रों की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों और महाविद्यालय प्रशासन ने गर्व जताते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# आईजीएमसी में इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

## डॉ. राघव का टर्मिनेशन वापस लेने को की हड़ताल; रूटीन ऑपरेशन ठप, चलती रही ओपीडी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सबसे पुराने सरकारी स्वास्थ्य संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। रेजिडेंट डॉक्टरों के ड्यूटी से दूर रहने के कारण ओपीडी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं और दूर-दराज से आए मरीज दिन भर पर्चियां हाथ में लिए भटकते रहे। हालांकि, कुछ वरिष्ठ और टीचिंग फैकल्टी ने सीमित स्तर पर ओपीडी संभाली, लेकिन मरीजों की भारी भीड़ के आगे यह राहत नाकाफी साबित हुई।

हड़ताल के चलते आईजीएमसी और डीडीयू अस्पताल में रूटीन ऑपरेशन पूरी तरह बंद रहे। सिर्फ आपातकालीन मामलों में ही ऑपरेशन किए गए। मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च विभाग द्वारा जारी एसओपी के बावजूद जमीनी हकीकत यह रही कि सामान्य इलाज लगभग ठहर गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और डिस्पेंसरी में भी सेवाएं प्रभावित रहीं, कई जगहों पर बोर्ड टांग दिए गए कि हड़ताल के कारण नियमित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। दुर्गम इलाकों से आए मरीजों और उनके तीमारदारों ने बताया कि उन्हें बिना इलाज लौटना पड़ रहा है। किसी ने कहा कि दो दिन से अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं, तो किसी ने बताया कि मजबूरी में निजी अस्पताल का रुख करना पड़ेगा। इलाज की आस में आए लोगों के लिए यह हड़ताल एक भारी इम्तिहान बन गई है, जहां सेहत से बड़ा कोई सवाल नजर नहीं आता।



आईजीएमसी शिमला में हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते डॉक्टर तथा (इनसेट) डॉक्टरों का इंजतार करते मरीज।

### टकराव की जड़ और डॉक्टरों की मांग

**यह** पूरा विवाद डॉक्टर और मरीज के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद शुरू हुआ, जिसके बाद सरकार ने डॉ. राघव नरूला की सेवाएं समाप्त कर दीं। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन का कहना है कि यह कार्रवाई जल्दबाजी में की गई और निष्पक्ष नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों का दावा है कि जब तक टर्मिनेशन वापस नहीं लिया जाता और डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

### सीएम से संवाद के बावजूद भी टूटा सब्र

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा दोबारा जांच के आश्वासन के बावजूद डॉक्टरों का आंदोलन थमता नजर नहीं आ रहा। सामाजिक संगठनों और आम लोगों की यही अपील है कि हठ और अहंकार को किनारे रखकर बातचीत से हल निकाला जाए, ताकि अस्पतालों में फिर से इलाज की रौशनी लौट सके। आखिरकार, इस खींचतान की सबसे बड़ी कीमत मरीज अदा कर रहे हैं।

### मशोबरा में भी हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप

**शिमला।** मशोबरा ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शनिवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते नियमित चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह ठप्प रहीं। हालांकि, सिविल अस्पताल जुन्गा और सीएचसी मशोबरा में आपातकालीन सेवाएं यथावत जारी रहीं, लेकिन ओपीडी और सामान्य उपचार बंद रहने से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मरीज इलाज के लिए शिमला और सोलन के निजी अस्पतालों की ओर रुख करने को मजबूर हुए। जुन्गा, दरभोग, कोटी और कुफरी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने इस विवाद को राजनीतिक रंग देने के बजाय आपसी संवाद से सुलझाने की अपील की है।

# राज्यपाल ने लोक भवन कैलेंडर किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को लोक भवन में आयोजित एक गरिमापूर्ण समारोह में लोक भवन सचिवालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 का कैलेंडर जारी किया। इस कैलेंडर में वर्ष 2025 के दौरान राज्यपाल की जनसरोकारों से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को सहेजा गया है, जिनमें नशामुक्त हिमाचल अभियान और प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत कार्यों को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है। कैलेंडर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ संकट की घड़ी में राज्यपाल द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों की सजीव झलक प्रस्तुत करता है।



लोक भवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल लोक भवन कैलेंडर-2026 का विमोचन करते हुए।

राज्यपाल ने लोक भवन सचिवालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कैलेंडर केवल महत्वपूर्ण तिथियों और आयोजनों का संकलन नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त हिमाचल प्रदेश के निर्माण के लिए हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतिबिंब है। उन्होंने आशा जताई कि यह प्रकाशन समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को और सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा सहित लोक भवन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो करोड़ की परियोजनाओं से ग्रामीण ढांचा होगा मजबूत : अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र के विकास में किसी भी स्तर पर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी और सरकार गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। इसी कड़ी में उन्होंने चौपाल क्षेत्र में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन कार्यों से पंचायत स्तर पर प्रशासनिक सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा।




चौपाल में जनसभा को संबोधित करते हुए पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

मंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने पूरे राज्य में एक समान स्वरूप के पंचायत भवनों के निर्माण का निर्णय लिया है, ताकि पंचायतों को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इन भवनों पर एक करोड़ चौदह लाख रुपए तक की राशि व्यय की जाएगी और निर्माण दस बिस्वा से अधिक भूमि पर ही किया जाएगा। साथ ही पंचायत भवनों की नाम पट्टिकाओं पर प्रधान, उपप्रधान के साथ भूमि दान करने वालों के नाम भी अंकित किए जा रहे हैं, ताकि उनके योगदान को सामाजिक सम्मान मिल सके।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक 45 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास कर रही है, जो ग्रामीण आजीविका के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने चौपाल क्षेत्र में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बताया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया, चूड़धार मंदिर समिति का वार्षिक कैलेंडर और चौपाल क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर आधारित बुकलेट का विमोचन किया तथा ब्लॉक स्तरीय एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन का नेतृत्व किया। उन्होंने युवाओं, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को सराहते हुए कहा कि नशा-मुक्त समाज के निर्माण में जन-जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है और युवाओं को नशे से दूर रहकर प्रदेश के भविष्य निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

# नावर में कांग्रेस को मिली मजबूती, दो प्रभावशाली व्यक्ति पार्टी में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के नावर क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को उस समय नई मजबूती मिली, जब ग्राम पंचायत पुजारली नंबर-4 के टिक्करी गांव से संबंध रखने वाले राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी निहाल चंद तथा ग्राम पंचायत शरौंथा के नरैण गांव से युवा अंकुश रमसेठ ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दोनों ने यह कदम क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यों और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की नीतियों व कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर उठाया।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की मौजूदगी में निहाल चंद और अंकुश रमसेठ को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए पदाधिकारी।

शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निहाल चंद और अंकुश रमसेठ को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में दोनों को पूरा सम्मान और सक्रिय भूमिका दी जाएगी, ताकि संगठन को

### शिक्षा मंत्री की कार्यशैली और विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया फैसला

जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त किया जा सके। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत शरौंथा के उपप्रधान अनुज कुमार, कांग्रेस जोन प्रभारी भोपाल शर्मा तथा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बेली राम भी उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नव-प्रवेशी सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और ऊर्जा से क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा और जनसेवा के प्रयासों को नई दिशा मिलेगी।

# 108-102 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल खत्म

## श्रम कानूनों, न्यूनतम वेतन और न्यायिक आदेशों के क्रियान्वयन की मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की 48 घंटे की हड़ताल रात 8 बजे खत्म हो गई। इससे पहले एंबुलैंस कर्मियों ने सीटू के बैनर तले श्रम कानूनों, न्यूनतम वेतन और न्यायालयी आदेशों के पालन की मांग उठाई। इस दौरान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में जोरदार प्रदर्शन हुए, जबकि शिमला में नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक कार्यालय और सोलन के धर्मपुर स्थित मेडस्वान कंपनी मुख्यालय पर भी सैकड़ों कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह बाधित रहीं। यूनियन ने चेतावनी दी है कि मांगें शीघ्र पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, महासचिव प्रेम गौतम तथा यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत मेडस्वान फाउंडेशन में कार्यरत पायलट, कैप्टन और ईएमटी कर्मचारी लंबे समय से शोषण झेल रहे हैं। कर्मचारियों से बारह घंटे ड्यूटी ली जाती है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं होता और न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट, सीजेएम कोर्ट शिमला और श्रम विभाग के आदेशों के बावजूद हालात जस के तस हैं। यूनियन का आरोप है कि मांग उठाने पर कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, तबादलों और नौकरी छोड़ने के दबाव का सहारा लिया जाता है तथा ईपीएफ-ईएसआई में गंभीर अनियमितताएं की जा रही हैं।




प्रदेशभर में 108-102 एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान जिला मुख्यालयों और शिमला व धर्मपुर में प्रदर्शन करते यूनियन पदाधिकारी और कर्मचारी।

यूनियन ने सरकार और संबंधित कंपनियों से न्यूनतम वेतन, डबल ओवरटाइम, नियमानुसार छुट्टियां, पूर्ण वेतन भुगतान और ईपीएफ-ईएसआई की त्रुटियां तुरंत सुधारने की मांग की है। साथ ही, पूर्व में जीवीके ईएमआरआई में कार्यरत कर्मचारियों को सेवा निरंतरता, वरिष्ठता और लंबित एरियर, ग्रेच्युटी व नोटिस पे का भुगतान करने की भी मांग रखी गई है। यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रेड यूनियन एक्ट 1926 और औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानों का पालन करते हुए कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाए, अन्यथा निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा।

# मंत्री शांडिल ने निगम की 54वीं बैठक में लिए कई अहम फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में शनिवार को हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम की 54वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक मंडल ने प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदायों और दिव्यांगजन के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि निगम पर्यटन, कृषि, पारम्परिक पेशों, तकनीकी तथा लघु व्यवसायों की स्थापना और विस्तार के लिए 30 लाख रुपए तक का टर्म लोन उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही 20 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण और स्वयं सहायता समूहों को उपकरण खरीद समेत अन्य आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है, ताकि लाभार्थी आत्मनिर्भर बन सकें।

डॉ. शांडिल ने कहा कि निगम अल्पसंख्यक वर्ग तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चला रहा है। इस वर्ष कांगड़ा, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चम्बा और शिमला जिलों में आयोजित शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया और इनकी प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही। आगामी समय में कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, शिमला, ऊना और मंडी जिलों में भी ऐसे शिविर प्रस्तावित हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अधिकतम लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए सामुदायिक जुड़ाव बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में लगभग एक हजार से अधिक अल्पसंख्यक लाभार्थियों को करीब 70 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए गए हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऋण रिकवरी दर 80 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 100 प्रतिशत तक पहुँच जाना निगम पर बढ़े भरोसे का प्रमाण है।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को निगम का निदेशक नियुक्त करने, ऑडिटेड बैलेंस शीट को स्वीकृति देने सहित अन्य एजेंडों पर चर्चा कर मंजूरी दी गई। मंत्री ने दोहराया कि सरकार अल्पसंख्यक वर्गों के सर्वांगीण उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संगठनों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा रखती है।

**पहल**

## 'ग्रीन टू गोल्ड' पहल से औषधीय भांग बनेगी समृद्धि का आधार

# हिमाचली वादियों से उठेगी हरित क्रांति की नई खुशबू: सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में देवदार और सेब की पहचान के साथ अब हरित अर्थव्यवस्था की नई उम्मीद जुड़ने जा रही है। वर्ष 2027 तक राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को जमीन पर उतारते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रीन टू गोल्ड पहल की शुरुआत की है। इस नीति के तहत औद्योगिक और औषधीय उपयोग वाली भांग की नियंत्रित खेती को वैध बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य खेती, उद्योग और पर्यावरण के बीच संतुलन कायम करते हुए राज्य को वैश्विक बायो-इकोनॉमी में नई पहचान दिलाना है।



जानकारी के अनुसार अब तक कुल्लू, मंडी और चंबा की घाटियों में जंगली रूप से उगने वाली भांग को नशे और अवैध कारोबार से जोड़ा जाता रहा है। नई नीति इस सोच को बदलती है। औषधीय गुणों से भरपूर यह फसल अब वस्त्र, कागज, पैकेजिंग, कॉस्मेटिक, बायो-फ्यूल और बायो-प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में उपयोग होगी। इससे पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और राज्य में निवेश व रोजगार के नए अवसर बनेंगे। इस पहल में सामाजिक जिम्मेदारी और वैज्ञानिक सतर्कता को प्राथमिकता दी गई है। औद्योगिक उपयोग वाली भांग में टीएचसी की मात्रा 0.3 प्रतिशत से कम रखी जाएगी, ताकि नशे की कोई संभावना न रहे। वैज्ञानिक मानकों के अनुसार फाइबर और बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस संतुलन से आर्थिक विकास के साथ सामाजिक सरोकार भी सुरक्षित रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 जनवरी 2025 को राज्य मंत्रिमंडल ने नियंत्रित खेती के पायलट अध्ययन को मंजूरी दी थी। आकलन है कि योजना के पूर्ण क्रियान्वयन से राज्य को हर वर्ष 500 से 2000 करोड़ रुपए तक अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। यह नीति अवैध कारोबार पर लगाम लगाकर किसानों और राज्य की आय बढ़ाने का रास्ता खोलेगी।

### जलवायु परिवर्तन के दौर में समझदार खेती

**भांग** एक जलवायु-अनुकूल फसल है, जिसे कपास जैसी फसलों की तुलना में लगभग आधा पानी चाहिए। पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों से नुकसान की समस्या भी इसमें नहीं के बराबर है। ऐसे में बदलते मौसम और पानी की कमी के समय यह किसानों के लिए सुरक्षित और लाभकारी विकल्प बन सकती है।

### वैज्ञानिक सहयोग के साथ सख्त निगरानी

**इस** योजना को मजबूत आधार देने के लिए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय और डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय को कम टीएचसी और उच्च उपज वाले बीज विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही, जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता वाली समिति ने अन्य राज्यों के अनुभवों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी है, जो आगे की नीति का मार्गदर्शन करेगी।

# पीरन में महिलाओं ने चीड़ पत्तियों से उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण किया पूरा



चीड़ की पत्तियों से तैयार उत्पादों के साथ प्रशिक्षण शिविर में शामिल महिलाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर पर स्थित पंचायत पीरन में बीते एक सप्ताह से चल रहा चीड़ की पत्तियों से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर में पीरन गांव के साथ-साथ देवठी, जठोग, नालटा और बटोला की कुल 27 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को चीड़ की पत्तियों से उपयोगी और आकर्षक उत्पाद तैयार करने की व्यावहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं ने बताया कि उन्होंने चपाती रखने के हॉटकेस, फूलदान, पेन स्टैंड सहित कई दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना सीखा। महिलाओं का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में चीड़ की पत्तियां प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे कच्चे माल की कोई कमी नहीं रहती। प्रशिक्षण के बाद अब वे अपने घर पर ही इन पत्तियों से विभिन्न उत्पाद तैयार कर सकेंगी, जो उनके परिवार की अतिरिक्त आय का सशक्त साधन बनेंगे।

महिलाओं ने यह भी बताया कि चीड़ की पत्तियों से उत्पाद बनाने में लागत बहुत कम आती है, जबकि तैयार वस्तुएं बाजार में अच्छी कीमत पर बिकती हैं।

# महिला से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) किन्नौर स्थित रामपूर की अदालत ने शनिवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी केशव राम (44) पुत्र स्व. जीवतु राम गांव शाह, जिला शिमला को 10 साल कठोर कारावास व 2000 रुपए जुर्माना, 2 साल साधारण कारावास व 1000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। फैसले की जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि पीड़िता 23 वर्ष जो बचपन से अपनी नानी के पास रहती थी और मानसिक रूप से बीमार थी। 20 सिंम्बर 2023 को पीड़िता की माता पीड़िता की दादी के घर आई तो उसे पीड़िता का पेट कुछ बढ़ा हुआ दिखाई दिया जिस पर उसने पीड़िता को पूछा तो पीड़िता ने बताया कि 6 महीने पहले जब पीड़िता घर का सामान लेने के लिए दुकान जाती थी तो आरोपी रास्ते से पीड़िता को बाजू से पकड़ कर नाले में ले गया जहां पर पीड़िता को डरा कर कई बार रेप किया। पीड़िता की माता पीड़िता को अस्पताल ले गई जहां पर पीड़िता के पेट में 6 महीने का बच्चा पाया गया। जिसे पीड़िता ने बाद में जन्म दिया जो पीड़िता बच्चे को अभी भी पाल रही है। पीड़िता की माता ने थाना झाकड़ी में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई व पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। ट्रायल के दौरान 21 गवाहों के साक्ष्य दर्ज किए गए व एक डिफेंस विटनेस का साक्ष्य दर्ज किया गया। अदालत ने महिला के साथ रेप करने के घिनौने जुर्म में लगाए गए आरोप सही पाए जाने पर उसे यह सजा सुनाई। सरकार की तरफ से मुकदमें की पैरवी उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने की।

## न्यूज ब्रीफ

### करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्रों को किया प्रेरित

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त सहयोग से प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सीडीएस टॉपर 2024 लेफ्टिनेंट रजत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर, अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की जानकारी दी। अपने अनुभव और कठिनाइयों को साझा करते हुए उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास बनाए रखने और गुरुजनों के मार्गदर्शन का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

### यातायात नियमों का पालन करने का किया आह्वान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में सात दिवसीय एनएनएस शिविर के दूसरे दिन डीएसपी राजकुमार ने मुख्यातिथि एवं रिसोर्स पर्सन के तौर पर शिरकत की। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. दविंदर सिंह ने डीएसपी राजकुमार का स्वागत किया। डीएसपी राजकुमार ने स्वयंसेवियों को नशे से दूर रहने यातायात नियमों के पालन व सामाजिक जागरुकता लाने में सहयोग का आह्वान किया। स्वयंसेवियों को पुलिस सेवा में करियर बनाने के दिए। उन्होंने कहा कि इन एसएस विद्यार्थियों के सर्वांगीण मिक्स और राष्ट्र निर्माण में विशेष भूमिका निभाने में सहायक सिद्ध होती है। प्रो. दविंदर सिंह ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. जतिंदर कुमार, डॉ . रामपाल, खेम चंद, पलक सिंह, सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष अंजना भी उपस्थित रहे।

### दरीणी में आज लगेगा मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब शाहपुर दरिनी द्वारा एक बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सत्येंद्र गौतम ने बताया कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के सहयोग से यह शिविर 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे आयोजित होगा, जिसका शुभारंभ सेवानिवृत्त वन मंडल अधिकारी नरेंद्र थकियाल करेंगे। शिविर में हृदय, नेत्र, दंत, स्त्री रोग एवं सामान्य रोगों की जांच शाम 3 बजे तक की जाएगी। रोगियों को निशुल्क दवाइयां एवं साधारण जांच सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। क्लब ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवियों से अधिक से अधिक लोगों तक सूचना पहुंचाने की अपील की है।

### बैजनाथ में सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ के सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से शनिवार को सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। रैली में महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली को महाविद्यालय परिसर से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेश चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए डॉ. चौधरी ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महान सामाजिक उद्देश्य है और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने इस सार्थक पहल के लिए सड़क सुरक्षा क्लब के प्रयासों की सराहना की।

### सरकार की विफलताओं को उजागर करने का लिया संकल्प

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** संकल्प अभियान के तहत सुलह विधानसभा क्षेत्र के बूथ-14 थलेड़, 19 अलसेड़ एवं बूथ नंबर 20 पनियाली में वहां के बूथ अध्यक्ष गुलदीप, सुरिंदर एवं विजय कुमार की अध्यक्षता में अभियान संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार तथा मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच की उपस्थिति ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क विस्तार एवं आने वाले समय की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में कांग्रेस की जनविरोधी, असफल एवं झूठी नीतियों को जड़ से उखाड़ फेंकना तथा भाजपा की राष्ट्रवादी सोच, विकासपरक दृष्टि और जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना रहा। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि जनता के बीच जाकर कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करेंगे और हिमाचल को फिर से विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे।

# डॉक्टरों की हड़ताल ने बढ़ाई परेशानी

## जोनल अस्पताल में लगातार दूसरे दिन भी ओपीडी बंद, मरीज इमरजेंसी की ओर कर रहे रुख



डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** लगातार दूसरे दिन भी डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। बात करें जोनल अस्पताल धर्मशाला की तो यहां भी डॉक्टर्स की हड़ताल की जानकारी न होने के चलते मरीज चेकअप के लिए पहुंच रहे थे, लेकिन या तो उन्हें वापस लौटना पड़ा या फिर इमरजेंसी में जांच करवानी पड़ी। गौरतलब है कि आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट के आरोप में बर्खास्त डॉक्टर्स की बहाली की मांग को लेकर डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को मास कैजुअल लीव का आह्वान किया गया था, वहीं शाम को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया था। इसके चलते प्रदेश सहित कांगड़ा जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते ओपीडी बंद रही और मरीज परेशानी झेलते रहे। धर्मशाला अस्पताल प्रशासन का दावा है कि जो भी मरीज आ रहे हैं उन्हें इमरजेंसी में अटेंड किया जा रहा है।

ओपीडी के अलावा अन्य सेवाएं सुचारु रूप से चल रही हैं, लेकिन जब डॉक्टर्स मरीज को देखेंगे ही नहीं तो अन्य सेवाओं का क्या लाभ मरीजों को मिल सकता है।

### अस्पताल आ रहे मरीजों को किया जा रहा अटेंड: डॉ. भट्ट

जोनल अस्पताल धर्मशाला के एसएमओ डॉ. सुनील भटट ने कहा कि आईजीएमसी शिमला मामले में प्रशासन ने डॉक्टर को टर्मिनेट किया है, जिसके चलते मॉस कैजुअल लीव उपरांत शांत को हड़ताल को लगातार जारी रखने का निर्णय लिया गया है। प्रमुख मांग यही है कि टर्मिनेट डॉक्टर को बहाल किया जाए। जो मरीज अस्पताल आ रहे हैं, उन्हें वापिस नहीं भेजा जा रहा है, बल्कि मरीजों की सुविधा के लिए इमरजेंसी में अतिरिक्त डाक्टर्स तैनात किए गए हैं। जिन लोगों को हड़ताल की जानकारी है, वे अस्पताल नहीं आ रहे हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि उक्त मामले का जल्द समाधान हो और डॉक्टर्स अपने काम पर वापिस लौटें।

### बीमार बच्चे को लेकर पहुंची महिला

**सकोह** से आई ज्योति ने कहा कि बच्चों में वायरल की समस्या पेश आ रही है। इसके चलते वह अपने बच्चे को दिखाने के लिए अस्पताल पहुंची हैं। ज्योति ने कहा कि उनके बच्चे को बीमारी में जोनल अस्पताल में उपचार से ही लाभ मिलता है।

### छुट्टी लेकर पहुंची थी सूर्यांशी

**नूरपुर** की सूर्यांशी भारद्वाज जो कि धर्मशाला में शिक्षारत हैं ने कहा कि मैं सर्दी, खांसी के इलाज के लिए अस्पताल आई हूं। मुझे जानकारी नहीं थी कि डॉक्टर्स हड़ताल पर हैं। सूर्यांशी ने कहा कि संस्थान से छुटटी लेकर आई हूं, अब ओपीडी बंद है तो उन्हें या तो इमरजेंसी में चेकअप करवाना पड़ेगा या फिर दो दिन बाद फिर आना पड़ेगा, छुट्टी का लाभ नहीं मिल पाया।

### डाडासीबा में इलाज को भटकते रहे मरीज

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** आईजीएमसी शिमला के डॉक्टर के निलंबन के विरोध में हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा घोषित सामूहिक अवकाश का असर दूसरे दिन भी सिविल अस्पताल डाडासीबा में पूरी तरह बना रहा। शनिवार को भी दोनों अस्पतालों में नियमित ओपीडी सेवाएं ठप रहीं, जिससे सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह से ही अस्पताल परिसरों में मरीजों की आवाजाही तो दिखी, लेकिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इलाज की आस में पहुंचे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। कई मरीज घंटों इंतजार के बाद बिना उपचार लौटने को मजबूर हुए, जबकि अनेक ने मजबूरी में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख किया। हालांकि, दोनों अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं चालू रखी गईं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि आपातकालीन सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य की मजबूती और जनता के मुद्दों की लड़ाई की रहेगी प्राथमिकता: भंडारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व शिक्षक नेता एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कल्याण भंडारी को आम आदमी पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश में नए कलेवर और फ्लेवर के साथ गठित किए जा रहे संगठन निर्माण के अंतर्गत राज्यस्तरीय समन्वयन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश में संगठन को व्यापक, सशक्त और प्रभावशाली बनाने की दिशा में चल रही अविरल एवं निरंतर प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कल्याण भंडारी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. संदीप पाठक, हिमाचल प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोविंद झा तथा सह प्रभारी माननीय अजय सिंह राजपूत का इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त किया है। कल्याण भंडारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने के लिए प्रभारी व सह प्रभारी के नेतृत्व में प्रदेशभर में मैराथन बैठकों, विचार–विमर्श और जनसंवाद की जो व्यापक प्रक्रिया चल रही है, वह आम आदमी पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि समन्वयन समिति के सदस्य के रूप में वे संगठनात्मक एकजुटता, संवाद और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## आईजीएमसी शिमला प्रकरण प्रदेश सरकार की विफलता का प्रतीक: विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में घटित दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति या संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था, प्रशासनिक संवेदनशीलता और निर्णय क्षमता की गंभीर कमी को उजागर करती है। परमार ने कहा कि वे शिमला में हुई इस घटना की दोनों पक्षों से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। किसी भी परिस्थिति में हिंसा, अभद्र व्यवहार या मर्यादाओं का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं हो सकता। चाहे वह चिकित्सक हों या मरीज पक्ष संयम, संवाद और कानून के दायरे में रहना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर जो वीडियो प्रसारित हो रहा है, उसमें केवल एक पक्ष का दृश्य सामने आया है, जिसमें डॉक्टर की कथित गलती दर्शाई जा रही है। लेकिन उससे पहले क्या हुआ, परिस्थितियां क्या थीं, विवाद की जड़ क्या था इस संबंध में कोई समग्र और निष्पक्ष तथ्य सामने नहीं आए हैं। ऐसे में बिना पूरी जांच के किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज में भ्रम और अविश्वास भी पैदा करता है।

## अजीत नैहरिया बने भारत–तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष



तिब्बतियन सेटलमेंट ऑफिस के सभागार में हुई भारत–तिब्बत मैत्री संघ की वार्षिक बैठक।

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

**भारत**–तिब्बत मैत्री संघ की वार्षिक बैठक तिब्बतियन सेटलमेंट ऑफिस के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में संपन्न हुए इंटरनेशनल हिमालयन फेस्टिवल के सफल आयोजन का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया तथा संगठन की भावी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन पर विचार–विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से अजीत नैहरिया को अध्यक्ष, दिनेश कपूर उपाध्यक्ष, निर्मल कुमार महामंत्री चुना गया। इसके अतिरिक्त, तिब्बतन सेटलमेंट ऑफिसर कुंजुक उपाध्यक्ष तथा नामगयाल पूर्व की भांति कार्यालय सचिव के पद पर कार्यरत रहेंगे।

यह कार्यकारिणी आगामी तीन वर्षों के लिए गठित की गई है। शेष कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक से पूर्व सदस्यों एवं सलाहकारों से विचार–विमर्श के पश्चात घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि यह संगठन तिब्बतन समुदाय के सहयोग एवं समर्थन के लिए निरंतर कार्य करता रहा है। वहीं, सुभाष नैहरिया ने तिब्बत से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजीत नहरिया एवं उपाध्यक्ष दिनेश कपूर ने संयुक्त बयान में कहा कि भारत–तिब्बत मैत्री संघ भविष्य में तिब्बतन समुदाय के हर सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## हिमाचल में 'वर्ड टू वर्ड' लागू हो 93वां संविधान संशोधन: सुभाष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल जन क्रांति पार्टी के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि हिमाचल में संविधान के 93वें संशोधन को वर्ड टू वर्ड लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद ओबीसी बच्चों के लिए केवल 14 सीटें ही मिली हैं, जबकि अब तक 101 पोस्टें बन चुकी हैं। 93वें संविधान संशोधन के तहत जिन परिवारों की आय 8 लाख रुपए से कम है, उन्हें सरकारी संस्थानों में 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना है। सुभाष शर्मा ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए ओबीसी कार्ड खेला, लेकिन उनकी हक की कोई योजना नहीं बनाई।

उन्होंने प्रदेश में आर्थिक तंगी के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कार्यकाल के दौरान 75 हजार करोड़ रुपए ओवरड्राफ्ट हुए और यदि कर्मचारियों को उनका हक दे दिया गया होता तो यह 87 हजार करोड़ नहीं बनता।

उन्होंने भाजपा नेताओं और सांसदों से केंद्र में हिमाचल के लिए बजट रिलीज करवाने और वित्तीय स्थिति सुधारने की अपील की। उनका कहना था कि जनता अब समझ रही है कि पैसा कहां अटक रहा है और आगामी चुनाव में यही मुद्दा निर्णायक साबित हो सकता है।

## बतरा कॉलेज में स्वयंसेवियों को अनुशासन सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व बताया



बतरा कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 के सात दिवसीय शिविर शुरू।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राजीव ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेति रही। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने छात्रों के लिए एक करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया गया और यूपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया। उनका मार्गदर्शन छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर प्रो. कल्पना, प्रो. अजय, प्रो. अनुपमा एवं प्रो. अनीता सरोच के साथ सभी प्राध्यापक गण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# वादों को शब्दों से नहीं, कर्म में बदलने में विश्वास रखता हूं : पराशर

## सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में दिया तीन लाख रुपए का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सरस्वती** विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परागपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कैप्टन संजय पराशर ने बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। परामशर ने कहा कि जीवन में किया गया वादा केवल कथन नहीं, एक नैतिक जिम्मेदारी होता है, जिसे निभाने के लिए व्यक्ति को अपना शत–प्रतिशत समर्पण भी दांव पर लगाने पड़ें, तो पीछे नहीं हटना चाहिए। पराशर ने चार वर्ष पूर्व की उस घटना को याद किया, जब विद्यालय प्रबंधन ने उनसे एक आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण में सहयोग का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा कि यह मांग नहीं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा एक सपना था। उसी समय स्थानीय लोगों और विद्यालय प्रबंधन ने यह अपेक्षा स्थानीय विधायक से भी की थी कि वह इस आवश्यक सुविधा के लिए आगे आएंगे। आश्वासन तो मिले, पर समय बीतता गया और वादे स्मृतियों में धुंधले होते चले गए। पराशर ने कहा कि राजनीति के गलियारों में वादों का भूल जाना आम बात हो गई है, लेकिन संजय पराशर के लिए यह केवल एक अनुरोध नहीं था, अपितु विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न था। जब



रस्वती विद्या मंदिर स्कूल परागपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया।

उन्होंने देखा कि वर्षों बीत जाने के बाद भी प्रयोगशाला का सपना अधूरा है, तो उन्होंने निर्णय लिया कि वे अपने संसाधनों से विद्यालय में आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण करवाएंगे। यह निर्णय किसी प्रचार या प्रशंसा के लिए नहीं था, लेकिन उस भरोसे को निभाने के लिए था, जो विद्यालय और समाज ने उन पर जताया था।

उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला के लोकार्पण के लिए उन्होंने स्वयं मंच पर आकर फीता काटना उचित नहीं समझा। देश के एक नामी वैज्ञानिक को आमंत्रित किया। उनका मानना था कि यदि किसी महान व्यक्तित्व के सान्निध्य से बच्चों को प्रेरणा मिल सकती है, तो उससे बड़ा लोकार्पण और क्या हो सकता है।

संजय पराशर ने शिक्षा को केवल पुस्तकों और परीक्षा परिणामों तक सीमित न मानते हुए उसे रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि उनका दृष्टिकोण हमेशा यह रहा है कि शिक्षा ऐसी हो, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाए। इसी सोच का परिणाम है कि इसी विद्यालय के पांच कैडेट आज उनकी कंपनी में कार्यरत हैं और अपने कौशल से पहचान बना रहे हैं। कहा कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो ग्रामीण परिवेश के बच्चे भी किसी से कम नहीं होते।

## भदरोया से चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार, गहने बरामद

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर के थाना रैहन में शिकायतकर्ता ललिता चंबियाल पत्नी जोगिंद्र सिंह, निवासी गांव व डॉ. रैहन फतेहपुर द्वारा शिकायत दर्ज करवाने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में उनके घर से सोने के गहने चोरी होने की जानकारी दी गई थी। थाना रैहन पुलिस ने पेशेवर तरीके से साक्ष्यों की गहन जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी पवन कुमार पुत्र विनोद वावा, निवासी नजद शिवमंदिर, शमशानघाट जुगियाल, शाहपुर, पठानकोट (पंजाब), जो भदरोया में रह रहा था, को गिरफ्तार किया। आरोपी द्वारा चोरी किए गए सोने के गहनों को भी बरामद किया गया है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है। आम जनता से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएवी स्कूल में बच्चों ने नाटक से बताए नशे के दुष्परिणाम




डीएवी स्कूल नगरोटा सूरिया में वार्षिक समारोह संकल्प का आयोजन किया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा सूरिया में वार्षिक समारोह संकल्प का आयोजन किया गया। इसमें एलजी से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने कई सामाजिक और प्रेरणादायक नाटकों का मंचन किया। इनमें 'नशा रोकना' विषय पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छोटे बच्चों ने नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम बताए। नाटक से बताया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। मुख्य अतिथि एआरओ डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी चाबी है, जो जीवन के सभी तालों को खोल सकती है। बच्चे जो सपना देखते हैं और जिस पर ईमानदारी से मेहनत करते हैं, वही सपना आगे चलकर साकार होता है। वहीं, प्लस टू कक्षा के बच्चों ने भांगड़ा पेश कर वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

## 601.92 करोड़ की अतिरिक्त सहायता में गड़बड़ी की तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां–परागपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को आपदा राहत के लिए प्रदान की गई आर्थिक सहायता का स्वागत किया। उन्होंने पीएनडीए योजना के तहत जारी 601.92 करोड़ रुपए की नवीनतम किस्त के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। बिक्रम ने कहा कि आपदा के समय से अब तक कंद्र सरकार ने हिमाचल को लगभग 6 हजार करोड़ रुपए की सहायता दी है, जो ऐतिहासिक है। यह राशि प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास और राज्य के क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राहत राशि का लाभ पारदर्शिता और शीघ्रता के साथ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राशि के वितरण में गड़बड़ी हुई, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

# प्रशिक्षकों का निरंतर कौशल उन्नयन समय की आवश्यकता: संतोष




धर्मशाला में डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**पंजाब** नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) कांगड़ा (धर्मशाला) में डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राज्य नियंत्रक, आरसेटी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा पीएनबी आरसेटी कांगड़ा के सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आरसेटी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम का मूल्यांकन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक (कौशल) संतोष कुमार तिवारी एवं मिशन मैनेजर मनोज कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम डॉ. अंबिका साहू, राज्य नियंत्रक, आरसेटी (हिमाचल प्रदेश) के मार्गदर्शन में व मदन लाल, निदेशक, पीएनबी आरसेटी कांगड़ा के समन्वय से आयोजित हुआ। संतोष कुमार तिवारी ने राज्य आरसेटी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशिक्षकों के निरंतर कौशल उन्नयन को समय की आवश्यकता बताया और स्किल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रमाणित प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया।

# धर्मशाला की सड़कों पर 'चिट्टा मांगता युवक' नशे का आदी नहीं, सामाजिक संदेश देने वाला कलाकार : रोहित

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** सोशल मीडिया पर इन दिनों धर्मशाला से जुड़ा एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक चिट्टे की भीख मांगता हुआ सड़कों पर नजर आ रहा है। कई सोशल मीडिया चैनलों और पेजों ने इस वीडियो को सच मानते हुए इसे सनसनीखेज अंदाज में प्रसारित किया।



हालांकि, इसकी हकीकत कुछ और ही है। यह युवक कोई नशे का शिकार बेसहारा नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के मशहूर गायक व अभिनेता रोहित वोहरा हैं। यह वीडियो नशे के खिलाफ चलाए जा रहे उनके सामाजिक जागरुकता अभियान का हिस्सा है। रोहित वोहरा अपनी कला और अभिनय के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ समय–समय पर आवाज उठाते रहे हैं। रोहित वोहरा मूल रूप से धर्मशाला के योल कैंट के रहने वाले हैं। उन्होंने अभिनय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से की है। इससे पहले भी वे एचआईवी/एड्स, रोड सेफ्टी, टीबी की रोकथाम, दहेज प्रथा और भ्रूण हत्या जैसे गंभीर विषयों पर लोगों को जागरूक करते नजर आए हैं। इस बार उनका अभियान चिट्टे को भगाना है, हिमाचल को स्वर्ग बनाना है विषय पर केंद्रित है। इसी संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के लिए वह धर्मशाला की गलियों और सड़कों पर एक नशेड़ी के किरदार में नजर आए, ताकि युवाओं को चिट्टे जैसे खतरनाक नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा सके। रोहित वोहरा का कहना है कि सड़क पर इस तरह अभिनय करते हुए उन्हें किसी प्रकार की शर्म महसूस नहीं होती, यदि इससे हिमाचल का युवा नशे से दूर रह सके। उन्होंने कहा कि कला का असली उद्देश्य समाज को दिशा देना है। गौरतलब है कि रोहित वोहरा पंजाब के सुपरस्टार शैरी मान के साथ काम कर चुके हैं और बॉलीवुड फिल्म 'भूत पुलिस' में अभिनेता सैफ अली खान के साथ भी नजर आ चुके हैं। इसके अलावा पीटीसी पंजाबी चैनल पर उनका सुपरहिट गीत 'सतवें गेड़ा' भी खासा लोकप्रिय रहा है।

## अमरकांता पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह में स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** अमरकांता पब्लिक स्कूल जडीयाला जंडपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें बैजनाथ थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथि को समानित किया। मुख्य अतिथि ने विधार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन वनीता जम्वाल, स्कूल की प्रधानाचार्य सविता शर्मा, पुलिस विभाग से पूर्व सेवानिवृत्त थाना प्रभारी रहे केहर सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल ने नचाए दर्शक

## कांगड़ा वैली कार्निवल-2025 की चौथी संध्या, मधुर आवाज से दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल-2025 के रंगारंग आयोजनों के बीच शनिवार को मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल फेम लोकप्रिय गायक कुमार साहिल रहे। मधुर आवाज और चर्चित गीतों ने कार्निवाल में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही कुमार साहिल मंच पर आए, पूरा पंडाल तालियों और उत्साह से गूंज उठा। कुमार साहिल ने अपने सुपरहिट रोमांटिक और सूफी अंदाज के गीतों के साथ-साथ बॉलीवुड और इंडियन आइडल मंच पर पहचान दिलाने वाले लोकप्रिय गानों की प्रस्तुति दी। उनकी भावपूर्ण गायकी और दमदार आवाज पर दर्शक झूमते-गाते नजर आए।

युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, हर वर्ग ने उनके गीतों का भरपूर आनंद लिया और मोबाइल फ्लैश लाइट्स के साथ माहौल को यादगार बना दिया। कुमार साहिल की प्रस्तुति ने न केवल सांस्कृतिक संध्या को खास बनाया, बल्कि कांगड़ा वैली कार्निवाल-2025 को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। दर्शकों ने देर शाम तक संगीत और मनोरंजन का आनंद लिया और आयोजन को यादगार बताया।





कार्निवाल की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार

### धर्मशाला में साइकिल राइड प्रतियोगिता आज

**महापौर नीनू शर्मा हरी झंडी दिखाकर करेंगी रवाना**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल-2025 के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत, स्वस्थ जीवनशैली, नशा मुक्त जीवन, पर्यावरण संरक्षण एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धर्मशाला में साइकिल राइड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 28 दिसंबर को प्रातः 7:00 बजे साई स्टेडियम धर्मशाला से विधिवत रूप से आरंभ होगी। धर्मशाला की महापौर नीनू शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगी और साइकिल राइड को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खेल प्रेमी, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में देश-विदेश के साइकिलिस्ट भाग लेंगे। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन श्रेणियों में साइकिल रेसध्राइड आयोजित की जा रही है। 40 किलोमीटर रेस अनुभवी (सीजन्ड) साइकिल चालकों के लिए, 25 किलोमीटर रेस शौकिया साइकिल चालकों के लिए और 10 किलोमीटर फन राइड 8 वर्ष से अधिक आयु के सभी वर्गों के तिभागियों के लिए रखी गई है।

**यह रहेगा रूटः** साइकिल राइड साई स्टेडियम से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस, कोतवाली बाजार, खनियारा, मोहली, सेक्रेड हार्ट स्कूल, दाड़ी बाई पास होते हुए पुनः साई स्टेडियम पर ही समाप्त होगी। पूरे मार्ग पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना, नशे से दूर रखना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

### आज पहाड़ी स्टार नाइट और ड्रोन शो होंगे आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल-2025 की पांचवीं संध्या 28 दिसंबर को सायं 5 बजे से भव्य रूप में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्य सचेतक, हिमाचल प्रदेश सरकार केवल सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि पांचवीं संध्या को पहाड़ी स्टार नाइट के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें हिमाचल की समृद्ध लोक-संस्कृति, संगीत और नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। विशेष प्रस्तुतियों में नाटी किंग कुलदीप शर्मा, राज जैरी, पूनम भारद्वाज, रमेश्वर शर्मा, सुनील मस्ती तथा अनिता ठाकुर (चंबा डांस ग्रुप) द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### हैप्पी बर्थडे



लोअर बाजार भवारना के अंकित नरयाल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बग्गी की सरला ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।



युवा सेवाएं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान आयोजित कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबाल खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया।

# यादविंद्र गोमा ने विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**युवा** सेवाएं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शनिवार को धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान आयोजित कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबाल खेलों के विजेताओं को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार आधुनिक सुविधाएं, पुरस्कार राशि, बेहतर डाइट मनी और रोजगार के अवसर सृजित कर रही है। हिमाचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं और हिमाचल खेल क्षेत्र में 'ग्राउंड लेवल से ग्लोबल' स्तर तक पहुंच रहा है।

लड़कों की कबड्डी प्रतिस्पर्धा में सेंट मैरी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर विजेता, जकि धर्मशाला छात्र स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की प्रतिस्पर्धा में सेंट मैरी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर पहले, धर्मशाला गर्ल्स की टीम दूसरे स्थान पर रही।

### वॉलीबाल प्रतिस्पर्धा में कांगड़ा टीम विजेता

**बैडमिंटन** में सिंगल प्रतिस्पर्धा में प्रिया प्रथम, राव्या दूसरे तथा प्रांजल तीसरे स्थान पर रहीं। डबल्स में राव्या और प्रिया पहले और प्रांजल और भावना दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में सिंगल प्रतिस्पर्धा में निशांत पहले और कनव दूसरे स्थान पर रहे। डबल्स में शिवेनदीप और निशांत पहले और कनव के साथ निर्जल दूसरे स्थान पर रहे। वॉलीबाल की लड़कियों की प्रतिस्पर्धा में कांगड़ा टीम ने पहला, जबकि धर्मशाला ने दूसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की प्रतिस्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वॉयज धर्मशाला विजेता, सेंट मैरी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर दूसरे स्थान पर रहा।

### मिस और मिसेज कांगड़ा कार्निवल के ऑडिशन में प्रतिभागियों का चयन

**कार्निवाल** के तहत मिस और मिसेज कांगड़ा वैली कार्निवाल के ऑडिशन भी आयोजित किए गए, जिनमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने भाग लिया गया। ऑडिशन में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और प्रतिभा के आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। आयोजकों के अनुसार, यह मंच युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान कर रहा है।

# नाबालिगा से दुष्कर्म करने के दोषी को 25 साल की सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**20 हजार जुर्माना अदा न करने पर भुगतनी होगी एक साल की अतिरिक्त सजा**

**नाबालिग** से दुष्कर्म के आरोपी के दोष सिद्ध होने पर अतिरिक्त सत्र एवं जिला न्यायालय के फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय पॉक्सो न्यायधीश नितिन मित्तल धर्मशाला जिला कांगड़ा की ओर से 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

आईटी एक्ट में भी आरोपी श्रवण कुमार पुत्र दुनी चंद गांव गुलेर, तहसील हरिपुर को दोषी पाया गया है और दो वर्ष कारावास के आदेश दिए गए हैं। पोक्सो एक्ट के तहत सुनाई गई सजा के तहत 25 वर्ष कारावास सहित 20 हजार जुर्माना अदा करना होगा। जुर्माना न देने की सूरत में एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आईटी एक्ट में 10 हजार जुर्माना किया है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। उक्त दोनों ही सजाएं साथ-साथ चलेंगी। देहरा पुलिस थाना में चार अगस्त, 2023 को पीड़िता नाबालिग ने बुआ के साथ एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में नाबालिग पीड़िता ने बताया कि आरोपी 47 वर्ष का था, पिछले चार साल से उसके घर में आकर दुष्कर्म कर रहा था। साथ ही डरा-धमकाकर बार-बार शारीरिक रूप से उत्पीड़न कर रहा था। पुलिस थाना देहरा ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। मेडिकल में भी नाबालिग के साथ दुष्कर्म होने की पुष्टि हुई, जबकि मेडिकल रिपोर्ट में नाबालिग को गर्भवती भी पाया गया। पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए प्रयास किए। आरोपी को पांच अगस्त 2023 को पुलिस ने झाड़ियों में छिपे हुए हिरासत में लिया था। नाबालिग को मोबाइल में भी आपत्तिजनक फोटो, वीडियो व मैसेज भेजे गए थे। इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायालय पोक्सो विशेष न्यायधीश धर्मशाला जिला कांगड़ा के समक्ष भी पुलिस जांच, फोरेंसिक सहित विभिन्न सुबूतों व 39 गवाहों को पेश किया गया। आरोपी के सभी दोष सिद्ध होने पर उसे उक्त सजा सुनाई गई।

### गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस सप्ताह पर लगाया रक्तदान व चेकअप शिविर

# योल गुरुद्वारा साहिब में 46 लोगों ने किया रक्तदान

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस सप्ताह के तहत योल स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में रक्तदान शिविर एवं मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांगड़ा के जिलाधीश हेमराज बेरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि धर्मशाला के भूतपूर्व विधायक विशाल नैहरिया विशेष रूप से मौजूद रहे। योल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव परविंदर सिंह ने बताया कि शिविर में समाचार लिखे जाने तक लगभग 46 लोगों ने रक्तदान किया है, जबकि 100 से अधिक लोगों ने मेडिकल चेकअप करवाया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेवा कार्य साहिबज़ादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज में मानवता और भाईचारे का संदेश देते हैं।



# चरस तस्कर को पांच साल की सजा, एक लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चरस** तस्करी के मामले में अदालत ने दोषी चरस तस्कर को 5 साल के कारावास तथा 1 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में तस्कर को एक साल अतिरिक्त कारावास काटना होगा। 15 जनवरी, 2018 को थाना बैजनाथ में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय पालमपुर ने यह फैसला सुनाया।

न्यायालय ने अभियुक्त मुनीष कुमार निवासी मझेरना, तहसील बैजनाथ को पूरे मामले की सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए 5 साल के कारावास व 1,00,000 रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, 5 जनवरी 2018 को पुलिस थाना बैजनाथ की टीम द्वारा गश्त के दौरान समय करीब 5 बजे शाम मझैरना मोड़ पर मुनीष कुमार से 500 ग्राम चरस बरामद की थी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बैजनाथ में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर



गहन जांच की गई। इस मामले में अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाया है। इस मामले में जांच में पाया गया कि 37 वर्षीय प्रीतम सिंह के विरूद्ध मंडी जिला के जोगिंद्रनगर पुलिस थाना में 6 जुलाई 2018 को, पुलिस थाना बैजनाथ में 20 मई 2018 तथा पुलिस थाना पंचरूखी में 18 मार्च 2018 को एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करी के मामले दर्ज हैं। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि कांगड़ा पुलिस नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। आप सभी जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों से अपील है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में पुलिस का सहयोग करें और अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में भागीदार बनें।

# बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करें : कुलवंत

**एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से किया नशे के खिलाफ सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान**

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) परियोजना देहरा के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 'पोषण भी पढ़ाई भी' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए शून्य से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि 'पोषण भी पढ़ाई भी' पहल के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ वातावरण में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पंचायत स्तर पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशे के खिलाफ अभियान के अंतर्गत भी सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा राजेंद्र कुमार ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नवीन शिक्षण तकनीकों एवं पोषण संबंधी जानकारी से सशक्त बनाना था, ताकि जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में सांख्यिकी सहायक सुशील कुमार शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# केंद्र से जारी धनराशि नुकसान की भरपाई और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण : जयराम ठाकुर

## नेता प्रतिपक्ष बोले- सरकार की नाकामी की वजह से प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था क्रिटिकल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार हर बार की तरह लगातार हिमाचल प्रदेश की आर्थिक सहायता कर रही है, जिससे आपदा ग्रस्त प्रदेश को राहत मिल सके। इसी क्रम में गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीडीएनए (पोस्ट डिजास्टर नीड्स एसेसमेंट) के तहत 601 करोड़ 92 लाख की धनराशि हिमाचल प्रदेश को दी है। यह राशि राज्य में आपदा से हुए नुकसान की भरपाई और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

शनिवार को धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि इस सहायता और हिमाचल प्रदेश के साथ मजबूती से खड़े रहने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंदीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व भी पीडीएनए के तहत केंद्र सरकार द्वारा 451 करोड़ की राशि प्रदेश को दी जा चुकी है। वर्ष 2023 से अब तक आई प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत मद में ही लगभग 6000 करोड़ से अधिक की राशि प्रदेश को दी जा चुकी है। जयराम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बार-बार केंद्र सरकार पर सहयोग देने न देने का आरोप लगाया जाता है, यह बहुत दुखद है। मुख्यमंत्री और उनके पूरे मंत्रिमंडल को केंद्र सरकार प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का इस आर्थिक सहायता के लिए आभार प्रकट करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल और एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और सीधे तौर पर आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इन हालातों के लिए पूरी तरह राज्य सरकार और मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिनकी लापरवाही, अदूरदर्शी नीतियां और संवादहीनता के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि इस अव्यवस्था के कारण किसी भी को कुछ होता है, तो उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की होगी। सरकार को राजनीति और प्रचार से बाहर निकलकर प्रदेश की जनता की सेहत और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।



धर्मशाला में प्रेसवार्ता को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों का सर्वांगीण विकास जरूरी : किशोरी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को जीवन मूल्यों का ज्ञान देना उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह बात विधायक किशोरी लाल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जंडपुर में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को समावेशी, समानता आधारित, भविष्योन्मुखी तथा नई तकनीक के प्रति सजग बनाना है, साथ ही उनमें नैतिक और मानवीय मूल्यों का विकास करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि आज शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक, शारीरिक और नैतिक रूप से सक्षम बनाना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और खेलों व रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य यशपाल सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया

# क्रॉस कंट्री रेस: हिमानी और अनन्या ने मारी बाजी



विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल में वार्षिक इंटरहाउस प्रतियोगिता के तहत आयोजित क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया गया।

तीन किलोमीटर की दौड़ ने छात्रों और शिक्षकों में उत्साह भर दिया। मुख्य अतिथि पूनम सूद और राजीव सूद ने भी शोभा बढ़ाई। विद्यालय की संस्थापक एवं प्राचार्या कुसुम राणा तथा प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लड़कों की श्रेणी में मेजर सोमनाथ शर्मा सदन के आदित्य बंगलिया ने पहला तथा सेरिंग आन्दुस ने द्वितीय व रवींद्रनाथ टैगोर सदन के आरव राणा ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में, रवींद्रनाथ टैगोर सदन की हिमानी तथा चैतन्य सदन की अनन्या ने प्रथम व मेजर सोमनाथ शर्मा सदन से सोनिशा ने दूसरा, जबकि आरुषि ने तीसरा स्थान हासिल किया। शिक्षक और संकाय सदस्य भी दौड़ में शामिल हुए। शिवानी ठाकुर ने प्रथम, दूसरा स्थान ईशु एवं कविता तथा तृतीय स्थान सुनैना तथा साक्षी ने हासिल किया। मुख्य अतिथि पूनम सूद, राजीव सूद, कुसुम राणा और मनीषा अग्रवाल ने विजेता छात्रों और शिक्षकों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** कोटला स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

# कृषि मंत्री ने होनहार विद्यार्थी नवाजे

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने, नशे से दूर रहने तथा शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

कृषि मंत्री ने कोटला क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक कलामंच पर 8 लाख, बास्केटबॉल ग्राउंड पर 3 लाख तथा स्टेडियम निर्माण पर 15 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कोटला बायपास का सुधारीकरण 3.84 करोड़, दुराना-सिहुनी सडक़ 10 करोड़, हरियां-कुठेड़ सड़क 7.91 करोड़ तथा रजोल अनुही बग्गा सड़क व पुल निर्माण 10 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग के अंतर्गत देहर खड्ड में बाढ़ नियंत्रण कार्यों पर 5.74 करोड़, कोटला नगर में भूस्खलन शमन कार्यों पर 4.90 करोड़ तथा विभिन्न स्कीमों के पुनर्स्थापन कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

जल संरक्षण व सिंचाई को सुदृढ़ करने के लिए क्षेत्र में चेकडैम, भूमि संरक्षण, शैलो बोरवेल, जल भंडारण टैंक तथा छह सोलर पंपिंग मशीनरियों की स्थापना पर भी लाखों रुपए व्यय किए जा रहे हैं। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनके लिए कृषि मंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इससे पूर्व प्रधानाचार्य बबीता सहोत्रा ने विद्यालय की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया।



कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# न्यूगल स्कूल के दो बच्चों का राष्ट्रीय स्तर पर फेंसिंग प्रतियोगिता में चयन

**अनंत ज्ञान, डरोह**

न्यूगल स्कूल भवारना के दो विद्यार्थियों का फेंसिंग प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। न्यूगल स्कूल भवारना व पूरे भवारना शहर के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों नियति एवं कनिष्क कौंडल का राष्ट्रीय स्तर की फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

दोनों विद्यार्थी ओडिशा के कटक में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में विद्यालय, जिला एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी के अनुसार, दोनों खिलाड़ी 5 जनवारी तारीख को ओडिशा (कटक) के लिए रवाना होंगे, जहां वे देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपनी खेल प्रतिभा, तकनीक और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। यह सफलता विद्यालय में खेलों के प्रति प्रोत्साहन, उत्कृष्ट प्रशिक्षण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का परिणाम है।




ओडिशा (कटक) में होने वाली प्रतियोगिता मे लेंगे भाग।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण से जुड़े कानूनों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा संचालित विशेष अभियान 'आज की रक्षा करें, कल को सुरक्षित करें - पर्यावरण संबंधी कानूनी साक्षरता और सामुदायिक संरक्षण' के तहत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर की ओर से विधिक साक्षरता शिविर एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सभागार, वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र, बिलासपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतीक गुप्ता, सचिव (सीनियर सिविल जज एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को पर्यावरण से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी तथा राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण, नई दिल्ली और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। इस विधिक साक्षरता शिविर में लगभग 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें अधिवक्ता, पैरा लीगल वालंटियर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### हारकुकाहार में श्रद्धा से मनाया वीर बाल दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के हारकुकाहार में वीर बाल दिवस श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री आदरणीय राजेंद्र गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेंद्र गर्ग ने सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के परिवार एवं चारों साहिबजादों द्वारा सनातन धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए दी गई महान शहादत का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का बलिदान न केवल सिख समाज, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहस, त्याग और धर्म की रक्षा के लिए अडिग रहने की प्रेरणा देता है। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज एवं उनके परिवार का बलिदान सदैव देशवासियों के हृदय में अमर रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' और 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह' के जयकारों के साथ गुरु परंपरा को नमन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कोठीपुरा में अटल सुशासन सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** श्री नयना देवी जी के अपर व लोअर मंडल द्वारा शनिवार को अंबेडकर भवन कोठीपुरा में अटल सुशासन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बलबीर सिंह पप्पी और नंद लाल ठाकुर ने की। कार्यक्रम में श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यायन, जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यायन ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, राष्ट्रवादी विचारधारा और सुशासन के मूल्यों पर प्रकाश डाला। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का प्रतीक रहा है। सम्मेलन में सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण पर चर्चा की गई तथा अटल जी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

### भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति की बैठक 28 दिसंबर को धूली मंदिर झंडूता में आयोजित की जाएगी। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान देश राज शर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में 23 फरवरी को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही आंदोलन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बलदेव ठाकुर ने समिति के सभी सदस्यों तथा ग्रामीण विस्थापितों से आग्रह किया है कि वे इस बैठक में भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दें, ताकि आंदोलन को मजबूत दिशा प्रदान की जा सके।

# डॉक्टर हड़ताल पर; ओपीडी बंद, मरीज परेशान

## दूर-दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को निराश होकर बिना इलाज ही वापस लौटना पड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश में डॉक्टरों की राज्यव्यापी हड़ताल के समर्थन में बिलासपुर में ओपीडी छोड़कर अस्पताल परिसर में बैठे डॉक्टर्स।

हिमाचल प्रदेश में डॉक्टरों की राज्यव्यापी हड़ताल का असर शनिवार को बिलासपुर जिले में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला। हड़ताल के चलते जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों ने आम ओपीडी सेवाएं नहीं दीं, जिससे इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा, हालांकि, मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह से जारी रहीं।

हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई के प्रधान डॉ. शिवांशु बंसल ने बताया कि संगठन ने स्पष्ट निर्णय लिया है कि किसी भी मरीज को जान-माल से संबंधित परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इसी निर्णय के तहत इमरजेंसी सेवाएं, ऑपरेशन, भर्ती मरीजों की देखरेख और वार्ड विजिट नियमित रूप से जारी रखे गए हैं। डॉ. बंसल ने कहा कि हड़ताल के दौरान डॉक्टरों ने केवल नियमित ओपीडी सेवाओं से ही दूरी बनाई है, जबकि गंभीर और आपात स्थिति वाले मरीजों को पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य मरीजों को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि अपनी जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। ओपीडी बंद रहने के कारण दूर-दराज क्षेत्रों से इलाज के लिए आए मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा, वहीं कुछ मरीजों ने इमरजेंसी सेवाओं का सहारा लिया। जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी सतर्क नजर आया। डॉक्टरों की इस राज्यव्यापी हड़ताल से प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में केवल आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं ही रहीं जारी**

वहीं, बिलासपुर में मेडिकल एसोसिएशन ने एक बार फिर दोहराया कि मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य उनके लिए सर्वोपरि है और इमरजेंसी सेवाओं में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### घुमारवीं अस्पताल में भी ओपीडी रही बंद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आईजीएमसी शिमला में डॉ. राघव के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में प्रदेशभर के डॉक्टरों में भारी रोष है। इसी कड़ी में डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही, जिसका असर घुमारवीं सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ नजर आया। हड़ताल के चलते अस्पताल में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहीं, जबकि आपातकालीन सेवाएं केवल एक डॉक्टर के सहारे संचालित की गईं। आरडीए शिमला तथा प्रदेश और जिला डॉक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर पहले एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की गई थी, लेकिन सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई न होने के चलते हड़ताल को दूसरे दिन भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। हड़ताल के कारण घुमारवीं सिविल अस्पताल में सामान्य मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर-दराज के क्षेत्रों से इलाज और जांच के लिए पहुंचे मरीजों को ओपीडी बंद होने के कारण बिना उपचार के लौटना पड़ा।

### डॉ. निरुला मामले में एचएमओए एकजुट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (एचएमओए) बिलासपुर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता बिलासपुर इकाई के प्रधान डॉ. शिवांशु बंसल ने की। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से डॉ. राघव निरुला से संबंधित मामले पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में वक्ताओं ने प्रकरण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और संगठनात्मक स्तर पर एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया।

डॉ. शिवांशु बंसल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन चिकित्सकों के हितों और सम्मान से जुड़े विषयों को गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई और निर्णय राज्य कार्यकारिणी से प्राप्त दिशा-निर्देशों के बाद तय किए जाएंगे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी सदस्यों ने संगठन की एकता और अनुशासन बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# एंबुलेंस कर्मियों का आंदोलन जारी

## दूसरे दिन बिलासपुर अस्पताल से उपायुक्त कार्यालय तक निकाली रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर में रैली निकाल नारेबाजी करते 108 और 102 एंबुलेंस के कर्मचारी।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों का आंदोलन बिलासपुर में दूसरे दिन भी जारी रहा। सीटू जिला प्रधान लखनपाल की अगुवाई में कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन में शामिल हुए।

दूसरे दिन कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर से रैली निकालते हुए उपायुक्त कार्यालय तक मार्च किया और जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि आज शाम आठ बजे तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय या सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

इस मौके पर सीटू जिला प्रधान लखनपाल ने कहा कि 108 और 102 जैसी जीवनरक्षक सेवाओं से जुड़े कर्मचारी दिन-रात जनता की सेवा में तैनात रहते हैं, इसके बावजूद उन्हें शोषण और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और कंपनी जानबूझकर कर्मचारियों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है।

### आईटीआई बिलासपुर में कैंपस इंटरव्यू 3 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में तीन जनवरी को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बद्दी जिला सोलन द्वारा कैंपस इंटरव्यू करवाए जाएंगे। कंपनी के कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से बेहतर वेतन के साथ ही अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर ओंकार सिंह ने बताया कि इस इंटरव्यू में पुरुष और महिला दोनों भाग ले सकते हैं। इस इंटरव्यू के लिए योग्यता किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आयु 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच स्वस्थ और हिंदी भाषा पढ़ने और लिखने में सक्षम होना चाहिए। पुरुष का वजन 50 किलो कम से कम, महिलाओं के लिए कम से कम 45 किलोग्राम होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी 12750 प्रतिमाह वेतन देगी।

# केवी घुमारवीं को जल्द मिलेगा अपना स्थायी भवन: जिलाधीश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के स्थायी भवन निर्माण सहित अन्य मदों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि घुमारवीं केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि की एफसीए क्लीयरेंस से संबंधित स्टेज-2 की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इससे आने वाले दिनों में केंद्रीय विद्यालय को अपना स्थायी भवन उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही दसवीं कक्षा की परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। साथ ही उन्होंने विद्यालय के विभिन्न विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। केवी घुमारवीं की प्रधानाचार्य रिंकु कुमारी ने विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को समिति के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की कॉन्ट्रैक्ट नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के अतिरिक्त सीडीपीओ घुमारवीं रंजना सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**भूमि की एफसीए क्लीयरेंस स्टेज-2 की प्रक्रिया पूरी**

## लघट महिला मंडल प्रकरण ने पकड़ा सियासी तूल, जम्वाल बोले-

# एफआईआर वापस न ली तो देंगे धरना



लघट महिला मंडल प्रकरण को लेकर पत्रकार वार्ता करते सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बरमाणा से सटे लघट गांव में 22 दिसंबर को घटित महिला मंडल सदस्यों से जुड़े पूछताछ प्रकरण ने अब सियासी भूचाल ला दिया है। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाओं पर पुलिस कार्रवाई को लेकर मामला सड़क से सदन तक गूंजने लगा है। इसी कड़ी में सदर भाजपा ने बरमाणा थाना पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे जनभावनाओं के विपरीत करार दिया है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ आंदोलन की चेतावनी भी दे डाली है।

इस मामले को लेकर सदर भाजपा ने आरोप लगाया है कि बरमाणा थाना पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई कई संदेह पैदा करती है। भाजपा ने मांग की है कि इस प्रकरण में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और महिला मंडल सदस्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामलों को तुरंत निरस्त किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो सदर भाजपा 30 दिसंबर को धरना प्रदर्शन और आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस व जिला प्रशासन की होगी।

**सदर भाजपा ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल**

शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए सदर भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि एक ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार एंटी-चिट्टा वॉकथॉन आयोजित कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर चिट्टे के खिलाफ पुलिस को सूचना देने और नशा तस्करों को पकड़वाने में सहयोग करने वाली महिला मंडलों पर ही बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं, जिनमें कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि पुलिस ने उन लोगों के कहने पर एफआईआर दर्ज की है, जो स्वयं नशे के आदी बताए जा रहे हैं, जबकि पहले पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एफआईआर उस व्यक्ति के इशारे पर दर्ज की गई है, जिसका परिवार पहले भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल रहा है। उन्होंने बिलासपुर कॉलेज प्राचार्य द्वारा एंटी-चिट्टा वॉकथॉन को लेकर छात्रों के लिए जारी किए गए नोटिस पर भी सवाल खड़े किए। अंत में उन्होंने एक बार फिर महिला मंडल सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामलों को तुरंत रद्द करने की मांग दोहराई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, दिवेश चंदेल, सुभाष, चमन गुप्ता और संजीव डोगरा भी उपस्थित रहे।

# बरठीं बाजार में व्यापारियों ने रोड डिवाइडर पर लगाए गुलाब के पौधे

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

बरठीं बाजार को और अधिक सुंदर व हरा-भरा बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। बाजार में बने रोड डिवाइडर के कुछ हिस्सों पर स्थानीय व्यापारियों ने गुलाब के पौधे लगा दिए हैं। समाज सुधार समिति के अध्यक्ष कुलवंत ढटवालिया ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज बरठीं बाजार के डिवाइडर के कुछ हिस्सों पर व्यापारियों द्वारा गुलाब के पौधे रोपित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल बाजार की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। कुलवंत ढटवालिया ने बरठीं बाजार के सभी व्यापारी भाइयों से अपील की है कि वे अपनी-अपनी दुकानों के सामने वाले डिवाइडर भाग को साफ-सुथरा रखें और इन पौधों की देखभाल करें, ताकि ये अच्छे से पनप सकें और बाजार में हरियाली का माहौल बना रहे। यह पहल स्थानीय स्तर पर पर्यावरण जागरूकता और सामुदायिक सहयोग का उदाहरण है। उम्मीद है कि अन्य व्यापारी भी इसमें शामिल होकर बरठीं बाजार को और अधिक आकर्षक बनाएंगे।

**बाजार को हराभरा और सुंदर बनाने की पहल**

# पूर्व भाजपा विधायक सेंगर की सजा सस्पेंड करने का युवा कांग्रेस झंडूता ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, झंडूता**




उन्नाव रेप मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड होने के फैसले के खिलाफ हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने झंडूता बाजार में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर की अगुवाई में आयोजित इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के इस फैसले की कड़ी निंदा की।

उन्होंने कहा कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़िता के परिवार की सुरक्षा और आजीविका खतरे में पड़ गई है। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले ने देश की लाखों महिलाओं को असुरक्षित महसूस कराया है, यहां तक कि पीड़िता के पति की नौकरी भी चली गई। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक पीड़िता को पूर्ण न्याय नहीं मिलता, युवा कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा, 'यह फैसला न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया को गलत संदेश दे रहा है। हर नागरिक चाहता है कि पीड़िता को न्याय मिले।' प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल खालिक, सचिव शिवम शर्मा, जिला अध्यक्ष पंकज राणा, पूर्व झंडूता अध्यक्ष कार्तिक चंदेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल: रणधीर शर्मा

## कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक; महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा ओबीसी मोर्चा की परिचय बैठक जिला कार्यालय में अध्यक्ष खुशी राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और जनता के साथ किए गए वादों से लगातार मुकर रही है।

उन्होंने कहा प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। शर्मा ने कहा कि सरकार का पूरा ध्यान आंतरिक कलह और सत्ता बचाने में लगा है, न कि जनहित के मुद्दों पर। वहीं, बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रामलोक धनोटिया ने कहा कि ओबीसी समाज को समान



अधिकार, सम्मान और अवसर दिलाने हेतु सतत प्रयास है। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ओबीसी वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा पंचायत, नगर निकाय से लेकर विधानसभा व लोकसभा स्तर तक ओबीसी वर्ग की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देने को कहा।

# सीएम का बिलासपुर दौरा बना परेशानी का सबब: कृष्ण लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने मुख्यमंत्री के बिलासपुर दौरे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दौरा बच्चों को परेशान करने वाला साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि रैली में भीड़ जुटाने के लिए सुबह 6 बजे से ही स्कूली बच्चों को परेशान किया गया और सभी स्कूलों को निर्देश दिए गए कि बच्चों को बसों में भरकर बिलासपुर लाया जाए। कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि कई स्कूलों के बच्चे सुबह करीब 8 बजे ही बिलासपुर पहुंच गए थे, जबकि मुख्यमंत्री लगभग 1 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान बच्चों, विशेषकर छात्राओं को घंटों इंतजार करना पड़ा और उनके लिए वॉशरूम जैसी बुनियादी सुविधाओं की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि चिट्टे जैसे घातक नशे को बच्चों को दौड़ाकर या उनसे डांस करवाकर खत्म नहीं किया जा सकता।

**सहभागिता** चिट्टे के खिलाफ जंग में युवाओं, शिक्षा विभाग, बिलासपुर पुलिस व प्रशासन की सामूहिक सहभागिता

# एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन में दिखी एकजुटता

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री ठसुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर प्रदेशभर में चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक जन आंदोलन के तहत बिलासपुर में आयोजित एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन में युवाओं, शिक्षा विभाग, बिलासपुर पुलिस और प्रशासन की सामूहिक सहभागिता देखने को मिली। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया, वहीं लोक संपर्क विभाग ने इस जन आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बॉयज) से लुहणू मैदान तक निकाली गई इस पदयात्रा में विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकथॉन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टोबा, बरठी, मिनर्वा स्कूल, अल्फा स्कूल बरठी, बरमाणा कॉल वैली नर्सिंग स्कूल के बच्चों ने नशे के खिलाफ नारों के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की। युवाओं ने कहा कि वे सभी मिलकर हिमाचल को चिट्टे से मुक्त करेंगे। कार्यक्रम के दौरान हारमनी



ऑफ द पाइन्स हिमाचल पुलिस बैंड ने विशेष प्रस्तुति दी। बैंड की प्रस्तुति पर बच्चे उत्साह से झूमते नजर आए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी पदयात्रा में भाग लिया और नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश दिया। पीडब्ल्यूडी के जिला प्रमुख (एसई) जीत सिंह ठाकुर ने कहा कि चिट्टा केवल नशा नहीं, बल्कि युवाओं और समाज को तबाह करने वाला जहर है। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को शिमला के रिज मैदान से शुरू हुआ यह आंदोलन अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भी सहभागिता निभाई। बिलासपुर कॉलेज के लगभग 2600 विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने नशे के खिलाफ शपथ लेकर शत-प्रतिशत सहभागिता दर्ज कराई। यह वॉकथॉन इस बात का प्रमाण है कि जब युवा, शिक्षा संस्थान, पुलिस और प्रशासन एकजुट होते हैं, तो हिमाचल को चिट्टे से मुक्त करना संभव है।

# पूर्व अर्धसैनिक कर्मचारियों के कल्याण व अधिकारों के लिए घुमारवीं में हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

देश की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा चुके पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के कल्याण और अधिकारों को लेकर घुमारवीं में गंभीर मंथन हुआ। पूर्व अर्धसैनिकों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखने का संकल्प लिया और अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन को समय की आवश्यकता बताया। पूर्व अर्धसैनिक एसोसिएशन, बिलासपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस, घुमारवीं में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य फरवरी माह में प्रस्तावित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से होने वाली भेंट के मद्देनज़र पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के कल्याण हेतु अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श करना रहा।बैठक की अध्यक्षता पूर्व कमांडेंट आरडी. ठाकुर ने की। इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी रणनीति तय करने के लिए एक कोर कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में पूर्व अर्धसैनिकों से जुड़े सामाजिक, आर्थिक और कल्याणकारी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए संगठित प्रयास ही सकारात्मक परिणाम दिला सकते हैं। हिमाचल पूर्व पैरामिलिट्री एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर जोगिंदर सिंह रनोत ने जानकारी देते हुए बताया कि गठित कोर कमेटी फरवरी माह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों की समस्याओं, उनके कल्याण तथा अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन के विषय में विस्तार से चर्चा करेगी। उन्होंने आशा जताई कि राज्य सरकार इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेकर पूर्व अर्धसैनिकों को उनका अधिकार और सम्मान सुनिश्चित करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी में जमीन का फर्जीवाड़ा, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** जिला पुलिस चम्बा ने डलहौजी में जाली पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर भूमि ट्रांसफर के आरोप में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस थाना डलहौजी में अभियोग संख्या 73/25 के तहत आईपीसी की धारा 420, 419 और 120-बी के अंतर्गत यह केस पंजीकृत किया गया। शिकायतकर्ता अमर सिंह निवासी बल्ले ने ऐसो देवी व सुभाष निवासी मनोला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप है कि आरोपियों ने जाली जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर उसकी जमीन का अवैध ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### छात्राओं को निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 'भविष्य सेतु - एक पहल सुनहरे भविष्य की' विषय पर करियर परामर्श शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एडीएम अमित मैहरा ने छात्राओं को निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। शिविर में उप पुलिस अधीक्षक बलदेव दत्त ने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। महिला आयुक्त अपराजिता चंदेल ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतियोगी परीक्षाओं में लक्ष्य निर्धारण पर मार्गदर्शन किया। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने करियर विकल्प और रोजगार योजनाओं की जानकारी दी। राजकीय बहुतकनीक संस्थान सरोल के प्रवक्ता हिमांशु बगलवान ने तकनीकी शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

### विद्यार्थी परिषद की क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिल्ह इकाई द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महामंत्री विनोद ने किया। उन्होंने युवाओं को खेलों के महत्व और सही संगति के माध्यम से जीवन में अनुशासन बनाए रखने की प्रेरणा दी। विनोद ने कहा कि एक सच्चा खिलाड़ी वही बन सकता है जो नशे और गलत संगति से दूर रहे। उन्होंने युवाओं को नशे की बुरी आदत से सावधान रहने और जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बालकृष्ण, सुरेश शर्मा, अक्षय कुमार और अनूप शास्त्री सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### डलहौजी के ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी यूथ हॉस्टल में नेशनल लेवल का हिमालयन विंटर ट्रेकिंग एक्सपीडिशन आयोजित हुआ। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया पिछले 24 वर्षों से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन कर रही है। इस साल 300 से अधिक प्रतिभागी विभिन्न राज्यों से शामिल हुए। नेशनल प्रेसिडेंट राजेंद्र आर्लेकर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। शनिवार को एसडीएम डलहौजी अनिल कुमार भारद्वाज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को डलहौजी की भौगोलिक सुंदरता और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी और टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूथ हॉस्टल मैनेजर देविंदर शर्मा ने प्रतिभागियों को सफल एक्सपीडिशन की शुभकामनाएं दी। कैंप लीडर समीर सोनी और प्रोग्राम ऑफिसर गुलजार अहमद ने कार्यक्रम में योगदान दिया और इसे सफल बनाया।

### शहीदों की याद में संगतों ने किया कीर्तन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सिंह सभा गुरुद्वारा डलहौजी कैंट में बड़ी श्रद्धाभावना के साथ श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। गुरुद्वारा के ग्रंथि रणजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के साथ उनकी माता गुजर कौर और सहबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फ़तेह सिंह का शहीदी पर्व भी स्मरण किया गया। सुबह 9 बजे से कीर्तन दरबार आयोजित किया गया, जिसमें गुरु की बानी और कीर्तन के माध्यम से शहीदों की याद की गई। संगतों ने नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अवतार सिंह वालिया, हरजिंदर सिंह, रविंदर सिंह, हरमिंदर सिंह, गुरजीत सिंह, गुरचरण सिंह और बीर सिंह सहित बड़ी संख्या में संगतों ने माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन दरबार के बाद गुरुद्वारा में अटूट लंगर भी सभी संगतों के लिए वरताया गया।

### शैक्षणिक भ्रमण कर हासिल की जानकारियां

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय विद्यालय बगढार, समलेऊ और ढगोह के विद्यार्थियों ने बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग और आईटीआई बोंखरी मोड़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। हेल्थ केयर और टेली कम्युनिकेशन के 23 विद्यार्थियों ने नर्सिंग प्रयोगशालाओं का अवलोकन कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वहीं समलेऊ और ढगोह के 90 विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिशियन, फीटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, सर्वेयर और कंप्यूटर लैब का दौरा कर व्यावहारिक अनुभव हासिल किया। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने विद्यार्थियों को मल्टी पर्पज हेल्थ वर्कर कोर्स समेत संस्थान में उपलब्ध उच्च श्रेणी उपकरणों और प्रशिक्षण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। तीनों विद्यालयों के अध्यापकों ने संस्थान की सुविधाओं और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के तरीके की सराहना की और विद्यार्थियों के लिए इस शैक्षणिक भ्रमण की उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया।

### शिक्षा व शैक्षणिक व्यवस्था प्रदेश की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा, शिक्षक और शैक्षणिक व्यवस्था हमेशा प्राथमिकता में रही है। यह बात भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश सह-संयोजक प्रो. (डा.) प्रदीप कुमार वैद ने कही। जिला चंबा से संबंध रखने वाले प्रो. वैद लंबे समय तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 की टास्क फोर्स में सक्रिय योगदान दिया और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लोक-नीति व सुशासन जैसे विषयों पर प्रभावी प्रस्तुतियाँ दीं। प्रो. वैद के अनुसार भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षा नीति निर्धारण, शैक्षणिक चुनौतियों, अनुसंधान और शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास के लिए मार्गदर्शक भूमिका निभाएगा और भविष्य की शिक्षा नीति को धरातल पर लागू करने में योगदान देगा।

### मउआ स्कूल को मिली 30 लाख की सौगात

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मउआ स्कूल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि बैरा सीउल पावर स्टेशन के जनरल मैनेजर सिविल छत्र रंजन शर्मा का स्कूल प्रांगण में स्वागत किया गया और उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने हिंदी, पहाड़ी, पंजाबी व राजस्थानी गीतों पर प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण हुआ। स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत स्कूल की तीन कमरे वाली नई इमारत लगभग 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित की गई, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि ने किया। विशेष अतिथि और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### स्लेटपोश मकान जलकर राख, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाग पंचायत में दो कमरों का स्लेटपोश मकान आग की भेंट चढ़ गया, लाखों का नुकसान हुआ। उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत वाग में गत रात्रि यह दर्दनाक अग्निकांड हुआ। मकान सुमना देवी पत्नी जगदीश चंद का था, जिसमें किचन भी शामिल था। रात में कुछ आवाजें सुनकर जब सुमना देवी बाहर निकलीं तो मकान में आग भड़क चुकी थी। पड़ोसियों, पुलिस और अग्निशमन विभाग की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। आग में बेड, रजाइयां, कपड़े, गैस सिलेंडर, फ्रिज, गीजर, वॉशिंग मशीन और बर्तन जल गए। मकान की छत भी गिर गई। इस हादसे में लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ। ग्राम प्रधान अशोक कुमार व उपप्रधान प्रताप सिंह ने मौके का जायजा लिया और राजस्व विभाग ने प्रभावित परिवार को दस हजार रुपये की फौरी राहत दी।

### हिमाचल की खो-खो टीम बेंगलुरु रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश खो-खो की टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए बैंगलुरू के लिए रवाना हो गई। शनिवार को हिमाचल प्रदेश खो-खो संघ के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर व महासचिव एवं भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एल आर वर्मा ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 44वीं राष्ट्रीय जूनियर खो-खो चैंपियनशिप कर्नाटक के बैंगलुरू में 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक खेली जाएगी, 15 लड़कों व 15 लड़कियों की टीम हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। लड़कियों की टीम मैनेजर नीलम कुमारी व टीम कोच सरोज ठाकुर जबकि लड़कों के टीम मैनेजर मुकेश, टीम कोच विक्रम कुमार व टैक्नीकल आफिसर चुनी लाल टीम के साथ रवाना हुए।

# चुराह चरस मामले में परिजन बोले– युवती को फंसाने की हो रही साजिश

## प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा से मिलकर स्पष्ट और पारदर्शी जांच की अपील की

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**




चरस मामले में युवती के परिजन व क्षेत्रवासी डीसी से पारदर्शी जांच की मांग करते हुए।

चंबा जिला के उपमंडल चुराह क्षेत्र से जुड़ा चरस बरामदगी का मामला अब चर्चा और जांच का विषय बन गया है। युवती को एक किलोग्राम 402 ग्राम चरस के साथ पकड़े जाने के बाद जहां मामला गंभीर बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर युवती के परिजन और क्षेत्रवासी इसे एक साजिश करार दे रहे हैं। हालांकि, प्रशासनिक और कानूनी दृष्टि से मामले की वास्तविकता जांच के बाद ही सामने आना अभी शेष है।

परिजनों के अनुसार युवती शुक्रवार को जब यह लड़की अपनी गाड़ी की सर्विस करवाने चंबा आए रही थी तो उसके घर वाले ने अपनी इसी स्कूटी को सड़क किनारे खड़ा किया हुआ था। और उसी तरह वह अपनी स्कूटी को लेकर चंबा की और चल पड़ी। पर इससे पहले उसने अपनी स्कूटी को नकरोड मकैनिक के पास हेलमेट निकालने दिखी को खुलवाना चाहा तो डिक्की नहीं खिली और स्कूटी मकैनिक ने कहा कि आप चंबा जा ही रही है तो वहीं से डिक्की को खुलवा लेना। फिर युवती चंबा की और अपनी स्कूटी पर चल पड़ी

परिजनों का कहना है कि जब युवती कंदला पहुंची तो वहां एसआईयू टीम चेकिंग चल रही थी और फिर उनके द्वारा स्कूटी की जांच की गई, जिसमें चरस बरामद होने की बात सामने आई। युवती के परिवार का दावा है कि वह स्वयं एक सरकारी कर्मचारी है और उसका कोई आपराधिक या नशा तस्करी से जुड़ा पूर्व रिकॉर्ड नहीं रहा है। परिवारजनों का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा युवती को फंसाने की कोशिश की गई है और यह पूरा मामला एक सुनियोजित साजिश का परिणाम हो सकता है। इसी को लेकर शनिवार को ग्राम पंचायत टिक्करीगढ़ के प्रधान की अध्यक्षता एवं परिवार के लोगों के साथ एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त चंबा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यात्मक जांच की मांग की, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला वास्तव में तस्करी का है या किसी निर्दोष को फंसाने की कोशिश।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि युवती को दोषी या निर्दोष ठहराना जांच एजेंसियों का कार्य है और जब तक जांच पूरी न हो जाए, किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

# डॉक्टरों की हड़ताल: चंबा में ओपीडी सेवाएं ठप, सिर्फ इमरजेंसी सेवा चालू

**अनंत ज्ञान, चंबा**



मरीजों की जान से जुड़े मामलों में डॉक्टर पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं ड्यूटी: करण हितेशी

आईजीएमसी शिमला में हाल ही में हुए विवाद को लेकर सरकार द्वारा डॉक्टर राघव नरूला को सेवा से बर्खास्त किए जाने के फैसले पर प्रदेशभर के डॉक्टरों में जबरदस्त रोष देखने को मिल रहा है। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. करण हितेशी ने इस कार्रवाई को अत्यंत कठोर और असंवेदनशील करार दिया है।

डॉ. करण हितेशी ने स्पष्ट किया कि इस निर्णय के विरोध में चंबा में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद हैं, जबकि आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह सुचारु रूप से जारी हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों की जान से जुड़े मामलों में डॉक्टर पूरी निष्ठा से ड्यूटी निभा रहे हैं, लेकिन नियमित ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार आंदोलन का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि यह आंदोलन रेज़िडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन शिमला और हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की राज्य इकाई के आह्वान पर शुरू किया गया है, जिसके तहत जिला स्तर पर हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की इकाइयां पूरी एकजुटता से इसका पालन कर रही हैं।

डॉ. करण हितेशी ने कहा कि अब तक सरकार ने डॉक्टरों से जुड़े मामलों में हमेशा सकारात्मक रुख अपनाया है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले में भी सरकार न्यायपूर्ण और संतुलित फैसला लेगी।

# भंगेई संपर्क मार्ग का शिलान्यास

## भटियात में सड़क नेटवर्क विस्तार के दिखने लगे ठोस परिणाम: कुलदीप



थुलेल में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत थुलेल में भंगेई संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की रीढ़ होती हैं और सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव को बेहतर सड़क सुविधा से जोड़ना है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि लगभग 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस संपर्क सड़क से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और उनका दैनिक जीवन और अधिक सुगम बनेगा। उन्होंने कहा कि भटियात क्षेत्र में पूर्व में तैयार विशेष कार्य योजना के परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। वर्तमान में लगभग 80 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

विधायक ने बताया कि कार्यों की निरंतरता में विभिन्न ग्राम पंचायतों के 12 संपर्क मार्गों के निर्माण को प्रधानमंत्री ग्राम संपर्क योजना (पीएमजेएसवाई) के तहत स्वीकृति दी गई है, जिससे लगभग 70 किलोमीटर नए मार्गों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा थुलेल और आसपास के ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं को सुदृढ़ करने हेतु लगभग 19 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय करने का प्रावधान है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने आश्वासन दिया कि भंगेई संपर्क मार्ग के निर्माण के बाद इसका विस्तार मुख्य मार्ग तक किया जाएगा ताकि सभी गांव मुख्य मार्ग से जुड़े रहें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया, उप पुलिस अधीक्षक शेर सिंह, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, स्थानीय पंचायत प्रधान कुलदीप कुमार कौशल सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जसौरगढ़ में पर्यटन विकास की मांग को लेकर एनएसयूआई गर्ल्स विंग सक्रिय

**हसन शेख, अनंत ज्ञान**



रजनी मल्होत्रा ने पर्यटन विभाग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन।

**चुराह।** चंबा जिला की तहसील चुराह अंतर्गत पंचायत जसौरगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाओं को लेकर एनएसयूआई गर्ल्स विंग ने सक्रियता दिखाई। एनएसयूआई गर्ल्स विंग की अध्यक्ष रजनी मल्होत्रा ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं के विकास की मांग की। ज्ञापन में रजनी मल्होत्रा ने बताया कि जसौरगढ़ पंचायत में स्थित लगूंड और धार पुखर जैसे स्थल प्राकृतिक रूप से अत्यंत सुंदर हैं और ट्रैकिंग तथा पर्यटन के लिए उपयुक्त हैं, लेकिन अभी तक इन स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से मान्यता नहीं मिली है। न ही पर्यटकों के ठहरने के लिए कोई विश्राम गृह या बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने मांग की कि पर्यटन विभाग द्वारा जसौरगढ़ में एक विश्राम गृह स्वीकृत किया जाए और लगूंड व धार पुखर को आधिकारिक ट्रैकिंग एवं पर्यटन स्थलों के रूप में मान्यता दी जाए। इसके साथ ही इन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए विभागीय सहयोग भी प्रदान किया जाए। रजनी मल्होत्रा ने कहा कि पर्यटन विकास से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्यटन विभाग इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

# एंबुलेंस कर्मियों का डीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 108–102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन (सीटू) की दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल शनिवार को दूसरे दिन भी सुदेश ठाकुर की अध्यक्षता में जारी रही। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चंबा शहर में रैली निकाली और उपायुक्त कार्यालय के बाहर दिनभर धरना देकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने में सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर, अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष विपिन शर्मा, यूनियन अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष तिलक सहित अन्य नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल कर्मचारियों की जायज मांगों के लिए की गई है और सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर समाधान करना चाहिए। यूनियन ने मांग की कि उच्च न्यायालय के फैसले को लागू किया जाए, न्यूनतम वेतन के अनुसार भुगतान हो, बकाया एरियर का निपटारा किया जाए, ईपीएफ में कर्मचारी अंशदान की व्यवस्था हो व ओवरटाइम का दोगुना भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# एसडीएम ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश



उपमंडल पांगी में विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित।

**अनंत ज्ञान, पांगी**

उपमंडल पांगी के विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए आज लाइब्रेरी हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) अमनदीप ने की। इस बैठक में उपमंडल से संबंधित स्थानीय जनसमस्याओं और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई।

एसडीएम अमनदीप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी न करने का विशेष निर्देश दिया।

बैठक में नायब तहसीलदार सीता राम, एसएमएस कृषि विभाग नरेश कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, जेई (ब्लॉक), पंचायत सचिव, पटवारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी विभागों ने आगामी योजनाओं और स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर सहमति व्यक्त की।

# एंबुलेंस कर्मियों ने विरोध स्वरूप निकाली शवयात्रा, चौहटा में किया दहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सीटू से सबंधित एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर जारी दो दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन मंडी शहर में पुतले की शवयात्रा निकाली और ऐतिहासिक चौहटा बाजार में उसका दहन किया। जिसके चलते शनिवार को भी मंडी ज़िला के एंबुलेंस कर्मचारी पूर्ण हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय मंडी में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और शहर में शवयात्रा निकाली। मंडी में हुए प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के ज़िला प्रधान सुमित कपूर, महासचिव पंकज कुमार,संतोष कुमारी, ममता शर्मा, रजनी, तिलक राज, योगेश कुमार, चमन लाल, मनोज कुमार, रजनीश, हंसराज व सीटू के ज़िला महासचिव राजेश शर्मा, सुरेश सरवाल, गोपेंद्र आदि शामिल रहे। सीटू जिला महासचिव राजेश शर्मा ने कहा कि यदि कंपनी द्वारा इन्हें सरकारी नियमानुसार वेतन, ओवरटाईम, सभी प्रकार की छुट्टियां, गाड़ी की मेंटीनेंस, इंश्योरेंस और कर्मचारियों की बीमारी के दौरान पूरा वेतन देने, हाईकोर्ट व श्रम विभाग के आदेशों, यूनियन नेताओं की प्रताड़ना की नीति को नहीं बदला तो यूनियन को अनिशिचतकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार व कंपनी की होगी।

# देवी-देवताओं व हिंदू ग्रंथों पर अपमानजनक टिप्पणी का आरोप, वीडियो वायरल होने पर भड़का आक्रोश

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने से आक्रोश फैल गया है। वीडियो में सूरजमणी नामक व्यक्ति ने देवी-देवताओं और हिंदू धर्मग्रंथों को काल्पनिक बताते हुए उन्हें पैसा कमाने का साधन बताया। इस पर टीम शिव सोशल क्लब्स राज ने एसपी मंडी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ स्न्नढ्ढक्र दर्ज करने और उसे गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणी धर्म और समाज की आस्था को ठेस पहुंचाती है।

**Office of the Sec. Zilla Parishad-Cum-Distt. Panchayat officer Distt. Chamba**

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Item rate Tenders/Quotations in a sealed envelope are hereby invited by the undersigned for the work detailed given below from the approved and eligible contractors, so as to reach in the office of District Panchayat Office Chamba, Distt. Chamba on or before 12/01/2026 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM onwards, in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tenders received after the above date and time shall not be entertained. The Detailed DNIT can be obtained from the Office of undersigned on any working day or before above mentioned date & hour by depositing the sum of Rs 300.

| S N | Name of Work | Estimate Cost Rs. | Earnest Money | Cost of Tender form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Link Road Nala to Dehra 1st Phase | 117016 | 2500 | 300 | 3 Month |
| 2. | Construction of Link Road Nala to Dehra 2nd Phase | 100669 | 2500 | 300 | 3 Month |

1. The District Panchayat Officer, Chamba reserves the right to reject the tender/Quotation without assigning any reasons there to.
2. For further information, please contact the office of undersigned on any working day from 10:00AM to 5:00PM

Secretary Zilla Parishad
-cum-District Panchyat Officer Chamba
Distt. Chamba Himachal Pradesh

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, कृष्णा देवी** (43) पत्नी महिंदर सिंह निवासी गांव और डाकघर महादेव, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि सभी दस्तावेजों के अनुसार मेरा वास्तविक और सही नाम नीरा देवी के स्थान पर कृष्णा देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, लीला देवी** पत्नी देवणु गांव सन्दोआ डाकघर शाला तहसील चव्योट जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं। कि मेरा नाम सभी दस्तावेजों में लीला देवी व जन्मतिथि 01.01.1971 सही दर्ज है परंतु गलती से मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम लीलावती और जन्मतिथि 01.01.1970 गलत दर्ज हो गयी है सही नाम व जन्मतिथि जन्म प्रमाण पत्र में दुरुस्त कि जाए । सभी संबंधित नोट करें।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा न. 119/एनटी /25
तारीख पेशी:- 08.01.2026
श्री किरण वाला पत्नी पूर्ण शर्मा निवासी गांव व डा. महाकाल, तहसील वैजनाथ, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
किरण वाला पत्नी पूर्ण शर्मा निवासी गांव व डा. महाकाल, तहसील वैजनाथ, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनके ससुर दुर्योधन पुत्र गंगा राम निवसी गांव सुघर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. की मृत्यु 10.09.1987 को गांव सुघर में हुई है। लेकिन उनकी मृत्यु पंजीकरण ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
चुंकि आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 08.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रात: 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्तजन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुरको पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 18.12.25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी एवमं नायव तहसीलदार पामलपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**
किस्म मुकदमा तकसीम
मुकदमा न. 31/एनटी /2025
तारीख पेशी 09.01.2026
**दीपक कुमार आदि बनाम दीना नाथ दि**
**समन बनाम:**- (1) दीना नाथ पुत्र रौनकी पुत्र चौधरी निवासी हार खास, वार्ड न. 1 लोहना, डा नच्छिर, (2) सुभाष पुत्र मस्तो पुत्र होशनाकी निवासी वार्ड न. 1 लोहना, डा नच्छिर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. (3) पार्वती देवी पत्नी व 4 संजीव कुमार पुत्र पूर्ण चन्द पुत्र होशनाकी निवासी ग्लोव क्लोनी, हाऊस न. 78, नजदीक शिव मन्दिर, शशी नगर, ईन्डस्ट्री एरिया, अमृतसर, (by pass Jalandhar, Punjab -144004)
**विषय:**-भूमि तकसीम खाता न. 109 खतौनी न. 185 , खसरा किता 21 रकवा तादादी 0-65-88 हैक्ट. स्थित महाल बन्दला खास, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2017-18
उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई वार समन किये गये परन्तु साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 09.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 22.12.25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा न. - 109/एनटी /25
तारीख पेशी:- 09.01.2026
श्री अनुप कुमार पुत्र जगन नाथ निवासी गांव व डा. चौकी, खलेट, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्री अनुप कुमार पुत्र जगन नाथ निवासी गांव व डा. चौकी, खलेट, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांव चौकी खलेट में दिनांक 03.04.1976 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
चुंकि आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 09.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रात: 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। वाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काबिले गौर न होगा तथा उपरोक्तजन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 18.12.25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।**
मुकदमा न. -11/एनटी /25
तारीख पेशी:- 30.12.2025
श्रीमति अरुणा देवी पुत्री हरी लाल प्रधान निवासी वार्ड न. 1 गांव लोहना, नगर निगम, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति अरुणा देवी पुत्री हरी लाल प्रधान निवासी वार्ड न. 1 गांव लोहना, नगर निगम,, तहगील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांव लोहना में दिनांक 07.07.1947 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
चुकिं आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किमी व्यक्ति को कोई भी उजर/एतराज हो तो यह दिनांक 30.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रात: 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काबिले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 18.12.25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा, हि.प्र.।**
मुकदमा न. 108/एनटी /25
तारीख पेशी:- 15.01.2026
श्री दीपक तमंग पुत्र स्व. खोगा तमंग निवासी वार्ड न. 15 नगर निगम पालमपुर, डा. बनूरी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**बनाम**
**आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्री दीपक तमंग पुत्र स्व. खोगा तमंग निवासी वार्ड न, 15 नगर निगम पालमपुर, डा. बनूरी, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म गांव भरमात में दिनांक 19.03.1973 को हुआ है लेकिन ग्राम पंचायन / नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
चुकिं आम जनता को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं हो पा रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किमी व्यक्ति को कोई भी उज्र । एतराज हो तो वह दिनांक 15.01.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रात: 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। वाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश संबन्धित ग्राम पंचायत / नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
22/12/25 आज दिनांक को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी अधिकारी पालमपुर।**

**ईश्तहार / सार्वजनिक सूचना**
**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार तहसील सदर चंबा, जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश)**
विषय /अनुवान मुकद्दमा:-देस राज पुत्र तानी, पुत्र मोती (मृतक) तारीख मृत्यु 22.05.2024 द्वारा पंजीकृत करवाए गए वसीयतनामा पंजी. संख्या 60 तिथि 16.04.2005 मिनजामिन सब रजिस्ट्रार, तहसील सदर चंबा, जिला चंबा के संदर्भ में सूचना बारा।
**रमेश कुमार पुत्र करमों पुत्र तानी**
**बनाम**
**श्रीमति कांतो देवी (तलाकशुदा) पत्नी देस राज पुत्र तानी**
उपरोक्त विषय/ अनुवान मुकद्दमा के संदर्भ में श्रीमति कांतो देवी (तलाकशुदा) पत्नी देसराज पुत्र तानी पुत्र मोती को बजरिया ईश्तहार/सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि देसराज पुत्र तानी पुत्र मोती निवासी गांव कुटला डाकघर साच की गत तिथि 22.05.2024 को मृत्यु हो चुकी है। जिसका वरास्त वरुवे वरास्त ईंतकाल ईंतकाल नं.776 मुहाल द्रमण (19) पटवार वृत साच तहसील सदर चंबा, जिला चंबा (हि.प्र.) मुताबिक पंजीकृत वसीयतनाम वसीका सं.60 पंजी. तिथि 16.04.2005 द्वारा सब रजिस्ट्रार तहसील सदर चंबा दर्ज रजिस्टर ईंतकाल बहक रमेश कुमार पुत्र करमों पुत्र तानी (भतीजा मृतक देसराज उक्त) होकर फैसला हेतू बकाया में है। यदि उपरोक्त आपको ईंतकाल नं. 776 वरास्त वस्वे वसीयत मुहाल द्रमण (19) व पंजीकृत वसीयतनामा पंजी. संख्या 60 पंजी. तिथि 16.04.2005 के संदर्भ में कोई उजर व एतराज हो तो वह अपना पक्ष रखने हेतु असालतन या वकालतन तिथि 30 या 31 मई 2025 को वरवक्त सुबह 11.00 बजे मुख्य पटवारखाना भवन साच में हाजिर आवें। तत्पश्चात आपके द्वारा किए गए कोई भी उजर व एतराज काबले समायत नहीं होंगे। मिनजानिव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील सदर चंबा, जिला चंबा (हि.प्र.) की लोक अदालत (ईंतकाल दिवस) ब्रांये तसदीक ईंतकाल तिथि 30 या 31 मई 2025 को मुकाम पटवारखाना भवन साच (स्थिति ओबड़ी) में रखी गई है अत: आप उपरोक्त तिथि 30 या 31 मई 2025 को मुकाम पटवारखाना भवन साच (स्थिति ओबड़ी) वरवक्त सुबह 11.00 बजे हाजिर आवें। हाजिर नहीं आने की सूरत में आपके विरूद्ध एक तरफ कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।
-हस्ता-
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार तहसील सदर चंबा, जिला चंबा (हिमाचल प्रदेश)**

जिस कुल, जाति, देश के बच्चे दे सकते हैं यों बलिदान, उसका वर्तमान कुछ भी हो भविष्य है महामहान

–मैथिलीशरण गुप्त

## संपादकीय

# विकास और वित्तीय दबाव

हिमाचल प्रदेश सरकार वर्तमान में गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है और इस परिस्थिति में राज्य एक बार फिर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से 1000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लोन लेने जा रही है। यह लोन सरकार विभिन्न विकास कार्यों, चालू प्रोजेक्टों के क्रियान्वयन और वित्तीय दायित्वों की पूर्ति के लिए ले रही है। योजना है कि इस राशि को जल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में खर्च किया जाएगा।

हालांकि, हिमाचल प्रदेश पर कुल कर्ज पहले ही एक लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है, इस नए लोन से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव बढ़ेगा। प्रदेश में लंबे समय से यह स्थिति बनी हुई है कि पुराना कर्ज चुकता नहीं हो पाता और नई सरकार को मजबूरी में नए लोन लेने पड़ते हैं। इसके परिणामस्वरूप ब्याज पर ब्याज बढ़ता है और वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। लोन लेने का सिलसिला दशकों से जारी है और इसे तोड़ना आसान नहीं हो रहा। यही कारण है कि जिस गति से हिमाचल प्रदेश का विकास होना चाहिए था, वह संभव नहीं हो पा रहा है।

वर्तमान हालात में यह देखा गया है कि जब सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल के अंत में पहुंचती है, तो वित्तीय चुनौतियों के कारण बेतहाशा लोन लिया जाता है। नई सरकार जब सत्ता संभालती है, तो उसे पहले से लिए गए लोन को चुकाने की चिंता रहती है। इस प्रकार यह बोझ लगातार सरकार से सरकार में हस्तांतरित होता रहता है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को लोन लेने की लिमिट तय होती है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की विकास और वित्तीय आवश्यकताओं के कारण राज्य को लगातार उधारी पर निर्भर रहना पड़ता है।

राज्य के पास आय बढ़ाने के सीमित साधन हैं। हिमाचल की प्रमुख आय स्रोत पर्यटन और बागवानी हैं, लेकिन केवल इनके भरोसे वित्तीय संतुलन बनाए रखना कठिन है। ऐसे में सुक्खू सरकार ने पनबिजली परियोजनाओं से जल रॉयल्टी प्राप्त करने और वाइल्ड फ्लॉवर हॉल के अधिग्रहण से वित्तीय लाभ सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में मशोबरा रिजॉर्ट्स लिमिटेड (एमआरएल) से वाइल्ड फ्लॉवर हॉल के एवज में 401 करोड़ रुपए की राशि राज्य को प्राप्त हुई, जिससे यह संपत्ति पूर्ण रूप से राज्य सरकार के स्वामित्व में आ गई। यह कदम हिमाचल की आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक क्षमता दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

वहीं, राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने भी पिछले तीन वर्षों में राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान विभाग ने 26,000 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व एकत्र कर सरकार की वित्तीय स्थिति को मजबूती दी है। यह उपाय राज्य को नए लोन के बोझ को संतुलित करने और वित्तीय संकट के समय कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में मदद करता है।

प्रदेश में कर्मचारियों और पेंशनरों का वेतन-पेंशन भुगतान पिछले कई महीनों से चिंता का विषय रहा है। कई बार उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल पाने की शिकायत करनी पड़ी। इस बार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीमित संसाधनों के बावजूद वेतन और पेंशन का भुगतान समय पर किया जाएगा। इस निर्णय से कर्मचारियों और पेंशनरों में संतोष और सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

वित्त वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को कुल 7200 करोड़ रुपए का लोन लेने की अनुमति दी थी, जिसे राज्य सरकार अप्रैल से अब तक उपयोग कर चुकी है। अतिरिक्त 1000 करोड़ रुपए का यह नया लोन उसी मंजूरी का हिस्सा है। वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में खर्चे अधिक होने के कारण यह लोन सरकार के लिए आवश्यक था। हिमाचल प्रदेश की वित्तीय समस्या केवल लोन लेने तक सीमित नहीं है। पिछले कई दशकों से यह देखा गया है कि प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन और बार-बार सरकारें बदलने की प्रक्रिया ने वित्तीय स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

हर नई सरकार को पुराने लोन चुकाने की चिंता सता रही है। प्रदेश की वित्तीय चुनौतियों का मूल कारण लंबे समय से लोन लेने की परंपरा और सीमित आय के साधन हैं। विकास कार्य, बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और कर्मचारी वेतन-पेंशन जैसी वित्तीय आवश्यकताओं के लिए राज्य को लगातार उधारी पर निर्भर रहना पड़ता है। इस परिप्रेक्ष्य में सुक्खू सरकार ने जहां वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का प्रयास किया है, वहीं लोन का नया प्रबंध आवश्यक हो गया। समग्र रूप से कहा जा सकता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार का यह कदम वित्तीय और विकासात्मक आवश्यकताओं के संतुलन का प्रयास है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रतिष्ठित उद्योगपति

**भारत** के प्रतिष्ठित उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ने व्यापार को केवल मुनाफे का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा का सशक्त साधन बनाया। रतन टाटा ने वर्ष 1991 में टाटा समूह की कमान संभाली और लगभग 21 वर्षों तक नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में टाटा समूह ने अभूतपूर्व वैश्विक विस्तार किया। टाटा टी, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील जैसे ब्रांड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हुए।



रतन टाटा
जन्म : 28 दिसंबर,1937
मृत्यु : 9 अक्तूबर, 2024

जगुआर-लैंड रोवर और कोरस जैसी ऐतिहासिक अधिग्रहणों ने भारत की औद्योगिक क्षमता को विश्व पटल पर मजबूती से प्रस्तुत किया। टाटा नैनो जैसी परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने आम आदमी के लिए सुलभ समाधान देने का साहसिक प्रयास किया। रतन टाटा की नेतृत्व शैली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी मौलिक सोच थी। वे मानते थे कि सफलता की नकल नहीं की जा सकती, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी परिस्थितियों और प्रतिभा के अनुरूप स्वयं का मार्ग बनाना चाहिए। इसी सोच के तहत उन्होंने अपने उत्तराधिकारी साइरस मिस्त्री को भी सलाह दी थी कि वे 'रतन टाटा बनने' की बजाय अपनी पहचान के साथ काम करें। यह विचार न केवल उद्योग जगत, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बना। उनकी सेवाओं के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण (2000) और पद्म विभूषण (2008) जैसे सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से नवाजा। इसके अलावा उन्हें नैसकॉम ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड, टाइम मैगजीन की विश्व के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स सहित कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से मानद उपाधियां प्राप्त हुईं। रतन टाटा का व्यक्तित्व सादगी, ईमानदारी और करुणा का प्रतीक था। टाटा ट्रस्ट्स के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। ■



कविता

## छुट्टी है

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राजेन्द्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार
हिमाचल प्रदेश

**मौज** मनाओ छुट्टी है, खेलो-खाओ छुट्टी है
जीभर खेलें कूदेंगे, सब आ जाओ छुट्टी है
मां कहती है कहने दो, दादी को भी रहने दो
आज पिता जी भैया छोड़ो, मन बहलाओ छुट्टी है
क्रिकेट विरकेट खेलेंगे, खूब दंड हम पेलेंगे
और कबड्डी हु तू तू, मार भगाओ छुट्टी है
पतझड़ भागा आया बसंत, और हुआ सर्दी का अंत
बड़ा हुआ अब दिन भी यारो, पतंग उड़ाओ छुट्टी है
आज शनि तो कल इतवार, कभी अकेली कभी दो बार
आज भी छुट्टी कल भी छुट्टी, शोर मचाओ छुट्टी है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# चिट्टे पर वार : आवश्यक है निर्णायक सामाजिक प्रहार

देवभूमि हिमाचल प्रदेश में जब से चिट्टे जैसी भयंकर नशे का आगाज हुआ है वातावरण अत्यंत भयावह बनता जा रहा है। देवभूमि के भोले भाले लोग कैसे चुपके चुपके इसकी गिरफ्त में आ गए, यह गंभीर चिंता का विषय है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैहरा, जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज हर अविभावक और समाज के बुद्धिजीवी लोग इसके कारण चिंतित हैं। हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि, शांत पहाड़ों और सरल जीवनशैली के लिए जाना जाता है, आज एक गंभीर और भयावह चुनौती से जूझ रहा है-नशे का बढ़ता जाल, विशेषकर 'चिट्टा' जैसी घातक मादक पदार्थ की गिरफ्त।

यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था या पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब यह सामाजिक ताने-बाने, युवाओं के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर सीधा प्रहार बन चुकी है। ऐसे में आवश्यक है कि इस चुनौती का सामना केवल सरकार और प्रशासन ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग द्वारा आक्रामक सामाजिक प्रहार और असामाजिक तत्वों के खुले बहिष्कार से किया जाए। चिट्टे केवल एक नशा नहीं, बल्कि यह एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो व्यक्ति की चेतना, परिवार की खुशहाली और समाज की स्थिरता को धीरे-धीरे खोखला कर देती है। हिमाचल के कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में युवा वर्ग इसकी चपेट में आ रहा है। पढ़ाई, रोजगार और सकारात्मक जीवन मूल्यों से भटककर वे अपराध, हिंसा और अवसाद की ओर बढ़ रहे हैं। यह केवल किसी एक परिवार की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित कर रही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार और प्रशासन ने नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

पुलिस द्वारा लगातार अभियान, तस्करों की गिरफ्तारी, सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी, नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना और जागरूकता कार्यक्रम-ये सभी प्रयास सराहनीय हैं। कानून को और कठोर बनाया गया है तथा तस्करी की जड़ों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं, परंतु यह भी स्पष्ट है कि केवल दमनात्मक कार्रवाई से इस समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं। जब तक समाज स्वयं सजग और उत्तरदायी नहीं बनेगा, तब तक यह लड़ाई अधूरी रहेगी।

आज समाज के हर जागरूक नागरिक को अपना दायित्व समझ कर इसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई में पुलिस, प्रशासन और सरकार का सहयोग करना होगा, ताकि सभी के सहयोग और प्रयासों से इस बुराई को समूल नष्ट किया जा सके। नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार सामाजिक जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवार, विद्यालय, पंचायत, धार्मिक संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन और मीडिया-सभी को मिलकर एक मजबूत सामाजिक मोर्चा बनाना होगा।



माता-पिता को बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना होगा, उनके मित्रों, दिनचर्या और मानसिक स्थिति को समझना होगा। संवाद की कमी ही अक्सर बच्चों को गलत रास्ते पर धकेल देती है। समाज में यह प्रवृत्ति विकसित करनी होगी कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के प्रति मौन समर्थन या भय का वातावरण समाप्त हो। तस्करों, पेडलरों और नशा फैलाने वालों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। गांव या मोहल्ले में यदि कोई इस अवैध धंधे में लिप्त पाया जाए, तो उसे 'सामाजिक स्वीकृति' नहीं मिलनी चाहिए। पंचायत स्तर पर निगरानी समितियां, मोल्ला समितियां और युवाओं की स्वयंसेवी टीमें इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। यह भी उतना ही आवश्यक है कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को अपराधी नहीं, बल्कि रोगी के रूप में देखा जाए।

उनके पुनर्वास, उपचार और पुनः समाज में सम्मानजनक वापसी के लिए नशा मुक्ति केंद्रों को सशक्त बनाना होगा। समाज को तिरस्कार नहीं, बल्कि सहानुभूति और सहयोग का हाथ बढ़ाना होगा, ताकि वे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। आज सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इनका उपयोग नशे के खिलाफ जनजागरण, प्रेरक कहानियों और सकारात्मक अभियानों के लिए किया जाना चाहिए। साथ ही, नशे के महिमामंडन या ग्लैमराइजेशन पर सख्त सामाजिक नियंत्रण भी आवश्यक है।

यह लड़ाई केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा की लड़ाई है। यदि आज समाज चुप रहा, उदासीन रहा या जिम्मेदारी से पीछे हटा, तो कल इसका खामियाजा हमारे बच्चों को भुगतना पड़ेगा। एक स्वस्थ, संस्कारित और आत्मनिर्भर समाज की नींव तभी मजबूत होगी जब नशे जैसी कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा।

चिट्टे पर वार केवल पुलिस की लाठी या कानून की धार से नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना, साहस और प्रतिबद्धता से सफल होगा। सरकार के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब समाज उनका सक्रिय भागीदार बने। यह समय है आक्रामक सामाजिक प्रहार का, जहां नशे के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना, असामाजिक तत्वों का खुला बहिष्कार करना और युवाओं को सही दिशा देना हमारा नैतिक दायित्व बने। तभी हिमाचल वास्तव में सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अरावली का क्षरण : मरुस्थलीकरण और जल संकट की ओर बढ़ता उत्तर भारत

दुनिया की सबसे पुरानी भू-वैज्ञानिक संरचनाओं में से एक, अरावली पर्वत श्रृंखला आज एक अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है।



राजन कुमार शर्मा
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, उपायुक्त कार्यालय, ऊना, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली तक फैली अरावली श्रृंखला लंबे समय से मरूस्थलीकरण और जलवायु की चरम स्थितियों के खिलाफ एक प्राकृतिक ढाल का काम करती रही है। अब इसका तेजी से हो रहा क्षरण इस पारिस्थितिक खजाने को एक धीमी गति से आने वाली आपदा में बदलने की धमकी दे रहा है। अंधाधुंध खनन, बड़े पैमाने पर वनों की कटाई और लगातार शहरी विस्तार ने अरावली पारिस्थितिकी तंत्र को बुरी तरह कमजोर कर दिया है। विकास के नाम पर पहाड़ियों को समतल कर दिया गया है, जंगल साफ कर दिए गए हैं और प्राकृतिक जल निकासी प्रणालियों को बाधित कर दिया गया है। जिस बात पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता, वह यह है कि यह विनाश अकेले नहीं होता-यह सीधे तौर पर जलवायु संबंधी आपदाओं में योगदान देता है। अरावली तापमान को नियंत्रित करने, बारिश में मदद करने और भू-जल को रिचार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके पतन से उत्तर भारत में लू की लहरें तेज हो गई हैं, दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ गया है और रेगिस्तानी स्थितियों का पूर्व की ओर फैलाव तेज हो गया है।

गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में पानी की कमी इन प्राकृतिक रिचार्ज क्षेत्रों के नुकसान का सीधा परिणाम है। इस पर्यावरणीय क्षति ने आर्थिक हितों और पारिस्थितिक संरक्षण के बीच संघर्ष को भी जन्म दिया है, जबकि खनन और निर्माण अल्पकालिक विकास का वादा करते हैं, वे दीर्घकालिक आपदा जोखिम पैदा करते हैं-बाढ़, सूखा, जैव विविधता का नुकसान और जलवायु अस्थिरता। क्षतिग्रस्त पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की लागत अंधाधुंध शोषण के लाभों से कहीं अधिक है। हालांकि अदालती आदेश और संरक्षण नीतियां मौजूद हैं, लेकिन कमजोर प्रवर्तन संरक्षण प्रयासों को लगातार कमजोर कर रहा है। जरूरत सिर्फ नियमन की नहीं, बल्कि जन जागरूकता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। अरावली संकट को धीमी गति से आने वाली आपदा के रूप में देखने से ध्यान प्रतिक्रिया से हटकर रोकथाम पर जा सकता है। अरावली को बचाना सिर्फ पहाड़ियों और जंगलों की रक्षा करना नहीं है-यह जलवायु लचीलेपन, जल सुरक्षा और लाखों लोगों के भविष्य की रक्षा करना है। आज इस चेतावनी को नजरअंदाज करने से कल अपरिवर्तनीय परिणाम हो सकते हैं।



**समाधान** (Quality-Based Solutions) **अवैध खनन पर सख्त रोक :** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन हो और ड्रोन व सैटेलाइट निगरानी से अवैध खनन पर नियंत्रण किया जाए। **वन संरक्षण और पुनर्वनीकरण :** स्थानीय प्रजातियों के वृक्षों का बड़े स्तर पर रोपण कर क्षतिग्रस्त पहाड़ियों और वन क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जाए। **संतुलित विकास नीति :** अरावली क्षेत्र में निर्माण और उद्योगों को पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) के बिना अनुमति न दी जाए। **जल संरक्षण उपाय :** वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल संरचनाओं का पुनरुद्धार और भूजल दोहन पर नियंत्रण किया जाए। **स्थानीय समुदाय की भागीदारी:** ग्रामीण और आदिवासी समुदायों को संरक्षण योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि आजीविका और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रहें। अरावली पर्वतमाला केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि उत्तर भारत की जलवायु, जल सुरक्षा और जैव विविधता की रीढ़ है।

इसका निरंतर क्षरण एक खामोश आपदा को जन्म दे रहा है, जिसके प्रभाव भविष्य में भयावह हो सकते हैं। यदि आज ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो रेगिस्तान का विस्तार, जल संकट और जलवायु असंतुलन और गंभीर हो जाएगा। अरावली का संरक्षण केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सिख विरासत में चार साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और सर्वोच्च बलिदान

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 में बैसाखी के दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की, ताकि अन्याय के खिलाफ लड़ने और धर्म व मानवता की रक्षा के लिए संत-सैनिकों का एक अनुशासित समुदाय बनाया जा सके।



हरप्रीत कौर बवेजा
एसोसिएट प्रोफेसर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

खालसा न केवल मुगलों के लिए, बल्कि ईर्ष्यालु पहाड़ी राजाओं के लिए भी असहनीय था, जिन्होंने आपसी गठबंधन में गुरु जी को पकड़ने के लिए मई 1705 से सात महीनों तक आनंदपुर किले को सेनाओं के साथ घेरे रखा था। मुगल सम्राट औरंगजेब सभी भारतीयों को इस्लाम में परिवर्तित करना चाहता था। वह सिखों को इस प्रयास में एक बाधा के रूप में देखता था। औरंगजेब के आदेशों का पालन करते हुए वजीर खान ने गुरु गोबिंद सिंह, उनके परिवार, उनके सिखों और खालसा पंथ की बढ़ती शक्ति और प्रभाव को नष्ट करने के लिए एक क्रूर रणनीति अपनाई। उन्होंने पवित्र कुरान की झूठी कसम खाकर गुरु गोबिंद सिंह और उनके सैनिकों को आनंदपुर किले से बाहर निकलने पर सुरक्षित मार्ग देने का वादा कर पहले गुरु और उनके सैनिकों का विश्वास जीत लिया और फिर धोखे से उन पर हमला कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी को जरा भी अंदाजा नहीं था कि दुश्मन उन्हें फंसाने के लिए पवित्र कुरान का भी इस तरह इस्तेमाल करेंगे।

जब गुरु गोबिंद सिंह जी अपने परिवार और सिख सैनिकों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़कर निकले, तो मुगल सेना ने धोखे से उन पर आक्रमण कर दिया। उस समय भारी वर्षा के कारण सरसा नदी उफान पर थी। नदी पार करते समय उत्पन्न अव्यवस्था में गुरु जी का परिवार उनसे बिछड़ गया। गुरु जी के बड़े पुत्र, साहिबजादा अजीत सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह, केवल चालीस सिख योद्धाओं के साथ चमकौर के किले में विशाल मुगल सेना से लड़े और अद्वितीय वीरता का परिचय देते हुए शहीद हो गए। संख्या में अत्यंत कम होने के बावजूद उनका साहस और आत्मबल अडिग रहा।



गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे, 9 वर्षीय जोरावर सिंह और 7 वर्षीय फतेह सिंह, अपनी दादी माता गुजरी जी के साथ सरसा नदी पार करते समय अलग हो गए। उन्होंने एक सेवक गंगू के घर शरण ली, जिसने लालचवश विश्वासघात करते हुए उनके ठिकाने की सूचना मुगल अधिकारियों को दे दी। परिणामस्वरूप, माता गुजरी और दोनों साहिबजादों को सरहिंद के सूबेदार वजीर खान के हवाले कर दिया गया।

उन्हें कड़ाके की ठंड में 'ठंडे बुर्ज' में रखा गया, जहां भोजन, पानी और गर्म वस्त्रों का अभाव था। इन अमानवीय परिस्थितियों के बावजूद माता गुजरी और साहिबजादों का धैर्य और विश्वास अडिग रहा। वजीर खान की रसोई में कार्यरत मोती राम मेहरा से यह कष्ट देखा नहीं गया और उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए गुप्त रूप से उनकी सहायता की। इस करुणा के कार्य के लिए मोती राम मेहरा को अपने पूरे परिवार सहित प्राणों का बलिदान देना पड़ा। वजीर खान के दरबार में साहिबजादों को प्रस्तुत कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन और दबाव दिया गया, परंतु उन्होंने निर्भीक होकर खालसा की मर्यादा और अपने धर्म के प्रति निष्ठा व्यक्त की। दरबार में उपस्थित मलेरकोटला के नवाब शेर मोहम्मद खान ने निर्दोष बच्चों को हानि न पहुंचाने की अपील की और इसे धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध बताया, किंतु दीवान सुचा नंद के उकसावे पर वजीर खान ने कठोर निर्णय लिया। अंततः दोनों छोटे साहिबजादों ने अत्याचार और अन्याय के सामने झुकने के बजाय शहादत को स्वीकार किया। उनके इस बलिदान के पश्चात माता गुजरी जी ने भी वहीं अंतिम सांस ली। गुरु जी के भक्त दीवान टोडरमल ने अत्यधिक मूल्य चुकाकर साहिबजादों और माता गुजरी जी का अंतिम संस्कार सम्मानपूर्वक संपन्न कराया। छोटे साहिबजादों का यह बलिदान विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उनके सम्मान में उन्हें 'बाबा' की उपाधि दी गई।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# जब अधिकारी ही बिक जाएं, तो जनता किस पर भरोसा करे?

आज हम सभी एक ऐसी गंभीर, संवेदनशील और चिंताजनक समस्या पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसने बीते कई दशकों से न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के प्रत्येक नागरिक को भीतर तक विचलित किया है। यह समस्या है भ्रष्टाचार।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भ्रष्टाचार आज केवल एक प्रशासनिक या कानूनी चुनौती नहीं रह गया है, बल्कि यह समाज की नैतिक संरचना को भीतर से खोखला कर रहा है।

देश के विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कार्यरत अनेक अधिकारी, जिनके प्रति समाज और विशेषकर युवाओं में सम्मान और प्रेरणा का भाव होना चाहिए, जब भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और अनैतिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाते हैं, तो इसका प्रभाव केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। ऐसे घटनाक्रम अनगिनत माता-पिता के विश्वास और लाखों युवाओं के सपनों को तोड़ देते हैं। उन माता-पिता के लिए यह अत्यंत पीड़ादायक होता है, जिन्होंने अपने बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ इस आशा में बड़ा किया होता है कि वे अधिकारी बनकर समाज और देश की सेवा करेंगे। हर युवा जब किसी उच्च पद को लक्ष्य बनाता है, तो उसके पीछे केवल पद और प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि समाज के विकास में योगदान देने की आकांक्षा भी होती है।

वह कड़ी मेहनत, त्याग और अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है। ऐसे में जब वही पद भ्रष्टाचार का प्रतीक बन जाए, तो युवाओं के मन में व्यवस्था के प्रति निराशा और अविश्वास पैदा होना स्वाभाविक है। यह भी सत्य है कि हमारे देश में ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील अधिकारियों की कोई कमी नहीं है। दशकों से अनेक ऐसे अधिकारी रहे हैं, जो अपने सौम्य व्यवहार, निष्पक्ष निर्णय और ईमानदारी के कारण जनता में अत्यंत लोकप्रिय हैं। उनकी सेवाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, किंतु दुर्भाग्यवश कुछ भ्रष्ट अधिकारियों के कारण पूरे प्रशासनिक तंत्र की छवि धूमिल हो जाती है, जिसका खामियाजा ईमानदार अधिकारियों को भी भुगतना पड़ता है।




जब किसी क्षेत्र में भ्रष्टाचार को सामान्य या 'अधिकार' समझ लिया जाता है, तो वहां कार्यरत कनिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में ईमानदारी से काम करना कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप आम नागरिक को यह अनुभव होने लगता है कि बिना रिश्वत या सिफारिश के कोई कार्य संभव नहीं है। यह स्थिति लोकतंत्र और प्रशासन दोनों के लिए अत्यंत घातक है। भ्रष्टाचार केवल आर्थिक नुकसान नहीं करता, बल्कि यह समाज में असमानता, अविश्वास और नैतिक पतन को जन्म देता है। जब उच्च पदों पर बैठे लोग ही नियमों को तोड़ते हैं, तो आम नागरिक से कानून का पालन करने की अपेक्षा कैसे की जा सकती है? यही कारण है कि शिक्षित और जागरूक युवाओं के मन में व्यवस्था के प्रति आक्रोश और असंतोष बढ़ता जा रहा है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों से यह अपेक्षा और निवेदन करना आवश्यक हो जाता है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कठोर कानूनों को न केवल बनाया जाए, बल्कि उनका सख्ती से और निष्पक्ष रूप से पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

दोषी चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो, उसे दंड मिलना चाहिए। अन्य देशों में भ्रष्टाचार पर कड़े कानूनों और त्वरित कार्रवाई के उदाहरण अक्सर दिए जाते हैं, जिनकी तुलना में भारत को कमजोर माना जाना हम सभी के लिए चिंताजनक है। यह समझना होगा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई केवल कानून से नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा, प्रशासनिक पारदर्शिता और सामूहिक इच्छाशक्ति से जीती जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिला मंडी में विभिन्न उप-मंडलों हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। यह अवकाश हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के अनुरूप निर्धारित किए गए हैं। आदेश के अनुसार सदर, गोहर, सरकाघाट, थुनाग और कोटली उप-मंडलों में होली का स्थानीय अवकाश 3 मार्च 2026 (बुधवार) तथा सैर का स्थानीय अवकाश 17 सितंबर 2026 (गुरुवार) को रहेगा। इसी तरह धर्मपुर, बल्ह, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, पधर, करसोग और बालीचौकी उप-मंडलों में मकर संक्रांति का स्थानीय अवकाश 14 जनवरी 2026 (बुधवार) और सैर का स्थानीय अवकाश 17 सितंबर 2026 (गुरुवार) को घोषित किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक टांडा रेफर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की कोलंग पंचायत के कलेडू लिंक रोड पर शनिवार को एक सड़क हादसा पेश आया। हादसे में एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें गाड़ी में सवार चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए जोगिंद्रनगर अस्पताल पहुंचाया गया।मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी मकरीड़ी निवासी कृष्ण चंद की बताई जा रही है। घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अन्य घायलों का जोगिंद्रनगर अस्पताल में उपचार जारी है। हालांकि, एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल के चलते गंभीर घायल को निजी वाहन से टांडा भेजना पड़ा।

### धनोटू में साहिबजादों के बलिदान को किया याद



**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** धनोटू में क्षत्रिय संघ सुंदरनगर द्वारा एक गरिमामय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्री गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके अमर शहीद परिवार को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में संयोजक एवं वरिष्ठ सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने गुरु गोबिंद सिंह जी की वीरता, त्याग और उनके साहित्य पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने 21 से 27 दिसंबर के मध्य साहिबजादों की वीरतापूर्ण शहादत का स्मरण करते हुए कहा कि गुरु जी और सिख साहिबानों द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान अविस्मरणीय हैं। संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय पहलवान जितेंद्र चौहान ने बाबा दीप सिंह जी के बलिदान पर प्रकाश डाला, वहीं सरदार सुरेंद्र सिंह ने वीर बंदा सिंह बहादुर की शौर्य गाथाएं सुनाईं। वक्ताओं ने कविता, कहानी और नाटकों के माध्यम से बच्चों तक वीर प्रसंग पहुंचाने पर बल दिया। कैप्टन सेवक सिंह ने ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

### साहिबजादों की शहादत को किया नमन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहीदी दिवस के पावन अवसर पर चांद गिफ्ट हाउस के सौजन्य से जोगिंद्रनगर में एक भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सिख धर्म के महान बलिदानियों श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों और माता गुजरी कौर की शहादत को स्मरण करते हुए 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक चल रहा है। गुरुप्रीत सिंह ने बताया कि संगत के लिए कड़ी चावल का लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चार साहिबजादों के अद्वितीय शौर्य और धर्म रक्षा के लिए उनके बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान जसमीत कौर, ज्ञान सिंह और जोगिंदर पाल कौर ने सेवा, त्याग और भाईचारे के महत्त्व पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह सिख धर्म की शिक्षाओं और सेवा भावना को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### नायब सूबेदार शमशेर सिंह का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के गांव बाहरु, डाकघर सधोट के निवासी 50 वर्षीय नायब सूबेदार शमशेर सिंह का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने 24 वर्ष तक 15 डोगरा रेजिमेंट में अपनी सेवाएं दी तथा बाद में हिमाचल प्रदेश पुलिस में अपनी सेवाएं दीं। एक्स सर्विसमैन लीग, सरकाघाट के पदाधिकारियों और सदस्यों में चेयरमैन कैप्टन प्यार चन्द बन्याल, सचिव कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन विनोद कुमार, सूबेदार मेजर विजय कुमार, कैप्टन राजकुमार, कैप्टन रूप चन्द, सूबेदार भागी रथ, सूबेदार देवीचंद जसवाल, सूबेदार संजय, हवलदार सोहन लाल, कैप्टन बक्शी, सूबेदार मेजर जे सी गुलेरिया, सूबेदार राजेश, सूबेदार शमशेर सिंह, हवलदार कृष्ण लाल इत्यादि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### बरोट स्कूल की अध्यापिका निशा सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बरोट स्कूल में प्रवक्ता हिंदी के पद पर कार्यरत अध्यापिका निशा ठाकुर को विश्व संवाद केंद्र शिमला के तत्वावधान में आयोजित 'राष्ट्र के लिए सृजन कर्ता' मिलन कार्यक्रम, मंडी में सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने और शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। निशा ठाकुर ने बताया कि कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन शिक्षण से उन्हें सोशल मीडिया पर पहचान मिली। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एक सशक्त मंच है, यदि इसका सकारात्मक उपयोग किया जाए। वर्तमान समय में युवा वर्ग नशे, विशेषकर चिट्टे की चपेट में आ रहा है, जिसे देखते हुए वह अपने 'निशा ठाकुर' नामक चैनल के माध्यम से निरंतर जागरूकता संदेश दे रही हैं।

### पेंशनर्स दिवस, नशे के विरोध पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन गोपालपुर की बैठक माता नबाही देवी मंदिर प्रांगण में नानक चंद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महामंत्री तारा चंद ने सदस्यों का स्वागत किया। दिवंगत जुल्फी राम मंडयाल, रूप लाल शर्मा और तुलसी राम ठाकुर को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष ने पेंशनर्स दिवस मनाने, संगठन की आवश्यकता और समाज में बढ़ते नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी पेंशनर्स समाज और युवाओं के हित में योगदान देने के लिए संकल्पित हैं। बैठक में 90 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों को सम्मानित किया गया और 200 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। किशोर कुमार ठाकुर, करतार सिंह चंदेल, जीवन लाल शर्मा और तेज नाथ शर्मा ने अपने विचार रखे। बैठक के उपरांत 90 वर्ष पूर्ण करने पर जगदीप परमार ने सभी उपस्थित सदस्यों को प्रीति भोज दिया और उनकी दीर्घायु की कामना की।

### 'क्रिएट फॉर नेशन' कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले में आयोजित 'क्रिएट फॉर नेशन' कार्यक्रम में 150 से अधिक सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप समयाल ने सोशल मीडिया के समाज पर प्रभाव और कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी पर जोर दिया। प्रताप समयाल ने पंच परिवर्तन–स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुम्ब प्रबोधन–पर चर्चा करते हुए उपस्थित क्रिएटर्स से प्रेरक और रचनात्मक कंटेंट बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में क्रिएटर्स के अनुभव साझा किए गए और डिजिटल माध्यमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान पर संवाद किया गया।

### पायल वर्मा ने पास किया पैरामेडिकल एग्जाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के होली चाइल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढेलू जोगिंद्रनगर की पूर्व में छात्रा रही पायल वर्मा ने हेल्थ केयर पैरामेडिकल एग्जाम पास करके स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल की एम.डी कौशल्या ठाकुर ने बताया कि पायल ने वर्ष 2025 में स्कूल से अपनी जमा दो की परीक्षा उत्तीर्ण की। अब पायल टांडा मेडिकल कालेज से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी करेगी। पायल के पिता ओम प्रकाश व्यवसायी व माता गृहणी हैं। पायल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों, अध्यापकों व मित्रों को दिया है। उधर, स्कूल चेयरमैन राजकुमार ठाकुर व एम.डी कौशल्या ठाकुर ने पायल को बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जोनल अस्पताल मंडी में छाया सन्नाटा

## डॉक्टरों की हड़ताल के चलते इक्का-दुक्का मरीज ही पहुंचे, इंडोर व आपातकालीन सेवाएं रही जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में शनिवार को सन्नाटा छाया रहा। इक्का दुक्का मरीजों को छोड़ कर संपूर्ण अस्पताल खाली रहा। हालांकि आपातकालीन और जनरल सेवाएं जारी रही, लेकिन लोग घरों ही अस्पताल नहीं आए।

बता दें कि डाक्टर प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी स्वास्थ्य संस्थान आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर और मरीज के बीच हुए मारपीट मामले में सरकार की कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। वहीं अस्पताल में स्थापित क्रसना लैब में भी एक दर्जन के करीब लोगों ने ही टैस्ट करवाए, जबकि सामान्य दिनों में यही संख्या सैकड़ों में रहती थी। ऐसा ही हाल हड्डी रोग, ईएनटी विभाग में भी रहा। पूरा दिन अस्पताल में नाममात्र मरीजों ने ही दस्तक दी। जबकि अन्य दिनों में रजिस्ट्रेशन काउंटर में लाइनें लगी हुई होती थी। गौर रहे कि आज शनिवार होने के कारण अन्य दिनों के मुकाबले कम ही लोग अस्पताल की ओर रुख करते हैं, लेकिन गत शुक्रवार को मरीजों में अच्छी खासी संख्या रही है।



डॉक्टरों की हड़ताल के चलते जोनल अस्पताल मंडी में शनिवार को सन्नाटा छाया रहा।

### क्या है डॉक्टरों की मांग

**हड़ताल** के दूसरे दिन डॉक्टर्स ड्यूटी छोड़ डॉ. राघव नरूला का टर्मिनेशन वापस लेने की मांग पर अड़े रहे। आईजीएमसी शिमला में डॉक्टर और मरीज के बीच हुए मारपीट मामले में सरकार की कार्रवाई का विरोध जारी है।

> **रेजिडेंट** डॉक्टरों की हड़ताल के चलते इंडोर और आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह से सुचारू रही हैं, ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो।
> **-डॉ. दिनेश ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक, जोनल अस्पताल मंडी।**

### आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ : जयराम

**हिमाचल** प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल और एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और सीधे तौर पर आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। इन हालातों के लिए पूरी तरह राज्य सरकार और मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिनकी लापरवाही, अदूरदर्शी नीतियां और संवादहीनता के कारण यह संकट उत्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि इस अव्यवस्था के कारण किसी भी को कुछ होता है, तो उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और मुख्यमंत्री की होगी। सरकार को राजनीति और प्रचार से बाहर निकलकर प्रदेश की जनता की सेहत और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

# हवाणी में महिला ने लगाया फंदा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत गांव हवाणी, डाकघर रोपड़ी में एक महिला द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अति देवी पत्नी श्री अजय कुमार निवासी गांव हवाणी, डाकघर रोपड़ी, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार कौशल्या देवी ने मोबाइल फोन के माध्यम से पुलिस थाना सरकाघाट को सूचना दी कि गांव हवाणी में एक महिला ने फंदा लगा लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस थाना सरकाघाट से उप निरीक्षक अनिल कुमार, अन्वेषण अधिकारी, पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात की तस्दीक की। जांच के दौरान पाया गया कि मृतका ने अपने घर में दुपट्टे के सहारे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। मौके पर मृतका के पिता रूआलू राम पुत्र श्री चेत राम निवासी गांव ब्रांग, तहसील धर्मपुर, मृतका की सास शीतला देवी, पति अजय कुमार तथा अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे। पुलिस ने सभी संबंधित व्यक्तियों के बयान कलमबद्ध किए। पुलिस के अनुसार मृतका की मृत्यु को लेकर मायका पक्ष व ससुराल पक्ष ने किसी भी प्रकार का शक या संदेह व्यक्त नहीं किया है। मामले में धारा 194 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत अंतिम संस्कार हेतु परिजनों के हवाले कर दिया है।

# एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर परिसर में पानी की हो रही बर्बादी

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

महादेव। पेयजल की एक एक बूंद बचाने को लेकर बड़ी बड़ी बातें की जा रही है मगर हकीकत कुछ और ही है। तहसील सुंदरनगर के अंतर्गत एक बड़े भाग में जहां पेयजल आपूर्ति संबंधी पाइपों से हो रहे पानी के रिसाव को कहीं सड़क मार्ग में निकलते देखा जा सकता है तो कहीं खुले में बहती कीचड़ बनाती हालत में देखा जा सकता है।

जल शक्ति विभाग के कुछ इंजीनियर कहीं न कहीं मंडी जिला के एक बड़े भाग में इस जल बर्बादी के लंबे सिलसिले के चलते अवश्य ही अपने दोयम दर्जे की तकनीक के लिए जगहंसाई के पात्र बनते जा रहे हैं जिसे समय रहते सुधारना इसलिए भी जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है क्योंकि ऐसे भी इलाके हैं जहां लोग पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और कहीं पानी के रिसाव के चलते खूब बर्बादी हो रही है। शहरी क्षेत्र सुंदरनगर स्थित एसडीएम कार्यालय परिसर में पेयजल यंत्र एवं जलापूर्ति पाइप से पानी रिसाव का शिकार होते देखा जा सकता है।



एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर परिसर में पानी की बर्बादी हो रही है।

लोगों का कहना है कि पानी अनमोल है -जल है तो कल है, इसलिए पानी की बर्बादी ठीक बात नहीं ,लोगों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही इस पानी की बर्बादी रोकने के लिए गंभीर होकर ठोस उपाय करें।

# कामाक्षा भवन को मिले 5000 डॉलर

**अनंत ज्ञान, करसोग।** शिमला में विधायक दीप राज कपूर के सहयोग से मरीजों एवं उनके तीमारदारों की सुविधा के लिए संचालित कामाक्षा भवन को अमेरिका से महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है। अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय संजीव जिंदल ने कामाक्षा भवन के लिए 5000 अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि प्रदान की है। विधायक दीप राज कपूर ने बताया कि कामाक्षा भवन शिमला में उपचार के लिए आने वाले दूर-दराज क्षेत्रों के मरिज़ों और उनके तीमारदारों के लिए एक सुरक्षित, सुलभ और मानवीय सुविधा उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बनते हैं और समाज में सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। विधायक दीप राज कपूर ने संजीव जिंदल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रवासी भारतीयों द्वारा अपने देश व प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं के लिए आगे आना अत्यंत सराहनीय है। वहीं संजीव जिंदल ने कहा कि भविष्य में भी वे कामाक्षा भवन के लिए निरंतर सहयोग करते रहेंगे।

# प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप : जयराम ठाकुर

## कहा-कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार के कार्यों पर भी लगाई ब्रेक

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि कांग्रेस के तीन साल के कार्यकाल में विकास पूरी तरह ठप हो गया है। जोगिंद्रनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय जो कार्य किये गए वर्तमान सरकार ने उन सभी कार्यों पर ब्रेक लगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं का जश्न मनाने के लिए आपदा राहत कोष के 10 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जबकि गरीब जनता योजनाओं के लाभ से वंचित है।

प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में अब कानून का राज समाप्त हो चुका है। राज्य में लगातार हो रही हत्याओं और गोलीबारी की घटनाओं ने जनता में भय पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश लहूलुहान है और दूसरी तरफ सरकार फिजूलखर्ची कर जश्न में डूबी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्तमान हालात को देखकर अब प्रदेश की जनता भाजपा के सुशासन को याद कर रही है।



जयराम ठाकुर के जोगिंद्रनगर पहुंचने पर स्वागत करते विधायक प्रकाश राणा व अन्य।

शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में डॉक्टर और मरीज के बीच हुए विवाद पर ठाकुर ने संतुलित रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो देखकर स्पष्ट है कि गलती दोनों पक्षों की थी, लेकिन डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने में जल्दबाजी दिखाई गई। सरकार को इस विवाद की गहराई में जाना चाहिए था। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री इस मामले का कड़ा संज्ञान लें और अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे डॉक्टरों को सुरक्षा मिले और मरीजों को बेहतर इलाज, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

दौरे के अंत में जयराम ठाकुर ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री अजय जमवाल के आवास पर नाश्ता किया और करीब एक घंटे तक बंद कमरे में आगामी रणनीतियों पर चर्चा की। इससे पहले जोगिंद्रनगर पहुंचने पर विधायक प्रकाश राणा, मेघना ठाकुर और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संजय, राजीव सूद और दीपन ठाकुर सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं के बैठने के स्थान का निरीक्षण कारदारों ने दी सहमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सभी घाटियों के देवताओं के सभी कारदारों ने निचले पड्डल में जहां देवी-देवताओं को बैठने का स्थान दिया जा रहा है, उस स्थान का निरीक्षण किया और बैठने के लिए अपनी सहमति दी, साथ ही यह भी अनुरोध किया कि तीनों जलेबों को जहां से देवी-देवताओं के बैठने का स्थान शुरू हुआ है वहां से लेकर चान नि तक जलेब निकाली जाए, जिस पर सर्व देवता सेवा समिति जिला मंडी के अध्यक्ष ने कारदारों से अनुरोध किया कि सभी देवताओं के कारदार जो देवताओं के साथ होंगे वे अपनी-अपनी देवताओं की छड़ी और शेष लेकर देवताओं के पास खड़े होकर माधोराय जी का स्वागत करें, जिससे पुरानी परंपरा भी बहाल होगी और आम जनमानस के लिए यह दृश्य शोभनीय रहेगा, इसके अतिरिक्त हर श्रद्धालु को अपने-अपने देवताओं को अपनी-अपनी मानता चढ़ाने तथा अपने-अपने देवताओं की पहचान करने में भी सुविधा रहेगी क्योंकि हर देवता, कुछ एक देवताओं को छोड़कर, अपनी-अपनी घाटी के अनुसार एक क्रम में बैठे हुए मिलेंगे।

# नलसर में वाटर कूलर स्थापित

## बीडीसी सदस्य ने रिबन काटकर किया शुभारंभ



नलसर में वाटर कूलर के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य, पंचायत प्रधान एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य।

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** नलसर के लोगों को अब स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा पंचायत समिति सदस्य नलसर-लोहारा एवं व्यापार मंडल नलसर के माध्यम से नलसर बाजार में वाटर कूलर स्थापित किया गया है जिसका विधिवत्त शुभारंभ मुख्य अतथि पंचायत समिति सदस्य योगेश कुमार चौधरी द्वारा विधिपूर्वक पूजा अर्चना व रिबन काट कर किया।

कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत के प्रधान जिंदर कुमार और व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी जिसमें उप प्रधान गिरधारी लाल शर्मा, महासचिव विनोद जसवाल सहित अन्य सदस्य रामलाल बंसवाल, संजय पुरी, हितेश गुप्ता, संतोष शर्मा, हीरा ठाकुर, खेम सिंह ठाकुर, दिलीप कुमार, सुभाष कुमार, विक्की खत्री, किशन चंद, रामू, उदित कौंडल व वार्ड सदस्य अनिल भी मौजूद रहे। पंचायत समिति सदस्य योगेश चौधरी ने बताया कि नलसर व लोहारा पंचायत में लगभग 10 वाटर कूलर स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाने के स्थापित करवाएं हैं इसी के साथ विभिन्न स्थानों पर सोलरलइट लगाई गई है।

# युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन नशाः एसडीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा में नशा निवारण और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों से संवाद किया और नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। मनीश चौधरी ने कहा कि नशा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने विद्यार्थियों से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने साथियों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि नशा मानसिक, आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर व्यक्ति को कमजोर करता है। साथ ही, किसी नशा तस्करी की सूचना पुलिस को देने पर पहचान गोपनीय रखी जाती है और इनाम राशि का प्रावधान है। विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र पाल सिंह ने शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों के विकास का महत्व बताया। कार्यक्रम में छात्रों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। पुलिस विभाग के एएसआई अतुल रैना और नशा निवारण समिति चौंतड़ा के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# लडभड़ोल-सांडापत्तन मार्ग की बदहाली पर वाहन चालकों ने खुद भरे सड़क के गड्ढे

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

- पांच साल से जर्जर सड़क से क्षेत्रवासी परेशान, विभाग पर उठे सवाल
- सड़क सुधार में जागरूकता दिखाते हुए टिप्पर चालक बने ग्रामीणों के नायक

लडभड़ोल-सांडापत्तन मार्ग की जर्जर हालत को लेकर क्षेत्रवासियों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है। धर्मपुर, संधोल और हमीरपुर को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क पिछले करीब पांच वर्षों से टायरिंग का कोई कार्य न होने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बरसात के बाद सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो हादसों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं।

विभागीय अनदेखी से परेशान होकर अब वाहन चालक खुद सड़क सुधारने के लिए आगे आए हैं। सांडा निवासी टिप्पर चालक पंकज कुमार और संजीव कुमार ने सड़क पर पड़े जानलेवा गड्ढों में मिट्टी डालकर उन्हें भरने का काम किया। दोनों ने कहा कि यह मार्ग उनका रोजाना उपयोग होता है और सड़क की स्थिति अब तक इतनी खराब नहीं देखी गई। उन्होंने कहा कि बीते पांच वर्षों में विभाग ने गड्ढों को भरने तक की कोई जहमत नहीं उठाई, इसलिए मजबूरी में उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। स्थानीय लोगों ने टिप्पर चालकों की पहल की सराहना की और कहा कि इससे उनकी जागरूकता और जिम्मेदारी उजागर होती है। वहीं प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठते हैं।

इस मामले पर लोक निर्माण विभाग उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलेरिया ने बताया कि सड़क मार्ग की मरम्मत के लिए लेबर भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है और जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार किया जाएगा।

# सज्याओ और धाड़ता में बसों व पानी की किल्लत से जनता त्रस्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

- बस रूट बंद और पेयजल संकट के लिए विभाग व विधायक जिम्मेदारः भूपेंद्र

सज्याओ और धाड़ता क्षेत्र में लंबे समय से बसों के कई रूट बंद होने तथा अब पीने के पानी की भारी कमी से आम जनता परेशान है। रोजमर्रा की इन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इस स्थिति के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय विधायक को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव अंसवाई के लिए पहले दिन में तीन बसें अलग-अलग समय पर चलती थीं, जो अब पूरी तरह बंद कर दी गई हैं। कई बार यात्रियों को जंगल में ही उतार दिया जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा सरकाघाट से अंसवाई, कमलाह से गरली, सरकाघाट से गरली वाया रोसो-चंदपुर-अवहदेवी, बल्याणा, संधोल, मैगल-मंडप, तपौण, खरौट सहित दो दर्जन से अधिक बस रूट लंबे समय से या तो बंद हैं या बाधित चल रहे हैं। सुबह चस्वाल, भड्डू, अंसवाई, घरवादसड़ा और डरवाड़ होते हुए सरकाघाट-मंडी जाने वाली बस भी अब एक घंटे देरी से चल रही है।



इस समस्या को लेकर विधायक और निगम के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार और विधायक के कार्यकाल में हालात और बिगड़े हैं। नए बस रूट शुरू होना तो दूर, पुराने रूट भी बंद हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर, सज्याओ और धाड़ता क्षेत्र में पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। अरबों रुपये की पेयजल योजनाओं के बावजूद लापरवाही के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों पर मनमर्जी से पानी बांटने के आरोप भी लगाए गए हैं।

**अनदेखी** पैदल रास्ता भी ध्वस्त, ग्रामीणों ने विधायक व विभाग से की शीघ्र सुधार की मांग

# 3 साल से बंद रोसो-रंघोड़ सड़क को खुलवाए कौन?

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** सरकाघाट, धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव रोसो की रंघोड़ बस्ती में सड़क सुविधा पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पिछले तीन वर्षों से सड़क बहाल न होने के कारण एक दर्जन परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव रोसो की रंघोड़ बस्ती के एक दर्जन परिवार तीन साल पहले क्षतिग्रस्त हुई सड़क के दोबारा न बन पाने से परेशानी झेल रहे हैं, लेकिन लोकनिर्माण विभाग व यहां के विधायक इस सड़क का पुनर्निर्माण पिछले तीन साल से नहीं करवा पा रहे हैं।

तीन साल पहले एक पुल के गिरने से पहले यह सड़क बाधित हुई थी और पिछली बरसात में रीढा के पास जो पैदल चलने योग्य रास्ता था वह भी ढह गया, जिससे वहां से पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है । वर्तमान में गांववासियों को पैदल चलने के लिए सुरक्षित रास्ता भी उपलब्ध नहीं है। इस सड़क का निर्माण पिछली सरकार के कार्यकाल में हुआ था लेकिन भारी बारिश से यह सड़क टूट गई थी, जिसे अभी तक भी वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार नहीं किया जा सका है।




रोसो-रंघोड़ सड़क की क्षतिग्रस्त हालत, ग्रामीणों को पैदल और वाहन मार्ग दोनों में गंभीर समस्या का सामना।

विभाग ने इस सड़क को बहाल करने के लिए इस पर डंगे लगाने व अन्य कार्यों हेतु इसी गांव के एक ठेकेदार, जो विधायक के खासमखास बताए जाते हैं, को दो साल से ठेका दिया था, लेकिन उन्होंने अभी तक काम शुरू ही नहीं किया, जिससे जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। रंघोड़ निवासी पूर्व उपप्रधान रघुवीर सिंह, एडवोकेट संजय वर्मा, कुलदीप चंद, अशोक कुमार, बंती देवी, विजय कुमार, राजकुमार, कमला देवी, अश्वनी कुमार, लता देवी, डिंपल कुमार, गुम्मा देवी, कमला देवी, रेणु, सुलेखा, सरवन, विद्या, जयपाल, मीना, प्रमिला, रीना, लीला, उर्मिला व तनु आदि ने बताया कि वे इस बारे में विधायक से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें अब तक केवल कोरे आश्वासन ही मिले हैं। जिसके चलते गांववासियों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने विधायक व लोक निर्माण विभाग से सड़क मार्ग को शीघ्र तैयार करने की मांग की है, अन्यथा मजबूरन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी विभाग और विधायक की होगी। वहीं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने भी सड़क के इतने लंबे समय से न बनने पर लोक निर्माण विभाग और विधायक की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार व विधायक के कार्यकाल में न तो कोई नया विकास कार्य हो रहा है व न ही पहले से बनी सड़कों की मुरम्मत ठीक ढंग से करवाई जा पा रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी है।

# डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, दूसरे दिन भी ओपीडी बंद

## जिले में मरीजों को करना पड़ा परेशानियों का सामना, इमरजेंसी सेवाएं रही जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**चिकित्सकों** की हड़ताल के चलते ऊना जिले में मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं, जबकि केवल इमरजेंसी सेवाएं ही बहाल रखी गईं।

चिकित्सकों की हड़ताल से जहां एक ओर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं, वहीं दूसरी ओर आम मरीज सबसे अधिक परेशान नजर आ रहे हैं। अब सभी की निगाहें सरकार और चिकित्सक संगठनों के बीच होने वाले संभावित समाधान पर टिकी हैं, जिससे जल्द ही हालात सामान्य हो सकें। हड़ताल का असर ऊना जिला मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय अस्पताल ऊना, बंगाणा, अंब, गगरेट, हरोली सहित जिले के अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में साफ तौर पर देखने को मिला। इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचे मरीजों को चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण बिना उपचार के लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, आईजीएमसी शिमला में एक रेजिडेंट चिकित्सक को बर्खास्त किए जाने के विरोध में राज्य डॉक्टर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रखने का सामूहिक निर्णय लिया है। इसी निर्णय के तहत ऊना जिले में भी चिकित्सकों ने ओपीडी का बहिष्कार किया। ऊना अस्पताल पहुंचे दीपक कौशल, अभय सिंह, सुरजीत, अजय पाल और संजय सहित अन्य मरीजों ने कहा कि वे कई किलोमीटर दूर से इलाज के लिए आए थे, लेकिन ओपीडी बंद होने के कारण उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। उन्होंने सरकार और चिकित्सकों से इस मामले का जल्द समाधान निकालने की मांग की। वहीं, हड़ताल का असर दौलतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी देखने को मिला। अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों का कहना है कि कुछ मामलों में मरीजों की ओर से चिकित्सकों के साथ गलत व्यवहार भी किया गया है। सरकार द्वारा लिए गए फैसले से चिकित्सक सहमत नहीं हैं और सरकार को इस विषय पर पुनः गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए।



हड़ताल का असर।

## लघु दुकानदार कल्याण योजना में शहरी दुकानदारों को शामिल करने पर जताया आभार

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** जिला ऊना कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव देवी लाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लघु दुकानदार कल्याण योजना' का विस्तार करते हुए शहरी दुकानदारों को भी इस योजना में शामिल कर लिया है। इससे कर्ज का दबाव झेल रहे छोटे दुकानदारों को लाभ मिलेगा। इस योजना में शहरी दुकानदारों को शामिल करने के आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की चुनौतियां और कर्ज का दबाव दुकानदारों की तरक्की की सबसे बड़ी बाधा है। इस पीड़ा को समझते हुए सीएम सुक्खू ने मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना' का विस्तार कर छोटे दुकानदारों के साथ अब शहरी दुकानदारों को भी शामिल किया है। इस योजना में उन दुकानदारों का वार्षिक टर्नओवर 10 लाख रुपए से कम होने पर, उनके मूलधन और ऋटा का ब्याज सरकार द्वारा चुकाया जाएगा। यदि बकाया 1 लाख रुपए से अधिक है, तो उन्हें 'वन-टाइम सेटलमेंट' की सुविधा भी मिलेगी। हमारा लक्ष्य है कि छोटे दुकानदार आर्थिक दबाव से मुक्त होकर आत्मनिर्भर बनें।

# हरोली विद्यालय बनेगा राजीव गांधी आदर्श राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल : उपमुख्यमंत्री

## मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरोली का चयन राजीव गांधी आदर्श राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल के रूप में किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत विद्यालय के समग्र विकास को लेकर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी तथा करोड़ों रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक और सर्वसुविधा संपन्न शैक्षणिक परिसर का निर्माण किया जाएगा।

डिप्टी सीएम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रा सिमरन ने नशा-निवारण पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन की ओर से 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय को सीबीएसई पैटर्न के तहत लिया गया है। मुकेश ने कहा कि आज जो हरोली आकार ले रही है, वह वर्तमान के साथ आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए गढ़ी जा रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हरोली में जल शक्ति, विद्युत और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इन तीनों विभागों को एक ही छत के नीचे लाने के लिए संयुक्त कार्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने समाज से बच्चों को नशे से दूर रखने का आह्वान करते हुए कहा कि नशे में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।


हरोली में स्कूली छात्रों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

## न्यूज ब्रीफ

### इश्योरेंस ऑफिसर पद के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज इम्यूनिटिक लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, गौंदपुर जयचंद, तहसील हरोली, जिला ऊना में क्वालिटी इश्योरेंस ऑफिसर (ट्रेनी) के एक पद की भर्ती के लिए 29 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार अधिकारी के कार्यालय परिसर में साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इस पद के लिए आयु सीमा 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी, बी फार्मा अथवा डी फार्मा रखी गई है। चयनित अभ्यर्थी को 15,000 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने साथ शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, जन्म तिथि प्रमाण, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा, अनुभव प्रमाण-पत्र तथा सभी मूल दस्तावेज अवश्य लाएं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 6000650472 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### लोअर भदसाली के दो युवकों से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सदर थाना के तहत शुक्रवार देर शाम को ऊना के समीप एक बाइक सवार युवक से चिट्टा बरामद हुआ है। पुलिस टीम ने यातायात चैकिंग के दौरान भड़ोलियां खुर्द में ओम भुजिया भंडार के नजदीक मोटरसाइकिल नंबर एचपी-80ए-3738 जो नंगल से ऊना की तरफ जा रहा था, उसकी तलाशी के दौरान 1.04 ग्राम चिट्टा बरामद किया। इस मामले में पवन कुमार व राजन कुमार लोअर भदसाली के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया है।

### चौकीमन्यार में भगवान विष्णु के 24 अवतारों का वर्णन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत चौकीमन्यार पंचायत स्थित श्री उषा माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कथा स्थल 'हरे कृष्ण-हरे राम' और 'जय श्रीमद्भागवत' के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक परमपूजनीय श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल संत आचार्य श्री रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों का वर्णन करते हुए वामन अवतार की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वामन अवतार अहंकार के नाश और विनम्रता की विजय का प्रतीक है। महाराज जी ने ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन कर भक्ति, दृढ़ संकल्प और विश्वास का महत्व समझाया। प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### विधायक सत्ती वीर बाल दिवस पर की सेवा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** वीर बाल दिवस पर सनोली मजारा स्थित बाबा जवाहर सिंह गुरुद्वारा में ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने माथा टेका। इस अवसर पर 25 दिसंबर से रखे गए अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया तथा कीर्तन दरबार का आयोजन हुआ। विधायक सत्ती ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए इसे साहस और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा बताया। भोग के उपरांत लंगर का आयोजन भी किया गया।



### रैली से दिया चिट्टा मुक्त समाज का संदेश

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में चिट्टा मुक्त अभियान के तहत प्रतियोगिताएं, रैली और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य संजीव पराशर की अध्यक्षता में हुई इस रैली में विद्यार्थियों ने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' जैसे नारों के साथ भाग लिया। भाषण, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सूचना देने वालों को पुरस्कार देने की घोषणा की। प्रतियोगिताओं में कंगना सहोता, सिमरन सहोता, सृष्टि और अन्य छात्रों ने पुरस्कार जीते। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज की शपथ के साथ हुआ।

## ऊना जिले में बस किराए को लेकर खड़ा है बड़ा सवाल, यात्रियों का हो रहा आर्थिक शोषण

# अब भी चल रही निजी बस ऑपरेटरों की मनमानी

- मैदानी इलाके में पहाड़ी दरों से वसूली, यात्रियों से लाखों की ठगी का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**हिमाचल** प्रदेश के ऊना जिले में बस किराए को लेकर एक बड़ा मामला सामने आने के बाद भी अधिकांश निजी बस ऑपरेटरों ने रवैया नहीं बदला है। निगम की बसों में जहां ऊना से बंगाणा 65 रुपए लिए जा रहे हैं।

वहीं, निजी बस ऑपरेटरों द्वारा 70 रुपए प्रति सवारी के हिसाब से वसूली जारी है। आरोप है कि कुछ निजी बस ऑपरेटरों द्वारा यात्रियों से पहाड़ी क्षेत्र के नाम पर अधिक किराया वसूला जा रहा है, जबकि ऊना जिला न तो पिछड़ा क्षेत्र है और न ही पूर्ण रूप से पहाड़ी इलाका माना जाता है। जानकारी के अनुसार, हिमाचल परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने ऊना से बंगाणा रूट पर ऊना से समूरकलां तक मैदानी क्षेत्र और उसके आगे पहाड़ी क्षेत्र के अनुसार किराया निर्धारित किया है, लेकिन आरोप है कि कुछ निजी बस ऑपरेटरों ने पूरे रूट पर पहाड़ी क्षेत्र का किराया लागू कर दिया और महीनों तक अनजान यात्रियों से अधिक पैसा वसूला। इससे यात्रियों को आर्थिक नुकसान हुआ है, जो लाखों रुपए तक पहुंच सकता है। यह मामला न केवल यात्रियों के आर्थिक शोषण का है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी की कमी को भी उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि परिवहन विभाग कब तक ठोस कार्रवाई करता है और यात्रियों को न्याय कब मिलता है।




अनंत ज्ञान मुद्दा

### परिवहन विभाग की भूमिका पर सवाल

**सबसे** बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि परिवहन विभाग द्वारा रूटीन जांच क्यों नहीं की गई। यदि समय-समय पर किराया सूची और बसों की जांच होती, तो यात्रियों के साथ यह ठगी लंबे समय तक नहीं चल पाती।

### स्थानीय लोगों ने उठाई आवाज

इस मामले को लेकर स्थानीय निवासियों- अजय वर्मा, सुषमा, राजीव कुमार, राज कुमार और सुनीता सहित कई लोगों ने प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि ऊना जिला मैदानी क्षेत्र में आता है, इसके बावजूद पहाड़ी क्षेत्र के हिसाब से किराया वसूलना पूरी तरह गलत और नियमों के खिलाफ है।

- लोगों ने मांग की है कि निजी बस ऑपरेटरों की जांच हो
- अधिक वसूले गए किराए की वापसी कराई जाए
- दोषी बस संचालकों पर जुर्माना और कार्रवाई की जाए

"शिकायतें संज्ञान में आई हैं और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। किराया निर्धारण नियमों की जांच की जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित बस ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-अशोक कुमार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी।**

# खड्ड गांव में 74वीं ओपन फुटबाल स्पर्धा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**प्रदेशभर** में फुटबाल के लिए विख्यात हरोली विधानसभा क्षेत्र के खड्ड गांव में पंडित मोहन लाल दत्त की पुण्य स्मृति में आयोजित 74वीं ओपन फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार सायं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि किया। 30 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन यंग फार्मर क्लब की ओर से किया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों, आयोजकों तथा स्थानीय लोगों को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खड्ड गांव ने फुटबॉल के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां के खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि यहां लगभग हर घर से कोई न कोई खिलाड़ी फुटबाल से जुड़ा रहा है, जो गांव की मजबूत खेल परंपरा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि फुटबाल ने खड्ड गांव के युवाओं को नशे जैसी कुप्रवृत्तियों से दूर रखा है और उनमें अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित की है। उपमुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि आउटडोर स्टेडियम में रात्रिकालीन टूर्नामेंट के लिए 46 लाख रुपए की लागत से फ्लड लाइटें स्वीकृत की जा चुकी हैं। इस अवसर पर फुटबाल क्लब के चेयरमैन रामपाल ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। इस प्रतिगिता में विजेता टीम को 71 हजार, उपविजेता को 61 हजार, जबकि तृतीय व चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 7100-7100 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। इसके अलावा युवाओं की अंडर-16 फुटबाल प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जा रही है, जिसकी विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

## गगरेट सीमा पर बिना दस्तावेजों के लकड़ी ले जा रहे चार वाहन जब्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**अवैध** लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अंब और गगरेट क्षेत्र की वन विभाग की टीम ने शनिवार तड़के 3:00 बजे गगरेट सीमा (बॉर्डर) के पास चार वाहनों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। टीम ने नादौन क्षेत्र से आ रहे तीन वाहनों और अंब क्षेत्र से आ रहे एक वाहन को रोका। जांच के दौरान पाया गया कि नादौन से आ रहे तीनों वाहनों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लदी थी, जबकि अंब वाले वाहन में खुली प्रजाति की लकड़ी थी।

मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि इनमें से किसी भी वाहन के पास लकड़ी परिवहन से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज या परमिट नहीं थे। दस्तावेज न होने और वन नियमों के उल्लंघन के चलते चारों वाहनों को तुरंत प्रभाव से जब्त कर लिया गया है। अभियान को अंजाम देने में वन विभाग की टीम ने पूरी मुस्तैदी दिखाई। कार्रवाई करने वाली टीम में वनरक्षक बलदेव कुमार, पंकज, विक्रांत, रामपाल, सुशील और तरसेम शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटान और तस्करी को रोकने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में रात्रि गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई।



लकड़ी के साथ पकड़ा गया वाहन।

## भाजपा में नई नियुक्तियों से संगठन को मिलेगी मजबूती : दविंदर भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने पार्टी संगठन द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठों में की गई नई नियुक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह उत्पन्न होगा। गोवंश प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक मनोहर लाल शर्मा, पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक सुभाष शास्त्री, किसान मोर्चा में निर्मल ठाकुर एवं मनोज कुमार (मनु बांका), पंचायती राज प्रकोष्ठ में बलबीर सिंह और विपिन पाधा को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी गोवंश संरक्षण, किसान कल्याण, पंचायती राज सशक्तिकरण और पूर्व कर्मचारियों के हितों में अहम भूमिका निभाएंगे। संगठन की यह मजबूती आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए लाभकारी सिद्ध होगी और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

# देहरा की विधायक कमलेश ने चिंतपूर्णी मंदिर में नवाया शीश


चिंतपूर्णी माता मंदिर में पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी और देहरा की विधायक कमलेश।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**माता** श्री चिंतपूर्णी के दरबार में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी एवं देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर ने अपनी बेटी, एडवोकेट जनरल अनूप रतन और उनकी धर्मपत्नी, एडवोकेट रवि पराशर और अजय ठाकुर के साथ माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्र का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई।

इस मौके पर कांग्रेस सचिव संजीव कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कमलेश ठाकुर धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं, ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरकर अपने जीवन को सार्थक बनाया। वे अक्सर माता के दरबार में आती रहती हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निपटारा किया। माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरने के बाद उन्होंने कहा कि वे माता की कृपा से अपने जीवन में आगे बढ़ रही हैं और लोगों की सेवा करने का प्रयास कर रही हैं।

## बंगाणा कॉलेज में पर्यावरण कानूनी साक्षरता पर जागरुकता व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में अखिल भारतीय पर्यावरण कानूनी साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पहल के तहत 'आज रक्षा करें, कल सुरक्षित करें' विषय पर जागरुकता-परक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी बढ़ाना और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। मुख्य वक्ता एडवोकेट विकास लोहिया, सहायक एलएडी ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रमुख कानूनों, नागरिकों के अधिकार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की रक्षा केवल प्रशासन या न्यायालय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन वेधेही शर्मा ने किया। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सिकंदर नेगी, प्रो. मुकेश कुमारी, छात्र संघ अध्यक्ष शिल्पा, उपाध्यक्ष संजना सहूता आदि मौजूद रहे।

## अभया एक खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि संघर्ष और अनुशासन की प्रेरणादायक मिसाल

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

**ऊना** जिले के वनगढ़ गांव में 30 जून 2011 को जन्मी अभया शर्मा ने बहुत कम उम्र में यह सिद्ध कर दिया कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती। दिनेश कुमार और राजदीप की इस होनहार बेटी के लिए घर का आंगन ही पहला खेल मैदान बना।



खेल उसके स्वभाव में रचा-बसा है और इसी जुनून ने उसे राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। अभया के जीवन में उसके बड़े भाई आदित्य शर्मा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वे उसके पहले कोच, मार्गदर्शक और सबसे बड़े संबल बने। जब भी थकान या निराशा आई, भाई की प्रेरणा ने उसे नई ऊर्जा दी। जखेड़ा स्कूल की छात्रा अभया पढ़ाई और खेल के बीच अनुकरणीय संतुलन का उदाहरण है। कक्षा में अनुशासन और मैदान में आक्रामक खेल शैली उसकी पहचान है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक भीष्म पाल ने उसकी प्रतिभा को समय रहते पहचाना और तकनीक के साथ-साथ अनुशासन व मानसिक मजबूती का प्रशिक्षण दिया। मात्र 14 वर्ष की उम्र में राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में जिला ऊना को दूसरा स्थान दिलाकर अभया ने अपने उज्ज्वल भविष्य के संकेत दे दिए थे। वर्ष 2025 में लठियानी में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में उसकी तेज रफ्तार और खेल समझ ने जखेड़ा स्कूल को शानदार जीत दिलाई। इसके बाद लखनऊ में आयोजित 37वें फेडरेशन कप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 वर्षीय अभया ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। आज अभया शर्मा केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास की प्रेरणादायक मिसाल हैं। ऊना की यह बेटी नई पीढ़ी को सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस दे रही है।

**खेलकूद** मुख्यातिथि पूर्व कैप्टन रघुवीर ने युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान

# रौणखर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोल**

**धौमेश्वर** सदा शिव की नगरी तलमेहडा के रौणखर गांव के मैदान में शनिवार को सदाशिव युवा क्लब तलमेहडा की ओर से दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना से रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस मौके पर खरयालता पंचायत प्रधान राकेश धीमान, स्थानीय बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा, पूर्व उपप्रधान जीवन सिंह, सदा शिव मंदिर संस्थापक रघुवीर सिंह संगम, रिटायर्ड अध्यापक रणधीर सिंह, रिटायर्ड कैप्टन मदन लाल, विनोद शर्मा,विपिन शर्मा, देशराज शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रघवीर सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी विकसित करते हैं।

पूर्व कैप्टन रघुवीर ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रकार के खेल आयोजनों के लिए बधाई दी। वहीं, उद्घाटन मुकाबले में क्षेत्र की तलमेहडा और अम्बेहडा की मजबूत टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें तलमेहडा की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के संस्थापक अभिषेक डोगरा, वॉलीबाल कोच तलमेहडा अशवनी शर्मा, लक्की, बंटी, विक्की, मनीष डोगरा, सुरजीत सिंह, मास्टर संसार चंद, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।


सदाशिव युवा क्लब तलमेहडा की ओर से दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# मित्रों के लिए व्यवस्था परिवर्तन जनता के लिए व्यवस्था पतन : राणा

- भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**भाजपा** के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने गगरेट में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपए की सहायता की जो गारंटी दी थी, उसमें से 602 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं।

यह साबित करता है कि नरेंद्र मोदी की गारंटी, गारंटी होती है। शेष राशि भी नियमानुसार धीरे-धीरे जारी की जाएगी। राजेंद्र राणा ने कहा कि जहां केंद्र सरकार हिमाचल की हरसंभव मदद कर रही है, वहीं प्रदेश में 'मित्रों की सरकार' मौज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया, जबकि ठेकेदारों के करीब 10 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। प्रदेश सरकार की कुल देनदारी 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो रहा, पूर्व कर्मचारियों को पेंशन और डीए का एरियर नहीं दिया जा रहा। प्रदेश में विकास पूरी तरह ठप है, महिलाएं ठगी गई हैं और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। पिछली भाजपा सरकार के दौरान हुई परीक्षाओं के परिणाम तक घोषित नहीं किए जा सके।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि यह 'जनता की नहीं, मित्रों की सरकार' है, जहां चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की नियुक्तियां अपने लोगों के लिए की जा रही हैं और प्रदेश का पैसा मित्रों पर लुटाया जा रहा है। उन्होंने सरकार को 'पैर के अंगूठे से लेकर सिर के बाल तक भ्रष्ट' करार दिया। कांग्रेस सरकार अपने वादों पर पूरी तरह फेल रही है। न 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी गई, न एक लाख नौकरियां मिलीं, न महिलाओं को 1500 रुपए दिए गए। किसानों को गोबर योजना के नाम पर ठगा गया और मॉडल स्कूल खोलने के दावे भी कागजों तक सीमित रह गए। प्रदेश के कर्मचारी आज बुरी तरह परेशान हैं।

# चिकित्सकों की हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

## क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सभी ओपीडी रही बंद, मरीज परेशान, इमरजेंसी में ही मिली सिर्फ सुविधा

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** आईजीएमसी में चिकित्सक व मरीज के मामले में डॉ. निरूला की टर्मिनेशन रद्द करने पर अड़े चिकित्सकों की अनिश्चितकाल हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। जिसका सीधा सीधा असर अस्पतालों में उपचार के लिए आ रहे मरीजों पर पड़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की अगर बात करें तो हड़ताल के दूसरे दिन शनिवार को उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को बिना उपचार के ही वापिस लौटना पड़ा। अस्पताल में सभी ओपीडी पर ताले लगे रहे और सिर्फ इमरजेंसी में ही मरीजों को चिकित्सकों की सेवाएं मिली। हालांकि शनिवार को हड़ताल के दूसरे दिन जिन लोगों को चिकित्सकों की हड़ताल बारे जानकारी थी उनमें से कुछ मरीज यहां अस्पताल उपचार के लिए ही नहीं आये जबकि कुछ मरीज ऐसे भी थे जो जिला के दुर्गम इलाकों से कई किलोमीटर का पैदल सफर कर इलाज के लिए शुक्रवार को कुल्लू आये थे उनको उम्मीद थी कि शायद दूसरे दिन हड़ताल समाप्त हो जाये और उन्हें उपचार मिल जाये जिस कारण वह दूसरे दिन भी ओपीडी के बाहर चिकित्सक का इंतज़ार करते रहे। लेकिन चिकित्सक नहीं आये जिस कारण उन मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। जबकि कुछ मरीज ऐसे भी हैं जो अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उनके ऑपरेशन होने थे वह भी नहीं हो पाए। ऐसे में चिकित्सकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण मरीजों को काफ़ी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।



क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ओपीडी बंद व इलाज करवाने आया मरीज।

अस्पताल में उपचार के लिए आए मरीजों टेढ़ी राम, सोहन सिंह, राम दास, श्रुति सहित अन्य ने सरकार से मांग की है कि सरकार और चिकित्सकों के बीच जो भी मामला है उसे जल्दी सुलझाया जाए ताकि मृजन को परेशानी न हो।

वहीं, बंजार के श्रीकोट निवासी टेढ़ी राम ने कहा कि दो दिन पहले क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चेकअप के लिए आया था, लेकिन यहां पर डॉक्टर दो दिनों से हड़ताल पर है जिससे ओपीडी बंद है। इस कारण दो दिनों से दिक्कत झेलनी पड़ रही है। यहां रहने के लिए भी किराए पर कमरा लेना पड़ रहा है, कितने दिन यह हड़ताल जारी रहेगी अभी यह भी पता नहीं ऐसे में और दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर उचित कार्रवाई करें ताकि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुचारू रूप से मिल सकें। लिहाजा, चिकित्सकों की हड़ताल का असर अब अस्पतालों में दिखने लगा है जिसके कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है।

## 108 व 102 एंबुलेंस कर्मियों ने लोअर ढालपुर से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक निकाली रैली





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन (सीटू संबद्ध) की राज्य स्तरीय दो दिवसीय हड़ताल का असर दूसरे दिन भी कुल्लू जिला मुख्यालय में देखने को मिला। लोअर ढालपुर से लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय तक सभी कर्मचारियों ने रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपने हक की आवाज बुलंद की। डीसी कार्यालय के बाहर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रधान जोगिंद्र सिंह और उपप्रधान राजेश ने आरोप लगाया कि 25 दिसंबर रात 8 बजे से शुरू हड़ताल कंपनी मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा, 12 घंटे की ड्यूटी ली जा रही है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें नहीं मानीं तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष जोगिंद्र, सचिव देवेंद्र, सीटू जिला अध्यक्ष चमन लाल, जिला कमेटी सदस्य पदम प्रभाकर सहित लाहौल-स्पीति से पहुंचे कर्मचारी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में अंजलि, पुष्पराज, भूपेंद्र, मदन शर्मा, नेहा, बिमल, महेश्वरी, रवि कुमार, नेस राम, चुनी लाल, धर्म चंद, नील चंद, सुरेश, अशोक, रूप लाल आदि उपस्थित रहे।

## जरी अस्पताल में डॉक्टर न होने से भड़का जनाक्रोश, कुल्लू पहुंची सैकड़ों महिलाएं



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

पार्वती घाटी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लोगों का धैर्य जवाब दे रहा है। इसी के चलते घाटी के दूरदराज क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं सोमवार को कुल्लू जिला मुख्यालय पहुंचीं और सीएमओ, डीसी तथा स्थानीय विधायक से मिलकर विरोध जताया। महिलाओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जरी अस्पताल में पिछले लंबे समय से एक भी डॉक्टर तैनात नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र की आम जनता खास तौर पर प्रसूता महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि चार स्वीकृत डॉक्टर पदों में से एक भी पद पर तैनाती नहीं है, जिससे अस्पताल पूरी तरह जड़वत पड़ गया है। दुर्गम सड़कों और खराब मार्गों के बीच बीमार मरीजों को जरी अस्पताल में प्राथमिक इलाज तक नहीं मिल पाता, और मजबूरन उन्हें कुल्लू या नेरचौक अस्पताल का रुख करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रसव पीड़ित महिलाओं और गर्भवती मरीजों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है।

मलाणा, रोशल, पुलगा, तुलगा, बरशैनी, पिणी, तलपिणी, मणिकर्ण, ग्राहण, कसोल सहित पूरे क्षेत्र के लोग इस अस्पताल पर निर्भर हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी ने स्वास्थ्य सेवाओं को ठप कर रखा है। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने शीघ्र डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की, तो वे बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगी। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाहु और देवठी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, आनी।** शमशर क्षेत्र से आगे मैन लाइन पर आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते रविवार को बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग के अनुसार रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाहु, देवठी, कंडा-कनशेंन, कुटवा, धार, काफ्टी, लढागी, बुछैर, डीम, तराला, जाओं सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। विद्युत विभाग ने बताया कि लाइन पर जरूरी तकनीकी कार्य किया जाना है, जिसके चलते सात घंटे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के आनी उपमंडल के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### बाल बालिका गृह में 85 बच्चों को दिया आश्रय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने शनिवार को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिला स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई और बच्चों के समग्र विकास व सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला में वर्तमान में तीन बाल बालिका गृह कार्यरत हैं, जिनमें 85 बच्चों को आश्रय प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त ने बाल गृह में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, वस्त्र, बिस्तर और भोजन की नियमित जांच और उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी समेकित बाल विकास परियोजना कुंदन लाल ने बैठक संचालित की। विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### किसानों को जीवामृत-घनजीवामृत के फायदे बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की खड़ीहार पंचायत के खलोगी में किसानों के लिए जलवायु अनुकूल कृषि पद्धति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समुदाय आधारित सतत विकास पहल परियोजना के तहत वसुधा विकास संस्थान और कृषि विभाग की प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान ईकाई के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 31 किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग के खंड तकनीकी प्रबंधक अरूण कुमार और भुंतर किसान उत्पादक संघ के कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने प्राकृतिक खेती, जीवामृत और घनजीवामृत के उपयोग और फायदों पर किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जैविक खेती, जलवायु अनुकूल फसलें और मार्केटिंग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परियोजना सहायक हीरा लाल ठाकुर, सीएसएम बोध राज और देवभूमि जन विकास संगठन की सदस्य सवित्रा देवी ने भी योगदान दिया।

### उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए करें प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शनिवार को कुल्लू में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि सुख आश्रय योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता के लिए 10 लाभार्थियों को 2 लाख सात हज़ार रुपए की मदद प्रदान की गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस योजना के दायरे में आने वाले कोई भी व्यक्ति इसके लाभ से वंचित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बच्चों को प्रेरित व जागरूक करें। उन्होंने जमा दो तथा मैट्रिक स्तर से ड्रॉप आउट बच्चों का आंकड़ा प्रस्तुत करने को भी कहा। उन्होंने आगामी बैठक में सभी सात मदो पर विस्तृत प्रस्तुति देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज़ोनल अस्पताल डॉ सुरेश सहित कई उपस्थित रहे।

### रैपलिंग-जुम्मारिंग, आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राफ्टिंग केंद्र पिरडी, कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन प्रतिभागी विद्यार्थियों को रैपलिंग और जुम्मारिंग की महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में देश के चार राज्यों से आए 35 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि छात्रों को रस्सियों के माध्यम से सुरक्षित तरीके से ऊंचाई से उतरने व चढ़ने की विधियां सिखाई गईं। इसका उद्देश्य आपदा की स्थिति में दुर्गम क्षेत्रों में फंसे या घायल लोगों को सुरक्षित निकालने में युवाओं को सक्षम बनाना है। प्रतिभागी छात्रों ने कहा कि कुल्लू घाटी का प्राकृतिक वातावरण और साहसिक प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना को मजबूत कर रहा है।

## सेब पर आयात शुल्क घटाकर बागवानों से छल कर रही केंद्र सरकार : प्रेम शर्मा

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

- कहा- कर्ज माफी की थी उम्मीद, सरकार ने आयात शुल्क घटाकर दिया झटका

**पतलीकूहल।** केंद्र सरकार द्वारा सेब पर आयात शुल्क घटाने के फैसले पर कुल्लू फलोत्पादक मण्डल ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने सरकार के इस कदम को बागवानों के साथ 'छल' करार देते हुए कहा कि इससे पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहे प्रदेश के बागवानों का शोषण होगा। प्रेम शर्मा ने कहा कि भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण बागवान पहले ही भारी नुकसान उठा चुके हैं। ऐसे कठिन समय में बागवानों को सरकार से कर्ज माफी और विशेष राहत पैकेज की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर मात्र 25 प्रतिशत कर दिया।



उन्होंने मांग उठाई कि नुकसान झेल रहे बागवानों का कृषि ऋण को माफ किया जाए। यदि पूरा कर्ज माफ करना संभव न हो, तो कम से कम एक साल का ब्याज तुरंत माफ होना चाहिए। किसानों की आय दोगुनी करने के दावों पर सवाल उठाते हुए प्रेम शर्मा ने कहा कि सेब उत्पादन की लागत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों में सेब के पौधों में इस्तेमाल होने वाली खाद जैसे पोटाश और सुपर फॉस्पेट के दाम लगभग तीन गुना बढ़ चुके हैं। कीटनाशकों और पैकेजिंग सामग्री के दाम भी आसमान छू रहे हैं।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि देश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए आयात शुल्क में की गई कटौती को तुरंत वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि बाहरी देशों के सेब सस्ते दामों पर भारतीय बाजारों में आएंगे, तो स्थानीय बागवान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे।

## अलेऊ पुल से लेकर मनाली तक लंबा जाम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अलेऊ पुल से मनाली तक लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे आम लोगों को घंटों तक वाहनों की कतार में खड़ा रहना पड़ा। इस दौरान कुछ स्थानीय टैक्सी ऑपरेटर यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए जाम को तोड़कर ओवरटेक करते नजर आए। उनके इस रवैये से विपरीत दिशा से आ रहे वाहन भी जाम में फंस गए, जिससे सड़क पर अव्यवस्था और अधिक बढ़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अधिकांश वाहन चालक नियमों का पालन करते हुए अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, उसी समय कुछ टैक्सी चालकों द्वारा ओवरटेक लेने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। इससे न केवल जाम लंबा हुआ, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी बनी रही।

जनता ने पुलिस विभाग से मांग की है कि इस प्रकार नियम तोड़कर ओवरटेक करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस द्वारा मौके पर प्रभावी नियंत्रण और नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, तो यातायात की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि कानून तोड़ने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो सके और आम जनता को राहत मिल सके।

## अटल की योजनाओं से पहाड़ों में सड़कों का विस्तार संभव: शौरी



अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर लारजी में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान, बंजार

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर बंजार विधानसभा क्षेत्र के लारजी में सुशासन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बंजार विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों से भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी तथा पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सुशासन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित में दिए गए अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का कुल्लू क्षेत्र से विशेष और आत्मीय नाता रहा है।

उन्होंने कहा कि अटल जी एक सुस्पष्ट, प्रखर एवं प्रभावशाली वक्ता होने के साथ-साथ दूरदर्शी राजनेता थे। उन्हीं के कार्यकाल में बनी योजनाओं के बलबूते आज पहाड़ी क्षेत्रों तक सड़कों का विस्तार संभव हो पाया है। आज भी बंजार विधानसभा क्षेत्र में उन्हीं की बहुआयामी योजना के अंतर्गत सड़क कार्य किए जा रहे हैं व किए जाने प्रस्तावित है। पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क में सुधार अटल जी की दूरदर्शी सोच और नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। विधायक शौरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन, व्यक्तित्व और सिद्धांत आज भी आमजन के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## ब्रेहिन स्कूल के विद्यार्थियों ने सीखी व्यावसायिक पाठ्यक्रम की बारीकियां

अनंत ज्ञान, सैंज





शिक्षा विभाग की ओर से व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन विषय पर नगवाई में तीन दिवसीय जॉब प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरैहिन (सैंज) के 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शनिवार को इस प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर में व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन पर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरैहिन के दसवीं कक्षा से ग्यारहवीं कक्षा तक के दस छात्र छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।

पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विषय के अध्यापक अंकुश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जॉब प्रशिक्षण शिविर में जहां स्कूली बच्चों ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम में बारीकियां सीखी वहीं पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन पाठ्यक्रम व कौशल विकास पर खूब ज्ञान बांटा। उन्होंने बताया कि यह कोर्स स्कूली बच्चों को कम समय में निपुण बना देता है। पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में सफल करियर के लिए स्कूली बच्चों को इस तरह का कौशल तैयार करता है। अंकुश राणा ने बताया कि पर्यटन से संबंधित कोर्स को पूरा करने के बाद युवा प्रतिष्ठित होटल, रिजॉर्ट्स, एयरपोर्ट तथा ट्रैवल एजेंसी में रोजगार पा सकते हैं। स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य मंजू सेन ने व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर में पधारे छात्र छात्राओं को प्रोफेशनल कोर्स को व्यवहारिक जीवन में जरूर अपनाने का आग्रह किया। माइंड लीडर्स कंपनी की ओर से अंकुश राणा ने बताया कि वोकेशनल एजुकेशन के इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में होटल व्यवसाय से जुड़े कारोबारी अनिल ठाकुर ने शिविर में आए बच्चों को सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर हुकुम सिंह, मैडम संध्या व भुवनेश, चमन, गोविंद राणा आदि उपस्थित रहे।

### इन बच्चों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण

**चंद्रेश** कुमार, देवेंद्र महंत, संजीव नेगी, प्रीथी सिंह, प्यारु राम, कुशाल, अंकुश, बबली देवी, पूजा देवी तथा निरमा देवी।

## पानी के बिलों पर जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस सरकार : अमित सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार और कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर पर पानी के बिलों को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों से जनता पहले ही परेशान है और अब कुल्लू-मनाली क्षेत्र में बढ़े हुए पानी के बिलों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। अमित सूद ने बताया कि दशहरा उत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पानी के बिलों में राहत देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री और विधायक के कहने पर कई लोगों ने पानी के बिल जमा नहीं किए, जिसके बाद अब जल शक्ति विभाग बिल न भरने पर भारी भरकम जुर्माना लगा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले तीन महीने का पानी का बिल जहां करीब एक हजार रुपये आता था, वहीं अब वही बिल 8 से 10 हजार रुपये तक पहुंच गया है। कई संस्थानों को एक लाख रुपये से अधिक के बिल थमाए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। अमित सूद ने सरकार से मांग की कि बढ़े हुए पानी के बिल तुरंत वापस लिए जाएं, ताकि जनता को राहत मिल सके।

## शहीद देवी चंद का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा : मदन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

- शहीद देवी चंद की प्रतिमा का पैतृक गांव बाशिंग में किया अनावरण

वर्ष 1991 में भारत-बांग्लादेश सीमा पर पशु तस्करी रोकते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले बाशिंग के जवान शहीद देवी चंद की प्रतिमा का शनिवार को उनके पैतृक गांव बाशिंग में भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 510 बटालियन की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। प्रतिमा का अनावरण कुल्लू पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने किया। अनावरण के बाद पंचायत भवन बाशिंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और मूर्ति अनावरण समिति की ओर से संयुक्त सांस्कृतिक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश ठाकुर ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने युवाओं को नशे, विशेषकर चिट्टा जैसी खतरनाक दवाओं से दूर रहने और अनुशासन के साथ सकारात्मक गतिविधियों में जुड़ने की अपील की।

मूर्ति अनावरण समिति के अध्यक्ष दिनेश सेन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि शहीदों की स्मृति को जीवित रखना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं को कला, संस्कृति और रंगमंच के मंच से अपनी प्रतिभा निखारने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीएसएफ अधिकारी और जवान, शहीद देवी चंद के परिवारजन, ग्राम पंचायत के प्रधान और उपप्रधान, समाजसेवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मूर्ति स्थापना में विशेष सहयोग विजय कुमार, विजय सेन, राजेश शास्त्री, नरोतम जांगीर और बाबा कुमार दास का रहा।

**सख्ती** डीसी तोरुल एस. रवीश ने जारी किए आदेश, उल्लंघन करने पर जुर्माना व कारावास का प्रावधान

# नदियों के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

- नववर्ष और पीक टूरिस्ट सीजन को देखते हुए प्रशासन का बड़ा फैसला
- पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील

जिला कुल्लू में शीतकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू, तोरुल एस. रवीश, ने हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 111 के अंतर्गत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, जिले में नदियों, खड्डों, नालों एवं अन्य जल स्रोतों के हाई फ्लड लेवल क्षेत्र में आम जनता, पर्यटकों एवं आगंतुकों के प्रवेश एवं आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

यह आदेश विशेष रूप से नववर्ष समारोह एवं पीक टूरिस्ट सीजन के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए लागू किया गया है। शीतकालीन मौसम में कई पर्यटक एवं आगंतुक फोटोग्राफी, सेल्फी एवं मनोरंजन गतिविधियों के लिए नदी तटों एवं नदी तल में प्रवेश कर रहे हैं। विशेषकर बजौरा से सोलंग नाला, भुंतर से मणिकर्ण तथा बंजार उपमंडल में तीर्थन खड्ड के आसपास ऐसे मामले सामने आए हैं। इसके बावजूद कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर चेतावनियां जारी की जाती रही हैं, लोग जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार सर्दियों के मौसम में ऊपरी क्षेत्रों से अचानक पानी छोड़े जाने, जलविद्युत परियोजनाओं से डिस्चार्ज, बर्फ जमने, फिसलन भरे तट, कम तापमान एवं धीमी प्रतिक्रिया क्षमता के कारण दुर्घटनाओं एवं डूबने का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है। पूर्व में भी ऐसे क्षेत्रों में प्रवेश के कारण जानमाल की हानि की घटनाएँ घटित हो चुकी हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जन सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा मानव जीवन की रक्षा के उद्देश्य से आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत केवल प्राधिकृत साहसिक गतिविधियों या आजीविका से जुड़े कार्यों के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही प्रवेश मान्य होगा।

आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध हिमाचल पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 115 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अधिकतम 8 दिन का कारावास अथवा न्यूनतम 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों शामिल हो सकते हैं। यह आदेश शीतकालीन पर्यटन सीजन के दौरान आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, पर्यटकों एवं आगंतुकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## आपसी समन्वय और ठोस योजना के साथ दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में करें कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक का आयोजन उपायुक्त तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में किया गया। जिला रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) राजेश भंडारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रणजीत, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। जबकि बैठक का संचालन क्लब के सदस्य सचिव एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण बी.सी. नेगी द्वारा किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे आपसी समन्वय और ठोस योजना के साथ दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपना वार्षिक रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें, जिससे तय समय सीमा में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने सभी विभागों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और सहयोग से सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सकता है। बैठक में लोगों की सुरक्षा और सड़कों में होनी वाली दुर्घटनाओं को कम करने की विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आरटीओ, एसडीएम एवं पुलिस विभाग को नियमित चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सके। बैठक में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उच्च मार्ग और अन्य सडकों से जुड़ने वाली सम्पर्क सड़कों पर उचित स्थानों पर साइनेज लगाए जाने का निर्णय लिया गया, जिससे वाहन चालकों को दिशा, गति सीमा एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं मिल सकें।

## कुपोषित बच्चों पर रखी जा रही निरंतर निगरानी

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिलास्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के समिति कक्ष में जिला स्तरीय निगरानी एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने की। बैठक के दौरान जिले की पांच प्रमुख आईसीडीएस परियोजनाओं आनी, बंजार, कटराईं, कुल्लू और नीथर—के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे, बच्चों के पोषण स्तर और मुख्यमंत्री शगुन योजना व विधवा पुनर्विवाह जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025-26 के दौरान आपदा राहत कोष के तहत क्षतिग्रस्त आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत हेतु 63 लाख रुपये की राशि के वितरण और विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता की भी समीक्षा की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी समेकित बाल विकास परियोजना कुल्लू कुंदन लाल ने किया। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज़ोनल अस्पताल डॉ सुरेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों से चर्चा करती हुई उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश।

### जिले के 23,093 पंजीकृत बच्चों में से लगभग सामान्य श्रेणी में पाए गए 97.6 फीसद बच्चे

**बैठक** में जानकारी दी गई कि जिले के सभी 1,095 आंगनबाड़ी केंद्रों में पीने के पानी और कार्यात्मक शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की गई है। पोषण अभियान के तहत जिले के 23,093 पंजीकृत बच्चों में से लगभग 97.6 फीसद बच्चे सामान्य श्रेणी में पाए गए हैं, जबकि कुपोषण की स्थिति वाले बच्चों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, विशेषकर उन 12 केंद्रों में जहां कार्य अभी शुरू होना शेष है।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्की में 1 जनवरी से प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली होगी लागू

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल अर्की में आरडीएसएस के अंतर्गत प्री-पेड स्मार्ट मीटर प्रणाली लागू की जा रही है। यह जानकारी विद्युत उपमंडल अर्की के सहायक अभियंता ई नीरज कतना ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार हिमाचल प्रदेश के विशेष सचिव (विद्युत) के पत्र 5 दिसंबर 2025 के संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत एक जनवरी 2026 से सभी सरकारी विभाग के वर्तमान में चल रहे पोस्ट-पेड बिजली कनेक्शनों को प्री-पेड प्रणाली में परिवर्तित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोग एवं बिलिंग व्यवस्था में पारदर्शिता लाना, उपभोक्ताओं को रियल-टाइम में बिजली खपत की जानकारी उपलब्ध कराना तथा भारत सरकार की आरडीएसएस सुधार योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

### भागीरथ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने भागीरथ ठाकुर को किसान मोर्चा का प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। ठाकुर ने नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी, विधायक रीना कश्यप, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव सिंह तोमर के साथ-साथ पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है, वहीं पर भागीरथ ने पार्टी और संगठन को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि वह पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए वह दिन-रात कड़ी मेहनत करेंगे, ताकि पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती मिल सके।

### स्वास्थ्य मंत्री 29 को सोलन प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 29 दिसंबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 29 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ममलीग के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### बरायली में सिंचाई नहर के चालू होने से सुधरी कृषि

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत दाड़लाघाट के बरायली गांव में वर्षों से बंद पड़ी एक पारंपरिक सिंचाई नहर को नाबार्ड के सहयोग से पुनर्जीवित किया है। करीब 20 साल बाद दोबारा चालू हुई इस नहर से गांव के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिली है। परियोजना के तहत पाइपलाइन, ट्रेंचिंग और खेतों की मेड़बंदी का कार्य किया गया, जिससे लगभग 3 हेक्टेयर भूमि फिर से खेती योग्य बन गई। इससे 22 किसान परिवारों को लाभ हुआ है, जो अब साल में तीन फसलें उगा रहे हैं। किसान मटर, टमाटर, अदरक, लहसुन सहित अन्य फसलें उगाकर स्थानीय बाजार में बेच रहे हैं, जिससे उन्हें सालाना 20 से 25 हजार रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। खेतों की मेड़ों पर नेपियर घास लगाने से पशुपालकों को चारा मिला है और गांव के डेयरी किसान रोजाना करीब 50 लीटर दूध बेच पा रहे हैं। इस पहल से बरायली गांव में खेती और आजीविका को नई मजबूती मिली है और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

### कुरगल टीम क्रिकेट प्रतियोगिता की बनी विजेता

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रहेड के गांव टिक्करी टणाजी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को हुए फाइनल मैच में कुरगल की टीम विजेता और टणाजी की टीम उपविजेता रही। यह प्रतियोगिता 26 दिनों तक चली और इसमें 56 टीमों ने हिस्सा लिया। समापन मौके पर सोलन भाजपा किसान मोर्चा के मंडल सचिव नवल ठाकुर मुख्यातिथि और कंडाघाट भाजपा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष नीलम शर्मा वशिष्ठ अतिथि बतौर उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजकों को 11 हजार की राशि प्रदान की। पुरस्कार वितरित करते हुए विजेता कुरगल की टीम को आयोजकों की तरफ से रखा 41 हजार और ट्राफी और उप-विजेता टणाजी की टीम को 21 हजार और ट्राफी प्रदान की गई। अनिल रांटा को मैन ऑफ द सीरीज रहने पर 25 सौ रुपए की नकद राशि दी गई। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के आयोजकों शिवांग ठाकुर, आकाश वर्मा सिद्धांत वर्मा और उनकी आयोजक टीम की सराहना की और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### कन्या स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशाला सराहां में वार्षिक उत्सव-2025 का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि सेवानिवृत्त सेना अधिकारी बाबू राम चौहान ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ माध्यमिक और प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। कार्यक्रम में गणेश स्तुति नृत्य, केरल समूह नृत्य, भांगड़ा-गिद्धा, भारतीय सेना पर आधारित अभिनय, नेपाली नृत्य और इंटरनेट जागरूकता पर नाटक जैसी प्रस्तुतियां दर्शकों का आकर्षण रही। 200 से अधिक विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। राधिका शर्मा (10वीं) ने प्रदेश टॉप-10 में 9वां तथा तेजस्विनी भंडारी (12वीं) ने 96% अंकों के साथ 16वां स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत बच्चों को पौष्टिक आहार और फल प्रदान किए गए। आईटीईएस लैब, स्वास्थ्य प्रशिक्षण और शौचालय निर्माण जैसी सुविधाओं ने विद्यालय की प्रगति को नई दिशा दी। मुख्यातिथि ने अनुशासन, सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और हिमाचली नाटी के साथ हुआ।

### जाबली में चिट्टे के खिलाफ निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, कसौली।** प्रदेश में चल रहे एंटी चिट्टा अभियान के तहत जाबली में भी चिट्टे के खिलाफ एक जागरूकता मैराथन व रैली का आयोजन एंटी चिट्टा कमेटी अध्यक्षा मोनिका ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजडी-जाबली के छात्र -छात्राओं, नशा निवारण समिति एवं एंटी चिट्टा कमेटी, स्थानीय लोगों, समाजसेवियों, युवा मंडल व गायत्री परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। युवाओं को चिट्टे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश रैली का मुख्य उद्देश्य रहा। सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजडी -जाबली के बच्चों सहित अभियान से जुड़े लोगों ने स्कूल परिसर से जाबली बाजार तक रैली निकाली। बच्चों ने पोस्टरों, बैनरों व नशे के दुष्प्रभाव के नारों से लोगों को जागरूक किया। स्कूल प्रिंसिपल मोनिका ठाकुर ने बच्चों व युवाओं को नशे व चिट्टे से दूर रहने का संदेश दिया। इस मौके पर मोनिका ठाकुर, योगेश कुमार,मितिका शर्मा, पंचायत प्रधान कल्पना गर्ग, गणेश दत्त अत्रि, टेकचंद, राहुल अत्रि, भगत राम , ललित अत्रि सहित स्कूल के अध्यापकों सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टरों की हड़ताल, अस्पताल में मरीज परेशान

## सोलन में टेस्ट और एक्सरे के लिए भटकते रहे मरीज




सोलन अस्पताल में उपचार के लिए भटकते मरीज तथा (दाएं) बंद पड़ी ओपीडी।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश में डॉक्टरों की हड़ताल ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है। सोलन जिला अस्पताल में इसका सबसे बुरा असर दिखा, जहां जहां मरीज इलाज, एक्सरे और टेस्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते नजर आए।

रोजाना 1000 से 1200 मरीज उपचार के लिए पहुंचने वाले इस अस्पताल में ओपीडी पूरी तरह बंद रही, जिससे रोगी भटकते रहे। हड़ताल के चलते पुरे दिन अस्पताल के गलियारों में सन्नाटा पसर गया। एक्सरे जैसी सुविधाएं बंद होने से मरीजों को निजी लैबों का रुख करना पड़ा, जहां उन्हें भारी खर्च उठाना पड़ा। शिमला और सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्रों से आने वाले मरीज, जो इस अस्पताल पर निर्भर हैं, सबसे ज्यादा परेशान हुए।

एक मरीज ने बताया कि ड्राई स्पेशल के चलते ही हम अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन ओपीडी बंद होने से मजबूरन प्राइवेट डॉक्टर के पास गए, जहां इलाज महंगा साबित हुआ। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं सुचारु रूप से चली और अस्पताल में एडमिट मरीजों को ही सीमित उपचार मिल सका। कई ऑपरेशन लंबित हो गए। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई, जिससे वहां इलाज का खर्च कई गुना हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब मरीजों के लिए यह संकट गहरा गया है। जिला अस्पताल के अधीक्षक ने पुष्टि की कि हड़ताल के बावजूद इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं, लेकिन ओपीडी और जांच सेवाओं का ठप होना चिंताजनक है। आने वाले दिनों में अगर हड़ताल जारी रही तो हालात और बिगड़ सकते हैं। मरीजों में आक्रोश बढ़ रहा है और स्वास्थ्य विभाग पर दबाव बन रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो सकें।

### बर्खास्त डॉक्टर की बहाली की मांग

**आईजीएमसी** में चिकित्सक को बर्खास्त करने के खिलाफ प्रदेशभर के डॉक्टरों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों ने बर्खास्त किए गए डॉक्टर की बहाली की मांग की है। बता दें कि आईजीएमसी में डॉक्टर और रोगी के बीच हुई मारपीट के बाद सरकार ने डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया। इससे नाराज प्रदेश चिकित्सक संघ (एचएमओए) ने सामूहिक अवकाश पर जाने का ऐलान किया है। सभी चिकित्सक एकजुट होकर बर्खास्त किए रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. राघव के समर्थन में उतर आए हैं। इसके चलते सोलन अस्पताल सहित जिला भर में शनिवार को भी मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवाएं प्रभावित नहीं हुईं। इसको लेकर डॉक्टरों की तैनाती की गई थी।

**प्रदेश** चिकित्सक संघ के आह्वान पर अन्य अस्पतालों की तर्ज पर सोलन अस्पताल के डॉक्टर दूसरे दिन भी सामूहिक अवकाश पर रहे। इससे सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई लेकिन आपातकालीन ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से चल रही है।
**-डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन अस्पताल।**

# नाहन मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने जारी रखी सेवाएं, मरीजों को राहत

**एसपी जैरथ, नाहन**



नाहन अस्पाल के आपातकाल वार्ड में उपचाराधीन रोगी।

शिमला के आईजीएमसी में डॉक्टर और मरीज के बीच हुई मारपीट की घटना के विरोध में प्रदेशभर में चल रहे गतिरोध के बीच नाहन मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सुचारु बनी रहीं। जिला मुख्यालय स्थित इस प्रमुख अस्पताल में डॉक्टरों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ड्यूटी दी, जिससे मरीजों को बड़ी राहत मिली।

हालांकि, कुछ सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे, लेकिन इसका असर मेडिकल कॉलेज की ओपीडी और अन्य सेवाओं पर नहीं पड़ा। मेडिकल कॉलेज की लगभग सभी ओपीडी में डॉक्टर मौजूद रहे और मरीजों की जांच की गई। आपातकालीन सेवाएं भी सामान्य रूप से चलती रहीं और इमरजेंसी में डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की गई। मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता ढिल्लों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रबंधन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टरों द्वारा हड़ताल को लेकर उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, इसके बावजूद अस्पताल में कामकाज प्रभावित नहीं होने दिया गया।

दूसरी ओर, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने आईजीएमसी प्रकरण में सरकार द्वारा डॉक्टर के टर्मिनेशन के फैसले को सही ठहराया है। स्थानीय निवासी नरेंद्र तोमर का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में एक डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ मारपीट किया जाना सर्विस रूल्स के खिलाफ है और अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। गौरतलब है कि जहां जिला के पांवटा साहिब जैसे अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित रहीं, वहीं नाहन मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने मुस्तैदी दिखाते हुए अपनी सेवाएं जारी रखीं। हालांकि, दूर-दराज से आए कुछ मरीज हड़ताल की खबरों के कारण असमंजस में दिखे, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उन्हें ओपीडी में इलाज मिल सका।

# मोदी ने 601.92 करोड़ की आपदा राहत की जारी : रोहित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



केंद्र सरकार द्वारा आपदा राहत के लिए पीडीएनए के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 601.92 करोड़ की महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान किए जाने पर भाजपा ने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए यह सहायता केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और मजबूत नेतृत्व का प्रमाण है। जब प्रदेश आपदा के कठिन दौर से गुजर रहा है, ऐसे समय में मोदी सरकार का यह सहयोग प्रभावित परिवारों के लिए बड़ी राहत और संबल है। भारद्वाज ने कहा कि एक ओर केंद्र की मोदी सरकार बिना भेदभाव के हिमाचल प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी है।

वहीं, दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास को लेकर पूरी तरह विफल साबित हुई है। राज्य सरकार की निष्क्रियता के बीच केंद्र से मिली यह सहायता प्रदेशवासियों के लिए जीवन रेखा के समान है।

# केवीके शिमला को हिमाचल का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुरस्कार हासिल करते यूनिवर्सिटी के अधिकारी।

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी से संबद्ध कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), शिमला को वर्ष 2025 के लिए आईसीएआर-एटारी द्वारा हिमाचल प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केंद्र घोषित किया गया। यह सम्मान केवीके की वार्षिक जोनल कार्यशाला-2025 में शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू में प्रदान किया गया।

केवीके शिमला को फसल विविधीकरण, टिकाऊ सेब उत्पादन और क्षेत्र की कृषि-जलवायु के अनुरूप शिमला मिर्च व मटर आधारित उत्पादन मॉडल के सफल कार्यान्वयन के लिए सराहा गया। केंद्र ने प्राकृतिक और संसाधन-सक्षम खेती को बढ़ावा देने तथा किसान-केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयास किए हैं। केवीके शिमला ने स्टोन फ्रूट कॉन्क्लेव का आयोजन कर किसानों में जागरूकता बढ़ाई और 'प्राकृतिक खेती के अंतर्गत सेब की वर्षभर खेती' मार्गदर्शिका का विमोचन किया। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

# पांवटा साहिब में स्मैक समेत युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस को गश्त के दौरान मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक स्पेशल डिटेक्शन टीम, उपमंडल पांवटा साहिब पुलिस गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान विश्वकर्मा चौक के पास एक व्यक्ति के नशीले पदार्थ के साथ पैदल आने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर संदिग्ध को रोका। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान आरोपी गुरुदत्त उर्फ अंकू पुत्र दौलत राम, निवासी गांव बडयार, जिला सिरमौर के कब्जे से स्मैक/हेरोइन बरामद की गई। मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस थाना पांवटा साहिब में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# नाहन में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों ने निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, नाहन**



प्रदर्शन करते 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

लंबे समय से लंबित पड़ी मांगों को लेकर 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी 48 घंटे की हड़ताल पर है। कर्मचारियों का आरोप है कि न तो कंपनी प्रबंधन और न ही सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर है। वहीं, वर्कर्स यूनियन ने साफ कर दिया है कि यदि 48 घंटे के भीतर कोई सकारात्मक जवाब कंपनी प्रबंधन और सरकार की तरफ से नहीं मिलता है तो मजबूरन आंदोलन का रुख करना पड़ेगा। नाहन में आज 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारियों ने सीटू के बैनर तले रोष रैली निकाली।

मीडिया से बात करते हुए 102 और 108 वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू के प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त ने कहा कि कंपनी प्रबंधन की मनमानी लगातार जारी है जिससे सीधे तौर पर एंबुलेंस कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। जबकि लंबे समय से मांगे कंपनी प्रबंधन और सरकार के सामने उठाई जा रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय की आदेशों के बावजूद भी न्यूनतम वेतन कर्मचारियों को नहीं मिल पा रहा है वही छुट्टियों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आपातकालीन सेवा में लगी एंबुलेंस गाड़ियों की हालत भी ठीक नहीं है और यदि एंबुलेंस नहीं चल पाती है तो कर्मचारियों की सैलरी काटी जाती है।

### बोले- मांगों का नहीं हुआ समाधान, आगे बढ़ेगी हड़ताल

उन्होंने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर लिखित तौर पर प्रबंधन और सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता तो हड़ताल को आगे बढ़ाया जा सकता है। उधर सीटू सिरमौर के जिला महासचिव आशीष कुमार ने कहा कि जायज मांगों को लेकर 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी पिछले लंबे समय से संघर्ष होते मगर सरकार और प्रबंधन उनकी मांगों पर गौर नहीं कर रहा है जो बेहद हैरानीजनक है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने तक सीटू इन कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

# चक्की मोड़-भोजनगर सड़क की खस्ताहालत से ग्रामीण परेशान

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** कसौली विधानसभा क्षेत्र की चक्की मोड़-भोजनगर सड़क का केवल 50 मीटर का हिस्सा पिछले दो वर्षों से खराब पड़ा है, जिससे आसपास के पांच पंचायतों के सैकड़ों लोग और वाहन चालक रोजाना परेशान हैं। कच्ची मिट्टी और उड़ती धूल के कारण दोपहिया वाहन चलाना मुश्किल हो गया है, जबकि छोटी कारें और बड़े वाहन भी मुश्किल से मार्ग पार कर पा रहे हैं।

स्थानीय लोग और स्कूली बच्चे धूल और दुर्घटनाओं के जोखिम में हैं। चम्मों, बनासर, मेलों, भोजनगर और जाबली पंचायतों के लोग मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग मंत्री और क्षेत्रीय विधायक से सड़क की तुरंत मरम्मत के आदेश देने की मांग कर चुके हैं। मार्ग का तड़ोल गांव के पास लैंडस्लाइड के कारण मुख्य हिस्सा ढह गया है, जिससे छोटे वाहन वैकल्पिक रास्ते से गुजर रहे हैं। स्थानीय निवासी बार-बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी ठोस कार्रवाई की सूचना नहीं मिली। स्थानीय लोग अधिकारियों से अपील कर रहे हैं कि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू हो ताकि रोजमर्रा की परेशानी और दुर्घटनाओं से बचा जा सके और क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

# मनरेगा के नाम पर राजनीति कर रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार : ओम आर्य

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कसौली विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता और समाजसेवी ओम आर्य ने कहा कि कांग्रेस और सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार मनरेगा के नाम पर सिर्फ राजनीति कर रही है, जबकि केंद्र सरकार ने गरीब, ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के हित में विकसित भारत जी-राम जी योजना जैसी प्रभावी, पारदर्शी और भविष्य उन्मुख योजना दी है।

यह योजना केवल मजदूरी तक सीमित नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका, कौशल विकास और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम है, जिसमें समयबद्ध भुगतान, तकनीक आधारित निगरानी और भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित किया गया है, जो कांग्रेस शासन में कभी संभव नहीं हुआ।

आर्य ने कहा कि कांग्रेस भगवान राम के नाम से अपनी चिढ़ के कारण ही 'जी राम जी' योजना का विरोध कर रही है। उनके राधे-राधे के विरोध को भी पूरी दुनिया ने देखा है। उन्हें गरीबों का कल्याण नहीं, बल्कि राम नाम से एलर्जी है, जो रामराज और ग्रामोदय की सोच से डरता हो, वह विकास का विरोध ही करेगा। देश की जनता जान चुकी है कि यह विरोध नीति का नहीं, मानसिकता का है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार यह प्रदर्शन सियासी नौटंकी अपने आलाकमान को खुश करने का हथकंडा भर है।

मनरेगा को लेकर वह कितने गंभीर हैं इसका पता इसी बात से चलता है कि अगस्त के बाद से राज्य सरकार ने मनरेगा में काम कर चुके लोगों को राज्य के हिस्से का दिहाड़ी भुगतान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पर मनरेगा को लेकर आरोप लगाने वाले हिमाचल के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सभी नेता अगर एक बार आंकड़ों पर नजर डालते तो उन्हें मोदी सरकार में मनरेगा को मिल रही प्राथमिकता का पता चलता। जब 2006 में योजना शुरू हुई थी तो इसका कुल बजट मात्र 11300 करोड रुपए था। जिसे 10 साल में कांग्रेस ने 33000 करोड़ तक पहुंचा पाई। मोदी सरकार ने अपने पहले बजट 2015-16 में ही मनरेगा का बजट 41000 करोड़ किया। कोविड महामारी के समय वर्ष 2020-21 में मनरेगा का बजट बढ़ाकर 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए किया।

# सरकार शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए कर रही अथक प्रयास : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार सहित आठ विद्यालयों में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अब पाठ्यक्रम में डिजिटल उपकरण, कृत्रिम मेधा और कौशल विकास को शामिल किया जा रहा है।

संजय अवस्थी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए दुकानों और क्षेत्र में पुस्तकालय खोलने की योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय में नया बोरवेल और पुस्तकालय निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

### संजय अवस्थी ने बाल स्कूलों में पुरस्कार किए वितरित

इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर 'सरकार गांव के द्वार' के तहत लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निपटारे के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुनिहार के प्रधान राकेश ठाकुर, ग्राम पंचायत कोटी की प्रधान बलविंदर कौर, ग्राम पंचायत हाटकोट के उपप्रधान रोहित जोशी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कृष्ण चंद, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच, उपमंडलीय वन अधिकारी कुनिहार राज कुमार, पूर्व बीडीसी शकुंतला सहित विद्यालय के अध्यापक, अभिभावक व छात्र उपस्थित थे।

**रोष** — प्रदेश सरकार बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को तत्काल बेलआउट करे प्रदान

# बैंक के वित्तीय संकट को लेकर भाजपा का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बघाट बैंक की वित्तीय स्थिति को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

भाजपा सोलन शहरी मंडल ने बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सोलन से जुड़े वित्तीय और एनपीए के अत्यंत गंभीर मुद्दे पर प्रदेश सरकार रवैये के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने ने स्पष्ट किया है कि पार्टी किसी भी प्रकार के ब्लेम गेम में नहीं उलझते हुए समाधान और जमाकर्ताओं के हितों को सर्वोपरि मानती है।

भाजपा की प्रमुख मांग है कि प्रदेश सरकार बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को तत्काल बेलआउट प्रदान करें अथवा किसी सशक्त, सक्षम एवं विश्वसनीय बैंक के साथ इसका मर्जर सुनिश्चित करें, ताकि बैंक सुचारु रूप से संचालित हो सके और जमाकर्ताओं को यह पूर्ण विश्वास मिले कि बैंक में जमा किया गया उनका पैसा सुरक्षित है तथा समय पर उन्हें उपलब्ध होगा। मंडल की दूसरी महत्वपूर्ण मांग है कि इस पूरे प्रकरण में जो भी व्यक्ति, अधिकारी अथवा बैंक प्रबंधन दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता की पुनरावृत्ति न हो।

### बैंक को वित्तीय संकट में धकेलने के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार की इस गंभीर विषय पर लगातार बनी उदासीनता और स्थानीय विधायक और मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल जिनके विधानसभा क्षेत्र से 95 प्रतिशत से भी अधिक लोग सीधे तौर पर इस बैंक से जुड़े हुए हैं, की इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना अत्यंत चिंताजनक है। लगभग 80,000 जमाकर्ता और उनके परिवार इस संकट से मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित हैं, किंतु इसके बावजूद न तो सरकार और न ही स्थानीय मंत्री द्वारा अब तक कोई ठोस, संवेदनशील एवं जिम्मेदार पहल सामने आई है।

उन्होंने कहा इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय तथ्य यह है कि इस गंभीर जनहित के मुद्दे को विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल में स्थानीय मंत्री द्वारा उठाए जाने के बजाय भाजपा नयना देवी क्षेत्र के विधायक एवं वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा को उठाना पड़ा। अपेक्षा यह थी कि डॉ. शांडिल स्वयं अपने क्षेत्र के जमाकर्ताओं की चिंता, उनकी जमा पूंजी और भविष्य को विधानसभा के पटल पर मजबूती से रखते, किंतु सहकारिता मंत्री के उत्तर से पूर्व भी उन्होंने अपने क्षेत्र के जमाकर्ताओं की पीड़ा पर कोई प्रभावी चिंता व्यक्त नहीं की, जो जनभावनाओं के पूर्णतः विपरीत है।

भाजपा सोलन शहरी मंडल ने यह भी स्मरण कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जमाकर्ताओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रैडिट गारंटी कॉरपोरेशन के अंतर्गत जमा बीमा राशि को एक लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया, जो 4 फरवरी 2020 से लागू हुई। यह निर्णय पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक संकट के बाद लिया गया था।

# रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में जरूरतमंदों की मदद पर जोर




बैठक की अध्यक्षता करती डीसी प्रियंका वर्मा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरमौर की अध्यक्ष प्रियंका वर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी पीड़ित मानवता की सेवा में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे पैटर्न, वाइस पैटर्न या आजीवन सदस्य बनकर आर्थिक योगदान दें ताकि जरूरतमंद परिवारों और बीमार लोगों की मदद हो सके।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय विवरण, रेडक्रॉस मेले, भवन किराया और आय बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। बैठक में नई कार्यकारी समिति और प्रबंध समिति का गठन किया गया। कार्यकारी समिति में मनीष जैन, संजय गोयल, अशोक सिकंद और अल्का शामिल हैं, जबकि प्रबंध समिति में राजेंद्र कुमार, असलम खान, पंकज अग्रवाल, भरत भूषण मोहिल, नवनीत गुप्ता और डॉ. सबलोक को नामित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली-गुरुग्राम के छात्र क्लैट-2026 में टॉप रैंकिंग पर

**अनंत ज्ञान, करनाल।** क्लैट-2026 के नतीजों में दिल्ली और गुरुग्राम के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। लीगलएज के दिल्ली और गुरुग्राम सेंटर के छात्रों ने टॉप 10 में चार ऑल इंडिया रैंक हासिल कीं। दिल्ली से पार्व जैन (एआईआर 2) और अर्घ जैन (एआईआर 8), जबकि गुरुग्राम से गौरांश वत्स (एआईआर 7) और मानवी यादव (एआईआर 9) शामिल हैं। गौरतलब है कि गौरांश और मानवी ने हरियाणा के टॉपर की उपाधि भी हासिल की। पार्व और अर्घ जैन जुड़वां भाई हैं, जिन्होंने दिल्ली सेंटर में दो साल का स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम पूरा किया। छात्रों ने बताया कि नियमित मॉक, मेंटरिंग और शुरुआत से योजना बनाकर तैयारी ने सफलता दिलाई। लीगलएज डायरेक्टर विकास वही ने कहा कि स्टूडेंट-फर्स्ट अप्रोच और निरंतर मार्गदर्शन ने नतीजों में निर्णायक भूमिका निभाई। कुल मिलाकर एनसीआर क्षेत्र से टॉप 100 में 14 रैंक आईं, जो क्षेत्र की मजबूत तैयारी को दर्शाती हैं।

### फरीदाबाद : निवेश के नाम पर एक करोड़ की ठगी

**एजेंसी, फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर एक करोड़ रुपए की ठगी मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने शनिवार को खाताधारक को मथुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 21 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक मेसेज आया, मेसेज भेजने वाले ने स्वयं को एसबीआई सिक्योरिटी का कर्मचारी बताया। जिसके बाद उन्होंने व्हॉट्सएप पर एक लिंक भेजा। जिस पर क्लिक करने के बाद उसका एसबीआई सिक्योरिटी एडवांस ब्रोकर अकाउंट खोला गया। फिर उसे एसबीआई सिक्योरिटी ग्रुप में व्हॉट्सएप से जोड़ा गया। जिसके बाद शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए उसने अलग-अलग बैंक अकाउंट्स में कुल एक करोड़ आठ लाख दस हजार रुपए भेजे। जिसके बाद उसे कोई पैसा वापस नही मिला। जिस संबंध में थाना साइबर एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए टीम ने बलराम (27) निवासी जिला रामपुर उत्तर प्रदेश को मथुरा से गिरफ्तार किया है।

### शराब के नशे में की दोस्त की हत्या, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** फरीदाबाद के थाना सूरजकुंड क्षेत्र में शराब के नशे में दोस्त की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 25 दिसंबर को खोरी गांव निवासी सतीश की दुकान के पास विवाद के दौरान लकड़ी के फट्टे से सिर पर वार किए जाने से मौत हो गई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी राहुल शराब के नशे में घूम रहा था, जिस पर सतीश ने उसे टोका और उसकी मां को मौके पर बुला लिया। इससे गुस्साए राहुल ने सतीश पर हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल (20) को सूटिंग रेंज रोड से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों साथ काम करते थे और आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### हांसी के एसडीएम को मिला 'गुड गवर्नेंस अवॉर्ड'

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हिसार के हांसी उपमंडल के एसडीएम राजेश खोथ को अटल बिहारी वाजपेयी गुड गवर्नेंस अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी के प्रभावी प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। जिला उपायुक्त ने उन्हें ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम राजेश खोथ ने 25 जून से 25 सितंबर 2025 के बीच हांसी शहर और आसपास के करीब 40 गांवों में 11,500 से अधिक पौधे लगवाए। यह पौधारोपण 'म्हारी हरि-भरी हांसी' अभियान के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी रहा। सम्मान मिलने पर खोथ ने इसे टीमवर्क और जनता के सहयोग का परिणाम बताते हुए कहा कि प्रशासन और समाज मिलकर काम करें तो स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है।

# पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्राथमिकता : राव नरबीर सिंह

## पर्यावरण मंत्री ने मालिबू टाउन में अंडरग्राउंड वाटर टैंक के कार्य का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**



हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने शनिवार को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा मालिबू टाउन क्षेत्र में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास किए गए कार्यों में मालिबू टाउन में अंडरग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण, स्टारवुड एवं जीएस ब्लॉक, मालिबू टाउन वार्ड-11 में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का कार्य, तथा सेंट्रल पार्क (डब्ल्यूएडब्ल्यू-82) और स्टारवुड पार्क के विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर राव नरबीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में प्रस्तावित सभी विकास कार्यों को चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। सरकार इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नागरिकों द्वारा बताए गए सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने मालिबू टाउन को गुरुग्राम का सबसे हरियाली वाला सेक्टर बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से एक बेहतर, स्वच्छ और विकसित गुरुग्राम का निर्माण संभव है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बन सके।

उन्होंने बताया कि राज्य में 90 प्रतिशत सीवर लाइनों के चॉक होने का प्रमुख कारण पॉलिथीन है, जो प्रदूषण के साथ-साथ गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा करता है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब आमजन इसे जन आंदोलन के रूप में अपनाएंगे। इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम संजीव सिंगला, वार्ड नंबर-11 के पार्षद कुलदीप यादव, फेडरेशन आरडब्ल्यूए के चेयरमैन विजयनाथ, सेक्टर-47 के प्रेसिडेंट वीरेंद्र त्यागी, स्टारवुड मालिबू टाउन के प्रेसिडेंट डीवी मिश्रा, एमटीआरडब्ल्यू की वाइस प्रेसिडेंट मनीता जैन तथा सीनियर रेजिडेंट मधु उपस्थित रहीं। हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने सेक्टर-22 स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर मत्था टेका और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की।

## माउंट कार्मल स्कूल में विंटर कार्निवल सहर कौशल बनी मिस एमसीसी-2025



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

माउंट कार्मल स्कूल का बहुप्रतीक्षित विंटर कार्निवल, एमसीसी-2025, एक बड़ी सफलता रहा, जिसमें ट्राईसिटी भर से भारी भीड़ उमड़ी। माउंट कार्मल स्कूल्स के संस्थापक और निदेशक डॉ. अर्नेस्ट चार्ल्स जे. सैमुअल और डॉ. एनी चार्ल्स सैमुअल, और प्रिंसिपल डॉ. परवीना जॉन सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित, यह दो दिवसीय कार्यक्रम प्रतिभा,,रचनात्मकता और खुशी का एक यादगार जश्न साबित हुआ। माउंट कार्मल स्कूल, सेक्टर 46, चंडीगढ़ में आयोजित इस कार्निवल में दोनों दिन भारी संख्या में लोग आए।

छात्रों ने उत्साह के साथ स्टॉल्स को सजाने और व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी संभाली, जिससे परिसर एक जीवंत और रंगीन बाजार में बदल गया। खाने-पीने के कई तरह के स्टॉल्स, रोमांचक राइड्स और मजेदार गेम्स ने सभी उम्र के लोगों का मनोरंजन किया। स्टेज पर जोरदार नृत्य और संगीतात्मक प्रस्तुतियां लगातार चलती रहीं, जबकि ट्राईसिटी के अलग-अलग स्कूलों के छात्रों ने इंटर-स्कूल रॉक बैंड प्रतियोगिता, इंटर-स्कूल सोलो माइम प्रतियोगिता और पेरेंट्स के लिए टैलेंट शो जैसे इवेंट्स में अपना टैलेंट दिखाया।

कार्निवल के मुख्य आकर्षणों में से एक एम सी सी फैशन शो था, जिसमें क्लास दसवीं के छात्रों के लिए बहुत ज्यादा इंतजार वाला मिस्टर एंड मिस एम सी सी 2025 कॉम्पिटिशन हुआ। कक्षा दसवीं की सहर कौशल को मिस एमसीसी का ताज पहनाया गया, जबकि क्लास दसवीं- अ के जयराज सिंह लाठर ने मिस्टर एम सी सी 2025 का खिताब जीता, जिस पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं।

## यूनाइटेड सिख्स ने शहीद जसवंत सिंह खालड़ा की 30वीं बरसी पर ग्लोबल रिपोर्ट की पेश



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन यूनाइटेड सिख्स ने शहीद जसवंत सिंह खालड़ा की शहादत की 30वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित स्मृति समारोह में अपनी यूनाइटेड सिख्स 2025 ग्लोबल रिपोर्ट उनकी धर्मपत्नी बीबी परमजीत कौर खालड़ा को भेंट की। यह कार्यक्रम रविवार, 21 दिसंबर को कनाडा के सरे स्थित ग्रैंड एम्पायर बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया।

समारोह में शहीद खालड़ा के उस ऐतिहासिक योगदान को याद किया गया, जिसमें उन्होंने पंजाब में हुए हजारों फर्जी मुठभेड़ों और गुमशुदगियों का खुलासा कर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान आज भी विश्वभर में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बना हुआ है।

बीबी परमजीत कौर खालड़ा को ग्लोबल रिपोर्ट सौंपना उनके मिशन को आगे बढ़ाने का प्रतीक बताया गया। इस रिपोर्ट में यूनाइटेड सिख्स द्वारा दुनिया भर में किए जा रहे मानवीय राहत कार्यों, नागरिक अधिकार अभियानों, आपदा राहत, और युवा सशक्तिकरण पहलों का विवरण दिया गया है।

## जीएमबीसीए-जीएमसीएल करेगी देशभर के स्थानीय क्रिकेट कोचों को सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन (जीएमबीसीए) और गली मोहल्ला क्रिकेट लीग (जीएमसीएल) द्वारा जीएमसीएल मुख्यालय में आयोजित प्रेस एवं मीडिया मीट में राष्ट्रीय क्रिकेट कोच अवॉर्ड 2026-27 की घोषणा की गई।



इस अवसर पर जीएमसीएल के संस्थापक बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार जमीनी स्तर पर काम कर रहे उन स्थानीय क्रिकेट कोचों को समर्पित है, जो देश के भविष्य के क्रिकेट खिलाड़ियों को तराशने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल पूरे भारत में राज्यवार कोचों की पहचान बनाने और उनके वर्षों के परिश्रम व समर्पण को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी अपने कोच के प्रोफाइल को नामित कर सकते है या कोच स्वयं अपना संक्षिप्त प्रोफाइल वेबसाइट www.gmbca.org या www.gmcricketleague.com पर भेज सकते है। चयन के बाद कोचों को सम्मानित किया जाएगा तथा उनके प्रोफाइल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा किया जाएगा।

## पुरुषोत्तम दास रूंगटा ट्रस्ट ने लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



समाजसेवा और मानवीय करुणा के संकल्प को साकार करते हुए पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने नववर्ष के स्वागत से पूर्व फेज-1, औद्योगिक क्षेत्र, पंचकूला में अपना 195वां अन्न भंडारा श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया।

नववर्ष के आगमन से पूर्व ट्रस्ट ने यह संदेश दिया कि आने वाला वर्ष सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। अन्न भंडारे के माध्यम से न केवल सैकड़ों जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराया गया, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारे और आपसी सौहार्द का भी संदेश दिया गया।

ट्रस्ट के फाउंडर एवं प्रख्यात समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने इस अवसर पर कहा कि अन्न भंडारा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह सेवा, संवेदना और मानवीय मूल्यों को जीवंत रखने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का निरंतर प्रयास है कि समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचे और नव वर्ष के साथ इन सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य सदस्य भी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर नव वर्ष के शुभारंभ से पूर्व समाजसेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी तथा व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

## देश-विदेश

## राहुल बोले- मोदी 'वन मैन शो' चला रहे 2-3 अरबपतियों को मिल रहा फायदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मनरेगा** का नाम बदलकर वीबी जी राम जी करने का विरोध कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर करेगी। यह जानकारी शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी।

उन्होंने कहा कि मोदी को गांधी सरनेम से दिक्कत है, इसलिए मनरेगा का नाम बदला गया। राहुल ने कहा कि मनरेगा सिर्फ योजना नहीं थी। मनरेगा राइट बेस्ड कॉन्सेप्ट था यानी इससे देश के करोड़ों लोगों को मिनिमम वेज (न्यूनतम आय) मिलती थी। मनरेगा बंद करना डायरेक्ट राइट बेस्ड के कॉन्सेप्ट पर आक्रमण है। ये जो पैसा लिया जा रहा है, वो राज्यों से छीनकर केंद्र सरकार ले रहा है। ये पावर और फाइनेंस का कान्ट्रैक्शन है। ये फैसला सीधे पीएम हाउस से लिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने का फैसला कैबिनेट और राज्यों से बिना पूछे ही ये फैसला लिया गया है। मोदी वन मैन शो चल रहे है, मोदी जी जो करना चाहते हैं करते हैं। इसका पूरा फायदा 2-3 अरबतियों को मिल रहा है। इसका नुकसान ग्रामीण इलाकों को हो रहा है। बैठक में खड़गे ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों को कम करने की सुनियोजित साजिश है। घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदाय के वोटर्स के नाम वोटर लिस्ट न हटें। (अनंत ज्ञान)

## कोच्चि एयरपोर्ट पर 4 करोड़ का हाइब्रिड गांजा किया जब्त

**एजेंसी, कोच्चि।** कस्टम विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो लोगों के पास से 4.3 किलोग्राम हाइब्रिड गांजा जब्त किया, जिसकी कीमत चार करोड़ रुपए से ज्यादा है। दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोझिकोड के रहने वाले शनवास और अब्दुल नजर थाईलैंड के फुकेट से एक फ्लाइट से सुबह करीब 1.30 बजे कोच्चि एयरपोर्ट पहुंचे थे। एक टिप मिलने पर कस्टम्स अधिकारियों ने उन्हें रोका और उनके सामान में कई पैकेट में छिपाकर रखा गया नशीला पदार्थ बरामद किया। पूछताछ के बाद दोनों को हिरासत में ले लिया गया। (अनंत ज्ञान)

## प्रधानमंत्री का हारना भारत के हारने जैसा विदेश नीति पार्टी नहीं, देश की होती है: थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि विदेश नीति भाजपा या कांग्रेस की नहीं, भारत की होती है। अगर राजनीति में कोई प्रधानमंत्री की हार पर खुश होता है, तो वह भारत की हार की खुशी मना रहा होता है।

उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के शब्दों को याद करते हुए कहा, 'अगर भारत मर गया, तो कौन जिएगा?' थरूर ने कहा कि भारत को पाकिस्तान से आने वाले सुरक्षा खतरों को हल्के में नहीं लेना चाहिए। पाकिस्तान अपनी सैन्य रणनीति बदल रहा है। वह अब हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक और छिपकर हमला करने की नीति पर जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहले ड्रोन, रॉकेट और मिसाइल हमलों का सहारा ले चुका है और अब वह और ज्यादा खतरनाक तकनीकों की ओर बढ़ रहा है। पाकिस्तान की यह नई सैन्य नीति ऐसी नहीं है, जिसे भारत नजरअंदाज कर सके। पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति पर बात करते हुए थरूर ने उसे एक बेहद समस्याग्रस्त देश बताया। उन्होंने कहा कि वहां नाम मात्र की नागरिक सरकार है, असली ताकत सेना के हाथ में है। पाकिस्तान की जीडीपी ग्रोथ करीब 2.7 फीसदी है, जबकि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी या उससे अधिक है। पाकिस्तान की आर्थिक हालत बेहद नाजुक है। अंतरराष्ट्रीय मदद उसे कुछ समय के लिए सहारा देती है, लेकिन यही कमजोरी भविष्य में जोखिम भरे कदम उठाने के लिए उकसा सकती है। (अनंत ज्ञान)

## यूक्रेन-अमेरिका वार्ता से पहले रूस ने कीव पर किया मिसाइल और ड्रोन हमला

**एजेंसी, कीव**

यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता से एक दिन पहले रूस ने शनिवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसमें कम से कम आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन के जरिये शहर पर हमले से राजधानी में घंटों तक विस्फोट होते रहे। हमला शनिवार तड़के शुरू हुआ और दिन निकलने तक जारी रहा।

यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयास में आगे की बातचीत के लिए रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि वे दोनेत्स्क और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में सुरक्षा गारंटी और क्षेत्रीय मुद्दों सहित मुद्दों पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं। कीव के शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि हमले में घायल हुए व्यक्तियों में 16 साल का एक बच्चा भी शामिल है, जिसने कीव शहर के सात स्थानों को प्रभावित किया है। निप्रो जिले में 18 मंजिला एक आवासीय इमारत में आग लग गई और आग पर काबू पाने के लिए आपातकालीन दल घटनास्थल पर पहुंचा है। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रपति और पीएम ने गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर दी शुभकामनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर जयंती पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि 'श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने लोगों को सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पवित्र प्रकाश उत्सव पर, हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें सच्चाई, न्याय, धर्म के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं। (अनंत ज्ञान)

## इसराइल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी

**एजेंसी, तेल अवीव**

**इसराइल** ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजराइल दुनिया का पहला देश बन गया है।

इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इसराइल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकॉर्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इसराइल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजराइल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौतों में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। सोमालिया ने कहा कि यह कदम उसकी संप्रभुता पर हमला है और अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब', एक्यूआई 355

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राष्ट्रीय** राजधानी में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 355 दर्ज किया गया।

सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। आईएमडी ने दिन में कोहरे की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान जताया है और अधिकतम तापमान के लगभग 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

## कंबोडिया और थाईलैंड के बीच युद्धविराम समझौता

**एजेंसी, बैंकॉक**



**थाईलैंड** और कंबोडिया ने शनिवार को एक नए युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते का उद्देश्य सीमा पर क्षेत्रीय दावों को लेकर कई सप्ताह से चल रहे सशस्त्र संघर्ष को समाप्त करना है। यह समझौता स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से प्रभावी हो गया।

समझौते के अलावा लड़ाई रोकने के प्रावधान के साथ-साथ दोनों पक्षों द्वारा कोई आगे सैन्य गतिविधि नहीं करने और एक-दूसरे के हवाई क्षेत्र का सैन्य उद्देश्यों के लिए उल्लंघन नहीं करने पर सहमति बनी है। पिछले करीब 6 महीनों में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच यह चौथा युद्ध विराम समझौता है। ताजा जंग करीब 20 दिनों तक चली इस युद्ध विराम में कई शर्तें लागू होंगी। बता दें कि शनिवार तक की लड़ाई में केवल थाईलैंड ने कंबोडिया पर हवाई हमले किए थे। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार शनिवार सुबह भी कुछ स्थानों पर हमले किए गए। अब इस समझौते की एक प्रमुख शर्त यह है कि थाईलैंड युद्धविराम पूरी तरह 72 घंटे तक कायम रहने के बाद जुलाई में पहले संघर्ष के दौरान पकड़े गए 18 कंबोडियाई सैनिकों को वापस सौंपेगा। (अनंत ज्ञान)

## ब्राजील के सांता मारिया स्कूल में लगी भीषण आग

**एजेंसी, सांता मारिया**

ब्राजील के रियो ग्रांडे दो सुल राज्य के सांता मारिया शहर में स्थित सांता मारिया नामक 120 साल पुराने निजी स्कूल में भीषण आग लग गई। आग शाम करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच शुरू हुई, जो ऊपरी मंजिलों से शुरू होकर तेजी से फैल गई।

आग की लपटें और घना धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। दमकल विभाग की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, कुछ छोटे-मोटे हिस्से अभी भी सुलग रहे थे। क्रिसमस की छुट्टियों के कारण स्कूल पूरी तरह खाली था, इसलिए कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। आसपास की सड़कें बंद कर दी गईं और कुछ इमारतों को सावधानी के तौर पर खाली कराया गया। यह स्कूल शहर का एक ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित संस्थान है, जो प्रारंभिक शिक्षा से हाई स्कूल तक की पढ़ाई कराता है और स्थानीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। आग के कारण की जांच चल रही है। मेयर और कई राजनीतिक नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है और स्कूल को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। (अनंत ज्ञान)

## सीरिया में मस्जिद में बम विस्फोट आठ लोगों की मौत, 18 घायल

**एजेंसी, बेरुत**

**सीरिया** के होम्स शहर में स्थित एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान हुए बम विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' द्वारा जारी की गई तस्वीरों में मस्जिद के कालीनों पर खून, दीवारों में छेद, टूटी खिड़कियां और आग से हुई क्षति दिखाई दे रही है। इमाम अली इब्न अबी तालिब मस्जिद सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स के वादी अल-धाहब में स्थित है। समाचार एजेंसी ने एक सुरक्षा सूत्र का हवाला देते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मस्जिद के अंदर विस्फोटक उपकरण लगाए गए थे। सीरिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारी अपराधियों की तलाश कर रहे हैं और उनकी अब तक पहचान नहीं हो पाई है। सरया अंसार अल-सुन्ना नामक समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इससे पहले जून में इसी समूह ने एक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली थी जिसमें एक बंदूकधारी ने दमिश्क के बाहरी इलाके ड्वेला में एक 'ग्रीक ऑर्थोडॉक्स' गिरजाघर के अंदर गोलीबारी की थी और फिर विस्फोटक जैकेट में विस्फोट कर दिया था। इस हमले में रविवार को प्रार्थना कर रहे 25 लोगों की मौत हो गई थी। सीरिया की सरकार ने इस्लामिक स्टेट समूह के एक गुट पर गिरजाघर पर हमले का आरोप लगाया है और कहा है कि आईएस ने एक शिया मुस्लिम तीर्थस्थल को भी निशाना बनाने की साजिश रची थी। आईएस ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### महिला हॉकी इंडिया लीग में विदेशी सितारों के साथ होगी जबरदस्त टक्कर

**एजेंसी, रांची।** घरेलू दर्शकों के समर्थन का फायदा उठाने के इरादे से रांची रॉयल्स रविवार से यहां शुरू हो रही चार टीमों की महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मेजबान टीम दूसरे सत्र में दबदबा कायम करने की कोशिश करेगी, जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की नजरें खिताब पर टिकी होंगी। मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में होने वाला यह टूर्नामेंट डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। सभी टीमें एक-दूसरे से दो बार भिड़ेंगी और शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगी। रांची रॉयल्स ने नयी पहचान के साथ प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। टूर्नामेंट भारत की शीर्ष खिलाड़ियों को व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियां परखने का मौका देगा। पहले मुकाबले में रविवार रात रांची रॉयल्स का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। कप्तान निक्की प्रधान ने घरेलू मैदान पर आक्रामक शुरुआत का भरोसा जताया है। (अनंत ज्ञान)

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बॉक्सिंग डे पर न्यूकैसल को 1-0 से हराया

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बॉक्सिंग डे पर खेले गए साल के एकमात्र प्रीमियर लीग मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड को 1-0 से हराकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर छलांग लगा दी। निर्णायक गोल 24वें मिनट में आया, जब डियोगो डालोट के लंबे थ्रो का फायदा उठाते हुए पैट्रिक डॉर्गु ने 15 गज की दूरी से जोरदार वॉली लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में पहुंचाया। यूनाइटेड ने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना यह जीत दर्ज की, क्योंकि कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस चोटिल थे और ब्रायन एम्ब्यूमो व अमाद डियालो अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में व्यस्त थे। दूसरे हाफ में न्यूकैसल ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन यूनाइटेड की मजबूत रक्षापंक्ति ने गोल की इजाजत नहीं दी। इस जीत के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड ने 18 मैचों में 29 अंक हासिल किए और लीग में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

### मैच शुरू होने से पहले ढाका कैपिटल्स टीम के कोच का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत में उस वक्त मातम छा गया, जब मैच शुरू होने से ठीक पहले एक कोच की अचानक मौत की खबर सामने आई। बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) 2026 के एक मुकाबले से पहले ढाका कैपिटल्स टीम के असिस्टेंट कोच महबूब अली जाकी का निधन हो गया। यह हादसा इतना अचानक था कि खिलाड़ी, स्टाफ और फैंस सभी स्तब्ध रह गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, महबूब अली जाकी को दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी जान चली गई। यह दुखद घटना सिलहट में हुई, जहां बीपीएल 2026 का तीसरा लीग मुकाबला ढाका कैपिटल्स और राजशाही वॉरियर्स के बीच खेला जाना था। मैच शुरू होने से कुछ ही मिनट पहले महबूब अली जाकी मैदान पर टीम की तैयारियों की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक मैदान पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मेडिकल स्टाफ ने तुरंत सीपीआर दिया, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मोर्गन-तारा की खूबसूरत जोड़ी

**इंगलैंड।** पूर्व इंग्लिश कप्तान इयोन मोर्गन की पत्नी तारा रिजवे भी काफी खूबसूरत हैं। तारा ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली हैं। बताया जाता है कि दोनों कपल्स पहली बार एडिलेड में चल रहे एशेज सीरीज के दौरान आमने-सामने आए थे। तारा लंदन में फैशन इंडस्ट्री की एक नामचीन कंपनी की मार्केटिंग को-ऑर्डिनेटर हैं।



# इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया से जीता चौथा टेस्ट मैच

## 15 साल और 18 मैच के बाद पहली बार चखा जीत का स्वाद

**एजेंसी, मेलबर्न**

इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले गए चौथे एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच में चार विकेट से जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलिया में पिछले 18 मैच में जीत हासिल नहीं कर पाने का सिलसिला रोक दिया। इंग्लैंड सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच हार गया था, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने केवल 11 दिन में एशेज अपने पास बरकरार रखी थी। इंग्लैंड ने हालांकि, चौथे टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर जीतकर ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इससे पहले आखिरी बार 2010-11 की सीरीज में मैच जीता था। उसने तब यह सीरीज 3-1 से अपने नाम की थी। इसके बाद इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए लगभग 15 वर्षों में 18 टेस्ट मैचों में से 16 मैच हारे थे, जबकि बाकी दो मैच ड्रॉ रहे।



पहली पारी में 152 रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम अपनी दूसरी पारी में 132 रन पर आउट हो गई। इस तरह से उसने इंग्लैंड के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा। पहली पारी में 110 रन पर आउट होने वाले ने इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाकर अपने हजारों धैर्यवान लेकिन वफादार 'बार्मी आर्मी' प्रशंसकों को उन्मादपूर्ण जश्न में डुबो दिया। एमसीजी की पिच पर तेज गेंदबाजों की तूती बोली। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पहले दिन 20 और दूसरे दिन 16 विकेट गिरे। इंग्लैंड ने मैच के छठे सत्र में ही जीत हासिल की। इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की। पहले 10 ओवर में ही उसने बेन डकेट (34) और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजे गए ब्रायडन कार्स (6) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 70 रन बना लिए थे। स्कॉट बोलैंड ने जाक क्रॉली (37) और जैकब बेथेल (40) को आउट किया। इन दोनों ने हालांकि अहम योगदान दिया। क्रॉली ने डकेट के साथ पहले विकेट के लिए 51 और बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की महत्वपूर्ण साझेदारियां की।

जो रूट (15) और कप्तान बेन स्टोक्स (02) सस्ते में आउट हो गए, जिसके बाद जेमी स्मिथ (नाबाद 03) और हैरी ब्रूक (नाबाद 18) ने इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस तरह से इंग्लैंड ने चार जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क, झाय रिचर्डसन और बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के चार रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इनमें सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (46), कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 24) और कैमरन ग्रीन (19) शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में सस्ते में आउट करने में कार्स ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 34 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने 24 रन देकर तीन विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जोश टंग ने 44 रन देकर दो जबकि गश एटकिंसन ने 20 रन देकर एक विकेट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने नाइटवॉचमैन स्कॉट बोलैंड (6) का विकेट जल्दी खो दिया। इसके बाद जैक वेदरल्ड (5) और मार्नस लाबुशेन (8) भी आयाराम गयाराम ही साबित हुए।

हेड के आउट होने के बाद अगले दो ओवरों में उस्मान ख्वाजा (0) और एलेक्स कैरी (4) भी पवेलियन लौट गए जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 82 रन से छह विकेट पर 86 रन हो गया। लंच के बाद स्टोक्स ने ग्रीन का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिन्होंने दूसरी स्लिप पर कैच दिया। इसके बाद कार्स ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को समेटने में देर नहीं लगाई। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने शनिवार को कहा कि कम अवधि वाले मैच टेस्ट क्रिकेट के भविष्य के लिए अच्छे नहीं हैं और सीए भविष्य में पिच की तैयारी में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने पर विचार करेगा। (अनंत ज्ञान)

### एमसीजी पिच पर सवाल

## पीटरसन-कार्तिक का तंज, सीए भी चिंतित

**एजेंसी, मेलबर्न**




इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन और भारत के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) की गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर सवाल उठाए हैं। पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद दोनों ने तंज कसते हुए कहा कि जब भारत में स्पिनरों को मदद मिलती है तो पिचों की कड़ी आलोचना होती है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में ऐसा होने पर उतना आक्रोश नहीं दिखता।

एमसीजी में खेला गया चौथा टेस्ट दूसरे दिन ही समाप्त हो गया। मैच में कुल 36 विकेट गिरे, जिससे पिच की गुणवत्ता पर बहस तेज हो गई। पिच पर 10 मिमी घास छोड़े जाने से तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिली और बल्लेबाजी बेहद मुश्किल रही। इंग्लैंड ने यह मैच चार विकेट से जीता।

पीटरसन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत में पहले दिन विकेट गिरने पर आलोचना तय होती है, इसलिए ऑस्ट्रेलिया के साथ भी समान व्यवहार होना चाहिए। कार्तिक ने हैरानी जताई कि चार एशेज टेस्ट में से दो केवल दो दिन में खत्म हो गए। पूर्व कप्तान माइकल वॉन और आकाश चोपड़ा ने भी पिच को लेकर चिंता जताई। यहां तक कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने माना कि इतने कम समय में खत्म होने वाले टेस्ट मैच खेल के भविष्य के लिए ठीक नहीं हैं और पिच तैयारी पर पुनर्विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगे जैक ड्रेपर

**एजेंसी, लंदन**



चोटिल होने के कारण विंबलडन के बाद से केवल एक टेनिस मैच खेलने वाले जैक ड्रेपर अगले महीने होने वाले साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी वापसी नहीं कर पाएंगे। विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर काबिज ड्रेपर बाईं बांह की हड्डी में चोट लगने के कारण 2025 के सत्र में अधिकतर टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे।

ब्रिटेन के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, ''दुर्भाग्य से मैंने और मेरी टीम ने इस साल ऑस्ट्रेलिया न जाने का फैसला किया है। यह बहुत मुश्किल फैसला था क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन हमारे खेल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में से एक है।'' उन्होंने कहा, ''मैं चोट से उबरने के अंतिम चरण में हूं लेकिन मुझे इतनी जल्दी पांच सेटों के टेनिस मैच में खेलने के लिए कोर्ट पर वापसी करना इस समय समझदारी भरा फैसला नहीं लगता।'' ड्रेपर ने अगस्त में अमेरकी ओपन के दूसरे दौर के मैच से नाम वापस ले लिया था इसके बाद वह इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### एरिगैसी और गुकेश कार्लसन के साथ संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसी, दोहा।** क्लासिकल प्रारूप के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी और विश्व के नंबर एक मैग्नस कार्लसन के साथ गुरुवार को यहां फिडे विश्व रैपिड चैंपियनशिप के पहले दिन के पहले पांच दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। इस तिकड़ी ने मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और व्लादिस्लाव आर्टेमिएव के साथ 4.5 अंकों के साथ पहले दिन शीर्ष स्थान साझा किया।

कार्लसन शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने चारों बाजी आसानी से जीती लेकिन पांचवें और अंतिम दौर में एरिगैसी ने उन्हें ड्रॉ पर रोक दिया और दोनों ने 4.5 अंकों के साथ दिन का समापन किया। गुकेश ने पहले दौर में ड्रॉ से शुरुआत करते हुए शानदार वापसी की। इसके बाद उन्होंने चार जीत हासिल कर शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाई। विश्व रैपिड चैंपियनशिप के मौजूदा चैंपियन रूस के 18 वर्षीय वोलोडर मुर्जिन का पहला दिन काफी मुश्किल भरा रहा और वे सिर्फ दो अंक ही हासिल कर पाए। धीमी शुरुआत करने वाले खिलाड़ियों में आर प्रज्ञाननंदा भी शामिल थे। उन्होंने पहले दौर का मैच तो जीत लिया, लेकिन उसके बाद दो मैच ड्रॉ रहे। चौथे दौर में उन्हें काले मोहरों से खेलते हुए 150 से अधिक अंकों से कम रेटिंग वाले लेवान पैंटसुलाइया से हार का सामना करना पड़ा। महिला रैपिड चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने दो जीत और दो ड्रॉ के साथ तीन अंक हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड में सीरीज ड्रॉ कराने वाली सर्वश्रेष्ठ नहीं थी टीम इंडिया : कुक

**एजेंसी, मेलबर्न**



दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक ने कहा कि इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने वाली शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम मजबूत नहीं थी।

गिल की टेस्ट कप्तान के रूप में यह पहली सीरीज थी। उन्होंने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया तथा चार शतक की मदद से 754 रन बनाए। कुक ने कहा कि भारतीय टीम के बहुत मजबूत नहीं होने के कारण ही इंग्लैंड यह सीरीज बराबर कराने में सफल रहा था। कुक ने यहां इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच के दौरान कहा, ''इंग्लैंड का टीम प्रबंधन भारत के खिलाफ सीरीज के प्रदर्शन की बात कर रहा है। उसने भारत के खिलाफ सीरीज ड्रॉ कराई लेकिन यही भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से अपनी घरेलू धरती पर बुरी तरह हार गई। इसलिए इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम कोई सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीम नहीं थी।'' इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टेस्ट मैच हारने के बाद एशेज हासिल करने की दौड़ से बाहर हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### होल्डन-नसीम ने आईएलटी20 में वाइपर्स को दिलाई जीत

**एजेंसी, शारजाह।** तेज गेंदबाज नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी और मैक्स होल्डन के नाबाद अर्द्धशतक की मदद से डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स पर पांच विकेट से जीत हासिल कर उसे आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

इस मैच के परिणाम से यह सुनिश्चित हो गया कि अबू धाबी नाइट राइडर्स या गल्फ जायंट्स में से कोई एक टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी। डेजर्ट वाइपर्स, एमआई एमिरेट्स और दुबई कैपिटल्स की टीम पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। नसीम शाह ने 35 रन देखकर तीन विकेट लिए और वॉरियर्स को सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। वॉरियर्स की तरफ से जॉनसन चार्ल्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। मैक्स होल्डन की 46 गेंद पर नाबाद 66 रन की पारी की मदद से वाइपर्स ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 144 रन बनाकर जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

## 2025 में भारतीय मुक्केबाजी के लिए संघर्ष व स्वर्णिम पल

### महासंघ की कलह और अदालती लड़ाइयों के बीच जैस्मीन-मीनाक्षी बनीं विश्व चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अनंत ज्ञान FLASHBACK << 2025

भारतीय मुक्केबाजी के लिए वर्ष 2025 विरोधाभासों से भरा रहा। एक ओर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) आंतरिक कलह, सत्ता संघर्ष और अदालती लड़ाइयों में उलझा रहा, तो दूसरी ओर जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियन बनकर देश को गौरवान्वित किया।

पेरिस ओलंपिक 2024 में पदक विहीन रहने के बाद 2025 में भारतीय मुक्केबाजों को सीमित अंतरराष्ट्रीय अवसर मिले। बीएफआई के चुनाव बार-बार टलते रहे, जिससे भारतीय ओलंपिक संघ को तदर्थ समिति नियुक्त करनी पड़ी। हालांकि, बीएफआई ने इस कदम को अदालत में चुनौती दी और दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत भी मिली।

महासंघ के भीतर कथित वित्तीय अनियमितताओं और सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों ने हालात और बिगाड़ दिए। महासचिव और कोषाध्यक्ष के निलंबन, पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की अयोग्यता और चुनाव अधिकारी के इस्तीफे ने संकट को गहरा कर दिया। इस राजनीतिक खींचतान का सीधा असर खिलाड़ियों पर पड़ा। राष्ट्रीय चैंपियनशिप बार-बार स्थगित हुई और कई राज्य इकाइयों ने अपने मुक्केबाजों को प्रतियोगिताओं से दूर रखा। लवलीना बोरगोहेन जैसी ओलंपिक पदक विजेता को भी अपना नाम वापस लेना पड़ा।

इन सबके बावजूद जब भारतीय मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिला, तो उन्होंने जुझारूपन दिखाया। ब्राजील और कजाकिस्तान में हुए विश्व कप चरणों में भारत ने सम्मानजनक प्रदर्शन किया। साल का सबसे यादगार क्षण लिवरपूल में हुई विश्व चैंपियनशिप रहा, जहां जैस्मीन (57 किग्रा) और मीनाक्षी (48 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पूजा रानी और नूपुर श्योराण ने भी पदक जीतकर महिला मुक्केबाजी की गहराई को साबित किया।

हालांकि, पुरुष मुक्केबाज 12 वर्षों में पहली बार विश्व चैंपियनशिप से बिना पदक लौटे। सत्र के अंत में भारत ने विश्व कप फाइनल्स की मेजबानी करते हुए नौ स्वर्ण सहित 20 पदक जीते, हालांकि इसमें कई शीर्ष वैश्विक मुक्केबाज शामिल नहीं थे। कुल-मिलाकर, 2025 भारतीय मुक्केबाजी के लिए संकट, संघर्ष और सफलता तीनों का साल रहा। (अनंत ज्ञान)

### एसए20 क्रिकेट : डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केपटाउन को हराया

**एजेंसी, केपटाउन।** रयान रिकेलटन के शतक के बावजूद एमआई केपटाउन को एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र के पहले मैच में डरबन सुपर जायंट्स से 15 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में खूब रन वर्षा देखने को मिली तथा कुल मिलाकर 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल हैं।

रिकेलटन के 65 गेंदों पर पांच चौकों और 11 छक्कों की मदद से 113 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम 233 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। एमआई केपटाउन की तरफ से रिकेलटन के अलावा जैसन स्मिथ ने 41 रन का योगदान दिया। सुपर जायंट्स ने इससे पहले पांच विकेट पर 232 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया था।

उसकी तरफ से न्यूजीलैंड की सलामी जोड़ी डेवोन कॉनवे (33 गेंदों में 64 रन, सात चौके, दो छक्के) और केन विलियमसन (25 गेंद पर 40 रन) ने पावरप्ले में दबदबा बनाते हुए सिर्फ 8.3 ओवर में 96 रन जोड़े। इसके बाद जोस बटलर (12 गेंदों में 20 रन) और हेनरिक क्लासेन (14 गेंदों में 22 रन) ने लय को बरकरार रखा। उनके अलावा एडेन मार्क्रम ने 17 गेंदों में 35 और इवान जोन्स ने 14 गेंदों में नाबाद 33 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

## मीराबाई चानू ने जूनियर के साथ भारतीय भारोत्तोलन को बढ़ाया आगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वर्ष 2025 में भारतीय भारोत्तोलन एक बार फिर मीराबाई चानू की उपलब्धियों के इर्द-गिर्द सिमटा रहा। विश्व चैंपियनशिप में उनका रजत पदक सीनियर स्तर पर भारत की सबसे बड़ी सफलता रहा, जबकि डोपिंग के बढ़ते मामलों और अन्य अनुभवी खिलाड़ियों के फीके प्रदर्शन ने खेल की मुश्किलें उजागर कर दीं। एक साल से अधिक समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने जोरदार वापसी की। उन्होंने स्वदेश में आयोजित राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और इसके बाद 48 किलोग्राम वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। नॉर्वे के फोर्डे में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने 199 किलोग्राम का कुल भार उठाया।

हालांकि, मीराबाई के अलावा अन्य सीनियर भारतीय भारोत्तोलक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में पदक जरूर मिले, लेकिन कमजोर प्रतिस्पर्धा के कारण ये प्रदर्शन विश्व स्तरीय मानकों के करीब नहीं माने गए। एशियाई चैंपियनशिप में भी भारत सीमित सफलता ही हासिल कर सका। भारतीय भारोत्तोलन पर डोपिंग का साया भी गहराता गया। वाडा के 2024 के आंकड़ों के अनुसार लगातार तीसरे साल भारत डोपिंग उल्लंघनों में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश रहा, जिसमें भारोत्तोलन दूसरे स्थान पर रहा। निराशा के इस माहौल में जूनियर और युवा भारोत्तोलकों ने उम्मीद जगाई। कोयल बार ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में दो युवा विश्व रिकॉर्ड बनाए, जबकि प्रीतीस्मिता भोई ने युवा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतते हुए क्लीन एंड जर्क में युवा विश्व रिकॉर्ड कायम किया। कुल-मिलाकर, 2025 भारतीय भारोत्तोलन के लिए मीराबाई की चमक, जूनियर्स की उम्मीद और डोपिंग की गंभीर चुनौती का साल रहा। (अनंत ज्ञान)

### चौथा टी20 | तीन मैच हार चुकी श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम पर जीत का खाता खोलने का दबाव

## अजेय भारत के सामने श्रीलंका की अग्निपरीक्षा आज

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**



पहले तीन मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुकी भारतीय महिला टीम रविवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से आगे है। भारतीय टीम का वर्चस्व इस बात से साफ झलकता है कि उसने अब तक तीनों मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए 14.4 ओवर से अधिक बल्लेबाजी नहीं की, तीन से ज्यादा विकेट नहीं गंवाए और 129 रन से बड़े लक्ष्य का सामना नहीं किया।

इस शानदार प्रदर्शन में भारतीय गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है। दीप्ति शर्मा ने दो मैचों में चार विकेट लिए हैं, जबकि रेणुका सिंह ठाकुर ने ग्रीनफील्ड स्टेडियम में खेले गए तीसरे मैच में चार विकेट चटकाए।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला भी भारत के पक्ष में गया, जिससे गेंदबाजों को ओस रहित परिस्थितियों का फायदा मिला। भारतीय गेंदबाजों ने अब तक किसी भी श्रीलंकाई बल्लेबाज को 40 रन तक नहीं पहुंचने दिया है। टीम प्रबंधन 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजन भी आजमा रहा है। बल्लेबाजी में शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्द्धशतक जड़कर शानदार फॉर्म दिखाई है।

हालांकि, स्मृति मंधाना अब तक लय में नहीं दिखी हैं और वह बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत युवा गुनालन कमलिनी या अनुभवी हरलीन देओल को मौका देता है या नहीं। वहीं, चमारी अटापट्टू की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम अब तक संघर्ष करती नजर आई है। अटापट्टू के अलावा हसिनी परेरा, कविशा दिलहारी और हर्षिता समरविक्रमा जैसी बल्लेबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही हैं। भारत को चुनौती देने के लिए श्रीलंकाई बल्लेबाजों को सामूहिक प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंकाः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।